Page 10
महिलाओं को रक्षा बंधन से हर महीने मिलेंगे 2500...



# हरियाणा मेल

सही खबर- भेदी नजर



haryanamail.in @haryanamail
बुधवार, 29 जुलाई, 2026
गुरुग्राम , वर्ष -14, अंक - 54, पृष्ठ-12, मूल्य : 3.00 रूपए
RNI NO. : HARHIN/2012/47672

यूपीसीए स्पीड हंट से उत्तर प्रदेश... 11 Page

### सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर लगाई रोक

## छात्रों पर कार्रवाई नहीं, नाबालिगों को तुरंत रिहा करें

- **प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता, निष्पक्ष जांच के संकेत**
- **दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, केरल, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को नोटिस**

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देशभर में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी राज्यों को आदेश दिया है कि प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों को तुरंत रिहा किया जाए। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है, उन्हें इस राहत का लाभ नहीं मिलेगा। कोर्ट ने दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, केरल, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।



सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को सख्त निर्देश दिए हैं कि प्रदर्शन से संबंधित सभी साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए। इसमें सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन रिकॉर्डिंग, बॉडी कैमरा फुटेज, वायरलेस संचार रिकॉर्ड और पीसीआर कॉल शामिल हैं। अदालत ने यह भी कहा कि प्रदर्शनकारियों के डिजिटल डेटा को सुरक्षित रखा जाए और किसी भी स्थिति में उसे सार्वजनिक न किया जाए। साथ ही प्रदर्शनकारियों की निजी जानकारी को प्रकाशित करने पर भी रोक लगाई गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने नीट पेपर लीक के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान पुलिस द्वारा बल प्रयोग पर गंभीर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज, पेलेट गन, आंसू गैस, रबर बुलेट और इलेक्ट्रिक बैटन जैसे उपायों का इस्तेमाल किया गया, जो चिंताजनक है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी कहा कि सरकार स्वतंत्र जांच का विरोध नहीं कर रही है, लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि प्रदर्शन के दौरान कुछ असामाजिक तत्व शामिल थे, जिनकी वजह से करीब 200 पुलिसकर्मी घायल हुए। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि किसी भी जांच समिति के गठन से पहले वह अपना जवाब दाखिल करे। इससे पहले की सुनवाई में भी सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि हर नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का संवैधानिक अधिकार है। अदालत ने कहा कि केवल आंदोलन होने के आधार पर पुलिस द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग उचित नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि कहीं पुलिस द्वारा ज्यादती हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और पूरे देश के लिए एक समान दिशा-निर्देश तैयार किए जाने चाहिए। मामले की पृष्ठभूमि में नीट पेपर लीक को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन हैं। जंतर-मंतर पर 20 जून से प्रदर्शन जारी था, जिसमें सोनम वांगचुक ने 28 जून से आमरण अनशन शुरू किया था। करीब 20 दिनों बाद उन्हें स्वास्थ्य बिगड़ने पर सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों ने संसद मार्च किया, जिसके दौरान दिल्ली के कई इलाकों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। आरोप लगाया कि पुलिस ने कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया और बल प्रयोग किया, जिसके चलते विभिन्न थानों में मामले दर्ज किए गए हैं।

## केवल समिति बनाने से नहीं आएगा शिक्षा क्षेत्र में बदलाव: प्रियंका गांधी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा क्षेत्र में बदलाव के लिए केवल नई-नई कमेटियां बनाने से काम नहीं चलेगा। राधाकृष्ण कमेटी भी व्यवस्था में सुधार लाने के लिए बनी थी लेकिन आज तक उसकी एक सिफारिश लागू नहीं हुई है।

प्रियंका ने कहा कि सरकार को ठोस प्रयास करने चाहिए। संसद में विपक्ष को दोषी ठहराने और राजनीति से काम नहीं चलेगा। जेन जी का भरोसा वापस जीतने के लिए सोच की दिशा बदलनी होगी। उन्होंने कहा, देश के नौजवान न्याय मांग रहे हैं, भीख नहीं। वे यहां सरकार गिराने नहीं अपना भरोसा बचाने के लिए आए थे।



प्रियंका ने कहा कि सरकार को शिक्षा विशेषज्ञों को एक साथ लाना चाहिए। छात्रों, अध्यापकों, सभी स्टेक होल्डर्स को साथ लेकर अन्य विचारधाराओं के विशेषज्ञों के साथ गहरी चर्चाएं करवाकर एक नई शिक्षा प्रणाली तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा, मौजूदा नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में 8 महीने तो एग्जाम चलते हैं। अध्यापकों को पढ़ाने का समय नहीं मिलता।

**प्रियंका की टिप्पणी पर लोकसभा में हंगामा**

लोकसभा में आज प्रियंका गांधी की शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी को लेकर की गई टिप्पणी पर हंगामा हुआ। जोशी के संबंध में की गई उनकी टिप्पणी को सत्ता पक्ष के सदस्यों ने पहले प्रमाणित करने के लिए कहा जिसके जवाब में प्रियंका गांधी ने कहा कि इस बात के संबंध में वे अखबार की कटिंग उपलब्ध करायेंगी।

लोकसभा में पेपर लीक से जुड़े कानून पर चर्चा के दौरान प्रियंका गांधी ने शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी पर आरोपात्मक टिप्पणी की। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने उन्हें इसे लेकर टोका और कहा कि नियम 353 के तहत सदन में लगाए जाने वाले किसी भी आरोप के संबंध में सदस्य को अग्रिम सूचना मिलनी चाहिए।

## प्रकृति संरक्षण में ही मानवता का कल्याण निहित: प्रधानमंत्री

- **भारतीय परंपरा सिखाती है प्रकृति संग सामंजस्य का संदेश: प्रधानमंत्री मोदी**

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रकृति के संरक्षण और उसके सम्मान को मानवता के कल्याण का आधार बताते हुए मंगलवार को एक्स पर सुभाषितम् साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा मनुष्य को प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीने की प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री ने लिखा, "प्रकृति के संरक्षण और सम्मान में ही मानवता का कल्याण निहित है। हमारी परंपरा भी हमें इसी धर्मसम्मत आचरण की प्रेरणा देती है।"

वह सुभाषितम् है, "लोकपालाश्च ते सर्वे वासवप्रमुखास्तथा। ऋतवः षट् च ते सर्वे मासाः संवत्सराः क्षपाः॥ दिनानि च मुहूर्ताश्च स्वस्ति कुर्वन्तु ते सदा। श्रुतिः स्मृतिश्च धर्मश्च पातु त्वां पुत्र सर्वतः॥" इसका अर्थ है कि प्रकृति, समय और धर्म के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीना ही सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग है। इसमें कामना की गई है कि दिशाओं के रक्षक देवता, इंद्र सहित सभी देवगण, वर्ष की छहों ऋतुएं, सभी महीने, दिन, रात्रियां और प्रत्येक शुभ मुहूर्त व्यक्ति के जीवन में मंगल और कल्याण लाएं। साथ ही वेद, स्मृतियां और धर्म हर परिस्थिति में उसकी रक्षा करें।

## अलर्ट: अगले 6 दिन भारी बारिश की संभावना

- **पूर्वोत्तर और पश्चिमी इलाकों में तेज बारिश की चेतावनी जारी**

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर और पश्चिमी क्षेत्रों में अगले 5-6 दिनों तक भारी बारिश से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कई राज्यों में मूसलाधार वर्षा, तेज हवाओं और संभावित बाढ़ को लेकर चेतावनी जारी की है। प्रभावित क्षेत्रों में बचाव टीमें तैनात कर दी गई हैं और प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को सुबह से दोपहर तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। रात के समय भी बारिश जारी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बने गहरे दबाव के प्रभाव से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात समेत कई राज्यों में भारी बारिश हो सकती है।

अगले कुछ दिनों में उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वोत्तर और दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा का अनुमान है। इससे कुछ इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है। पिछले 24 घंटों में ओडिशा, उत्तराखंड, झारखंड, हिमाचल, पंजाब सहित कई राज्यों में भारी बारिश दर्ज की गई।

### हरियाणा में नई संपत्ति कर नीति को मंजूरी

## महिलाओं, सैनिकों और लाल डोरा क्षेत्र को मिलेगी विशेष छूट

- **पूंजीगत आधार पर तय होगा टैक्स**
- **कई वर्गों को छूट, सामाजिक राहत पर जोर**


हरियाणा मेल, एजेंसी



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने शहरी क्षेत्रों में संपत्ति कर व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और एकरूप बनाने के लिए नई नीति को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। नई नीति लागू होने के बाद 2013 की पुरानी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी और सभी नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं में एक समान, सूत्र-आधारित प्रणाली लागू होगी।

नई व्यवस्था के तहत संपत्ति कर का निर्धारण पूंजीगत मूल्य के आधार पर किया जाएगा, जिसमें प्लॉट या कारपेट क्षेत्र, कलेक्टर दर और फ्लोर फैक्टर शामिल होंगे। इससे कर निर्धारण अधिक पारदर्शी होगा और लोग पहले से अपनी कर देनदारी का अनुमान लगा सकेंगे। शहरों को ए-1, ए-2, बी और सी श्रेणियों में विभाजित कर अलग-अलग कर दरें तय की गई हैं।सरकार ने विभिन्न वर्गों को राहत भी दी है। धार्मिक स्थलों, सरकारी संस्थानों, अनाथालयों, गौशालाओं और कुछ सामाजिक वर्गों को 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं महिलाओं, दिव्यांगों और समय पर कर जमा करने वालों को अतिरिक्त रियायतें मिलेंगी।

इस नीति का उद्देश्य कर प्रणाली को आसान बनाना, सामाजिक हितों की रक्षा करना और शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है।



# जनसांख्यिकीय लाभांश कहीं आपदा न बन जाए: अखिलेश



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में पेपर लीक से जुड़ी समस्या पर कानून को कठोर बनाए जाने से जुड़े विधेयक पर हुई चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरकार को देश के युवाओं की बात सुननी चाहिए। सरकार स्वयं नौजवानों को जनसांख्यिकीय लाभांश बताती है, कहीं ऐसा न हो कि युवा वर्ग आपदा बन जाए।

लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में परीक्षा पत्र लीक होने, राममंदिर चढ़ावा चोरी और प्रदेश में प्राइमरी स्कूलों के बंद होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 20 से अधिक पेपर लीक हुए हैं।

कानून के विषय में अखिलेश ने कहा कि सरकार खुद के बनाये कानून में संशोधन लेकर आई है। यह लोगों की आंख में धूल झोंकने जैसा है। कानून से पेपर लीक रुके होते तो रुके क्यों नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने परीक्षा आयोजित करने वाली एनटीए को आउटसोर्स कर दिया है।

चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने सपा नेता अखिलेश यादव से पूछा कि छात्र आंदोलन पर कानून बनाने वाले अच्छे हैं या छात्रों के आंदोलन पर इमरजेंसी लगाने वाले।

इस पर अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया और कहा कि इमरजेंसी के बाद सत्ता परिवर्तन हुआ था।

### भारत की पहली सीधी वाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी नेपाल पहुंची

# सीमा पार व्यापार को मिलेगा नया आयाम

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने भारत-नेपाल के बीच माल ढुलाई संपर्क को नई मजबूती देते हुए कोलकाता पोर्ट से नेपाल के विराटनगर कस्टम्स यार्ड तक पहली बार सीधी वाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी का सफल संचालन किया। चालीस वैगनों वाली यह मालगाड़ी कैनोला की खेप लेकर संशोधित भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल के तहत अपने गंतव्य तक पहुंची, जिससे दोनों देशों के बीच रेल आधारित सीमा पार माल परिवहन के एक नए अध्याय की शुरूआत हुई है।

रेल मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस सेवा के शुरू होने से अब कंटेनरीकृत माल को कोलकाता बंदरगाह से भारत-नेपाल सीमा पर ट्रांसशिपमेंट किए बिना सीधे विराटनगर तक रेल मार्ग से पहुंचाया जा सकेगा। इससे माल ढुलाई में लगने वाला समय कम होगा, लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी, माल की बार-बार हैंडलिंग की आवश्यकता समाप्त होगी तथा भारत और नेपाल के बीच व्यापार अधिक तेज, विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी बनेगा।

मंत्रालय के अनुसार यह उपलब्धि संशोधित भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव हुई है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच माल की निर्बाध एंड-टू-एंड रेल ढुलाई का प्रावधान किया गया है।

इस पहल की आधारशिला जून 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा जोगबानी (भारत)-विराटनगर (नेपाल) ब्रॉडगेज रेल संपर्क के उद्घाटन के साथ रखी गई थी।

इसके बाद नवंबर 2025 में संशोधित लेटर ऑफ एक्सचेंज (एलओई) पर हस्ताक्षर होने के पश्चात विराटनगर तक सीधी वाणिज्यिक रेल माल सेवा का मार्ग प्रशस्त हुआ।

रेल मंत्रालय के मुताबिक नई सेवा से आयात-निर्यात कार्गो की आवाजाही को गति मिलेगी और निर्यातकों, आयातकों, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं तथा सीमा पार व्यापार से जुड़े उद्योगों को कम लागत, कम समय और अधिक पर्यावरण-अनुकूल परिवहन का लाभ मिलेगा। साथ ही, आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता बढ़ेगी और माल परिवहन की विश्वसनीयता में सुधार होगा।

मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय रेल संपर्क के विस्तार, माल ढुलाई अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा आधुनिक परिवहन प्रणाली के माध्यम से कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने की भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। रेल आधारित माल परिवहन बढ़ने से लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी, हरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक साझेदारी को नई मजबूती मिलेगी।

# राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पदक जीतने भारतीय खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी**

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** मंगलवार को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पदक जीतने भारतीय खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर लिखा, ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं के शॉट पुट एफ57 इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने पर **शर्मिला धनखड़**, पुरुषों की हाई जंप स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतने पर **सर्वेश अनिल कुशारे**, पुरुषों के 79 किग्रा वेटलिफ्टिंग इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर **वल्लुरी अजय बाबू** और महिलाओं के शॉट पुट एफ57 इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर **शिल्पा के. शायला** को बहुत-बहुत बधाई। शर्मिला ने पैरा एथलेटिक्स में भारत की पहली कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट बनकर आपने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। आपकी यह कामयाबी युवा एथलीटों को अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। मैं कामना करती हूँ कि आने वाले समय में आप और भी कई उपलब्धियाँ हासिल करें।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं के 58 किग्रा वेटलिफ्टिंग इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बिंद्यारानी देवी सोरोखाइबम को बहुत-बहुत बधाई। लगातार दो कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतना आपके असाधारण समर्पण और दृढ़ता को दर्शाता है। ऐसे ही प्रेरित करती रहें। देश का मान बढ़ाती रहें!

मोदी ने कहा कि वेट लिफ्टिंग में भारत के लिए **एक और मेडल!** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के 58 किग्रा इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बिंद्यारानी देवी सोरोखाइबम पर गर्व है। उनकी यह कामयाबी उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का नतीजा है।

केंद्रीय युवा मामलों एवम खेलमंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा ग्लासगो में ऐतिहासिक गोल्ड! शर्मिला ने महिलाओं के शॉट पुट एफ57 इवेंट में गोल्ड जीता और कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में इतिहास रचा। वह पैरा एथलेटिक्स में कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की पहली एथलीट बन गई हैं। आपके अटूट जज्बे ने ग्लोबल मंच पर पूरे देश का मान बढ़ाया है।

## खबरें फटाफट

### राज्यसभा में एमएसएमई संशोधन विधेयक 2026 पेश, विपक्ष के हंगामे के बीच सदन बुधवार तक स्थगित

**नई दिल्ली।** विपक्ष के लगातार हंगामे के बीच मंगलवार को राज्यसभा में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया गया। इसके बाद सदन में शोर-शराबा जारी रहने पर उपसभापति हरिवंश ने कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर बाद भोजनावकाश के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, उपसभापति हरिवंश ने सरकारी विधायी कार्य शुरू करते हुए केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 प्रस्तुत करने की अनुमति दी। विधेयक पेश करते हुए मांझी ने कहा कि वर्ष 2006 में बने एमएसएमई विकास अधिनियम में समय के साथ संशोधन की आवश्यकता महसूस की गई है। संशोधन का उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के प्रावधानों को और प्रभावी बनाना, नियमों के उल्लंघन पर दंड को अधिक कठोर करना तथा जुमार्ने के प्रावधानों को सशक्त बनाना है। संशोधन के माध्यम से व्यापार से संबंधित कुछ प्रक्रियाओं को अनिवार्य बनाया जा रहा है, जिससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अपने बकाया का भुगतान प्राप्त करने में सुविधा होगी और कारोबारी लेन-देन में अधिक पारदर्शिता आएगी। इस दौरान विपक्षी सदस्य राष्ट्रीय राजधानी में नीट पेपर लीक मामले के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए लगातार नारेबाजी करते रहे। शोर-शराबा नहीं थमने पर राज्यसभा की कार्यवाही 29 जुलाई को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### संशोधन विधेयक शिक्षा व्यवस्था की विफलता छिपाने का प्रयास : गौरव

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई से जुड़े विधेयक पर विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरूआत कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने की। सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था में वास्तविक सुधार करने के बजाय केवल कानूनों में संशोधन कर रही है। ऐसे में विपक्ष छात्रों की मांगों और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था के पक्ष में खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को नए कानून लाने के बजाय परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों को दूर करना चाहिए। गोगोई ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनके अनुसार परीक्षा संस्थानों में जवाबदेही सुनिश्चित किए बिना सुधार संभव नहीं है। सरकार को केवल दंड बढ़ाने के बजाय ईमानदार छात्रों का भविष्य प्रभावित करने वाली परिस्थितियों को समाप्त करना चाहिए। पेपर माफिया, परीक्षा केंद्रों, प्रिंटिंग प्रेस, कोचिंग संस्थानों, आउटसोर्सिंग व्यवस्था और परीक्षा संचालन से जुड़ी खामियों पर व्यापक सुधार आवश्यक है। पूर्व में गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों का अपेक्षित परिणाम भी सामने नहीं आया और दोबारा पेपर लीक की घटनायें हुई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भी सरकार ने इसी प्रकार का कानून लाकर दावा किया था कि इससे पेपर लीक पूरी तरह रुक जाएंगे लेकिन दो वर्ष के भीतर फिर बड़े स्तर पर परीक्षा घोटाले सामने आ गए। उनके अनुसार शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य युवाओं को अवसर देना होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने अनावश्यक बल प्रयोग किया। गोगोई ने मांग की कि पूरे मामले में सरकार विशेषकर गृह मंत्रालय सदन में स्पष्ट जवाब दे कि प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के आदेश किस स्तर से दिए गए।

### प्रधानमंत्री से मिले असम के सांसद, बाढ़ की स्थिति से कराया अवगत

**नई दिल्ली।** असम के सांसदों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री से दिल्ली में मुलाकात की और राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, आज असम के सांसदों से मुलाकात की और राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। केंद्र सरकार, प्रभावित लोगों की मदद के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। मैं सभी की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से लगातार जारी मूसलाधार बारिश से पूर्वोत्तर क्षेत्र में तबाही मची हुई है। यहां बाढ़ आने से कई परिवार बेघर हो गए हैं। उनका जन-जीवन काफी प्रभावित हुआ है। फिलहाल, जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, आर्मी और एयर फोर्स की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी रखे हुए हैं।

### संसद के बाहर भाजपा का प्रदर्शन, पंजाब के शिक्षामंत्री हरजोत सिंह बैंस के इस्तीफे की मांग




**नई दिल्ली।** पंजाब में कथित पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा सांसदों ने मंगलवार को संसद परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सांसदों ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के इस्तीफे की मांग की। भाजपा सांसदों का आरोप है कि पंजाब में परीक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। इस मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान भाजपा सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

# ईडी का धनबाद में एलबी सिंह और गणेश यादव के 25 ठिकानों पर छापा




हरियाणा मेल, एजेंसी

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह अवैध कोयला खनन के विरुद्ध झारखंड के धनबाद में कुछ स्थानों पर दबिश दी। कोयला माफिया एलबी सिंह, अनिल गोयल, गणेश यादव, पप्पू मंडल, अनूप चौहान, हरेंद्र चौहान, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रोहित यादव और उनके सहयोगियों से जुड़े 25 ठिकानों पर ईडी ने छापा मारकर दस्वावेजों की तलाश शुरू कर दी है।

कोयला घोटाले के इस मामले में ईडी ने चार अलग-अलग एनफोर्समेंट केस इनफॉरमेशन रिपोर्ट (ईसीआइआर) दर्ज कर पूरे मामले में जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी को सूचना मिली है कि लव सिंह व उसके सहयोगियों ने अवैध तरीके से कोयला खनन, परिवहन व भंडारण से भारी मात्रा में अवैध संपत्ति अर्जित की है।

बताया गया है कि ईडी की टीम एलबी सिंह के साले रंजीत सिंह के घर भी पहुंची है। रंजीत सिंह ने घर को अंदर से बंद कर लिया है। ईडी की टीम उनके घर के बाहर है। उल्लेखनीय है कि 21 नवंबर 2025 को ईडी ने एलबी सिंह व उनके सहयोगियों के धनबाद और दुमका स्थित करीब 20 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस छापेमारी में ईडी को 150 से अधिक जमीन के दस्तावेज और दो करोड़ 20 लाख रुपये की नगदी मिली थी। ईडी को छानबीन में अवैध तरीके से कोयला खनन, परिवहन और भंडारण से संबंधित साक्ष्य मिले थे।

# होर्मुज में शांति के प्रयास, अच्छी वार्ता के कयास, ट्रंप ने कहा- जल्दी करो

हरियाणा मेल, एजेंसी



**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान की हठ की वजह से अंतरराष्ट्रीय समुद्री गलियारा होर्मुज जलडमरूमध्य के खौलते पानी से झुलस रहे समूचे मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) को राहत की खुशखबरी मिल सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वाशिंगटन की तेहरान के साथ बहुत दोस्ताना बातचीत हो रही है। मगर उन्होंने संकेत दिया है कि वह लंबी बातचीत के लिए तैयार नहीं हैं। वह चाहते हैं कि जो कुछ भी हो जल्द हो। इस पर ईरान ने कहा कि अमेरिका युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए तड़प रहा है।

अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में ईरान सावधानी से नपे-तुले और व्यावहारिक तरीके से आगे बढ़ रहा है वह चाहता है कि शांति लौटे पर अमेरिका की मनमानी शर्तों पर नहीं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कही गई यह शायद सबसे अहम बात है।

ईरान मिला-जुला और दोतरफा संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि तेहरान भविष्य में टकराव की स्थितियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ईरान की सेना के प्रमुख ने भी यही बात दोहराई है। ईरान यह भी कह रहा है कि कूटनीति के दरवाजे न तो पूरी तरह खुले हैं और न ही पूरी तरह बंद, बल्कि वे थोड़े खुले हैं। उधर, अमेरिका यह पक्का करना चाहता है कि होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल जाए। ट्रंप का कहना है कि अगर ईरान जिद पर अड़ा रहा तो उसके खिलाफ कड़ी सैन्य कार्रवाई का विकल्प उनके पास है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वाशिंगटन पहुंच चुके हैं। उनके ट्रंप से मिलने की उम्मीद है।

इस मुलाकात में ईरान के साथ युद्ध का मुद्दा सबसे अहम हो सकता है। वहीं, सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित समूहों के ड्रोन हमले की निंदा की है।

# जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंप

**सुनामी की चेतावनी जारी**



हरियाणा मेल, एजेंसी

**टोक्यो।** जापान के क्यूशू द्वीप के कुमामोटो इलाके में मंगलवार को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें कई लोगों के घायल होने की आशंका है। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार शाम 4:27 बजे आए इस भूकंप का केंद्र कुमामोटो प्रांत में लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था। जेएमए ने एक मीटर तक ऊंची सुनामी की लहरें उठने की आशंका जताई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्यूशू द्वीप के बीचोंबीच स्थित इस प्रांत में आए भूकंप की तीव्रता जापानी भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर उकी और हिकावा में अधिकतम 7 और आसपास के इलाकों में 6 से ज्यादा दर्ज की गई।

स्थानीय अग्निशमन विभाग और बिजली कंपनी के अनुसार, भूकंप में कई लोगों के घायल होने की आशंका है, जबकि प्रांत में लगभग 48 हजार घरों में बिजली गुल हो गई। पड़ोसी कागोशिमा प्रांत में भी भूकंप की तीव्रता 5 से ज्यादा दर्ज की गयी, जबकि फुकुओका तथा सागा प्रांतों में 5 से कम रही। क्यूशू इलेक्ट्रिक पावर के अनुसार, कागोशिमा प्रांत के सेंडाई परमाणु ऊर्जा संयंत्र या सागा प्रांत के गेनकाई परमाणु ऊर्जा संयंत्र में किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। सुनामी की चेतावनी के बाद स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित तटीय इलाकों में तत्काल निकासी के आदेश जारी किए हैं। अरियाके और यात्सुशिरो सागर के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से कहा है कि समुद्र और तटीय इलाके खतरनाक हैं। तुरंत तट से दूर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। जब तक एडवाइजरी वापस नहीं ली जाती, तब तक समुद्र में न जाएं और न ही तट के पास जाएं। जेएमए के मुताबिक कुमामोटो, नागासाकी, कागोशिमा, फुकुओका, सागा, ओइता और मियाजाकी प्रांतों में आपातकालीन चेतावनी जारी की गई है। लोगों से शांत रहने, स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और आधिकारिक माध्यमों से जारी अपडेट पर नजर रखने की अपील की गई है।

# यूक्रेन के हमलों में नौ दिन में 86 रूसी नागरिकों की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**मॉस्को/कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच 24 फरवरी, 2022 से जंग जारी है। रूस ने यूक्रेन में तबाही मचाई है। पिछले कुछ समय में यूक्रेन ने भी रूस पर हमले बढ़ा दिए हैं। इससे रूस को जान-माल का नुकसान हो रहा है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने सोमवार को कहा कि 15 से 24 जुलाई के बीच रूसी नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए यूक्रेन के हमलों में 86 लोग मारे गए।

द मॉस्को टाइम्स और शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जखारोवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 15 से 24 जुलाई के बीच यूक्रेनी सेना के हमलों में 86 लोग मारे गए। इनमें छह बच्चे भी शामिल हैं। 12 बच्चों समेत 409 लोग घायल हुए हैं। प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि पश्चिमी देश यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कर-के उसकी सैन्य ताकत को मजबूत कर रूस पर हमलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूसी संघ की जांच समिति के अनुसार, 2014 और 2026 के बीच यूक्रेनी सेना के हमलों में 240 से अधिक बच्चे मारे गए हैं। लगभग 1,225 अन्य लोग अलग-अलग तरह से घायल हुए हैं। जखारोवा ने कहा, इस धरती पर कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि उसे पता नहीं था कि क्या हो रहा है। यूक्रेन और उसके सहयोगियों को इसकी कीमत चुकानी होगी।

उधर, क्षेत्रीय अधिकारियों ने सोमवार सुबह बताया कि दक्षिणी रूस में यूक्रेनी हवाई हमलों में कम से कम पांच लोग मारे गए और लगभग दो दर्जन अन्य घायल हो गए। रोस्तोव के गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने टेलीग्राम पोस्ट में बताया कि अजोव सागर के पास रोस्तोव-ऑन-डॉन शहर में एक रिहायशी इमारत पर हुए हमले में एक जोड़े की मौत हो गई। बाद में उन्होंने कहा कि मलबे के नीचे तीन और शव मिले, जिनमें एक बच्चे का शव भी शामिल था। स्ल्यूसर ने कहा कि हमले में पांच लोग घायल हुए, जिनमें से दो की हालत गंभीर थी। उन्होंने कहा कि ड्रोन का मलबा गिरने से कई जगहों पर आग लग गई। सोमवार रात रोस्तोव-ऑन-डॉन पर हुए हमले के कुछ घंटों बाद रूसी रेलवे ने 4 अगस्त तक अजोव और टैगनरोग के प्रमुख बंदरगाहों पर माल ढुलाई पर प्रतिबंधों की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि बेलगोरोद शहर में ड्रोन हमले में दो बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए और एक रिहायशी इमारत में आग लग गई।



यूक्रेन के जापोरिज्जिया प्रांत के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि दक्षिणी शहर में गाइडेड एरियल बम और ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। इस शहर पर हाल के महीनों में जबरदस्त बमबारी हुई है। यूक्रेन के उत्तरी सुमी इलाके में रूस के गाइडेड एरियल बम हमले में पांच लोग घायल हो गए। रूस की सेना ने रविवार को कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूसी सेना ने राजधानी कीव को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया, जिससे शहर में धमाके हुए।


## आज का इतिहास

### इतिहास के पन्नों में 29 जुलाई

# नासा की स्थापना हुई, अमेरिका ने स्पेस रिसर्च के नए युग की शुरूआत की

**29 जुलाई** विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन माना जाता है। इसी दिन वर्ष 1958 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ड्वाइट डी. आइजनहावर ने नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एक्ट पर हस्ताक्षर किए। इसी कानून के माध्यम से दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के गठन का रास्ता साफ हुआ।

इस अधिनियम के लागू होने के बाद 01 अक्टूबर 1958 से नासा ने लगभग 100 मिलियन डॉलर की प्रारंभिक निधि के साथ अपना आधिकारिक कार्य शुरू किया। नासा ने उस समय की नेशनल एडवाइजरी कमेटी फॉर एरोनॉटिक्स की जिम्मेदारियों को आगे बढ़ाते हुए अमेरिका के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम और एयरोस्पेस अनुसंधान का दायित्व संभाला।



स्थापना के बाद से नासा ने अंतरिक्ष विज्ञान में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। अपोलो मिशन के जरिए वर्ष 1969 में मानव को पहली बार चंद्रमा पर पहुंचाना, स्पेस शटल कार्यक्रम, हबल स्पेस टेलीस्कोप, मंगल ग्रह पर रोवर मिशन, वॉयेजर जैसे अंतरग्रहीय अभियान तथा आर्टेमिस मिशन जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं नासा की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं।

आज नासा विश्व की सबसे प्रतिष्ठित अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थाओं में गिनी जाती है। इसके वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी नवाचारों ने न केवल अंतरिक्ष विज्ञान को नई दिशा दी है, बल्कि मौसम पूर्वानुमान, संचार, पृथ्वी अवलोकन और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**जन्म**

1894 - एडौर्ड गौबर्ट - पुदुचेरी राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री थे।

1904 - जे. आर. डी. टाटा - आधुनिक भारत की बुनियाद रखने वाली औद्योगिक हस्तियों में जे. आर. डी. टाटा का नाम सर्वोपरि है।

1905 - डैग हैमरस्क्जोंल्ड - संयुक्त राष्ट्र के दूसरे महासचिव थे।

1922 - बाबासाहेब पुरंदरे - मराठी साहित्यकार, नाटककार तथा इतिहास लेखक थे।

**निधन**

1890 - विन्सेंट वैन गो - नीदरलैण्ड के प्रसिद्ध चित्रकारों में से एक थे।

1891 - ईश्वर चन्द्र विद्यासागर - प्रसिद्ध समाज सुधारक, शिक्षाशास्त्री और स्वाधीनता सेनानी।

2001 - एडवर्ड गिरेक - पौलैण्ड के प्रथम सचिव थे।

### महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1567 - जेम्स षष्ठम को स्कॉटलैंड का राजा बनाया गया।

1748 - ईस्ट इंडिया कंपनी की सहायता के लिये ब्रिटिश सेना की पहली सैन्य टुकड़ी भारत पहुंची।

1858 - यूनाइटेड स्टेट्स और जापान ने हैरिस संधि पर हस्ताक्षर किए।

1876 - साईंस ऐसोसिएशन की स्थापना।

1900 - इटली के राजा अम्बर्टो प्रथम की हत्या अराजकतावादी गेटानो ब्रेस्सी ने की थी।

1911 - मोहन बगान ने पहली बार आईएफ शील्ड जीती।

1914 - केप कॉड नहर को खोला गया था।

1920 - लिंक नदी बांध का निर्माण क्लमाथ पुनर्विचार परियोजना के हिस्से के रूप में शुरू हुआ था।

1921 - एडॉल्फ हिटलर नेशनल सोशलिस्ट जर्मन वर्कर्स पार्टी के नेता बन गए थे।

1931 - ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित तेलुगु भाषा के प्रख्यात कवि सी. नारायण रेड्डी का जन्म हुआ था।

1937 - जापानी सेना ने चीन के बीजिंग और तेनत्सिन शहरों पर कब्जा किया।

1957 - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की स्थापना की गई थी।

# एक घंटे की बरसात में ही डूबे जलभराव नहीं होने के दावे



- शहर के कई इलाकों में हुआ जलभराव
- जलभराव में फंसे रहे वाहन, लोग हुए परेशान

हरियाणा मेल, एजेंसी

**गुरुग्राम।** शहर में मंगलवार को करीब एक घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश में ही प्रशासन के जलनिकासी नहीं होने देने के दावे डूबे नजर आए। कई कालोनियां, सेक्टर और कई सडकें पानी में डूब गई। सिविल लाइन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे 48, राजीव चौक, हीरो होंडा चौक और बस स्टैंड, बसई रोड, बसई गांव, न्यू कालोनी समेत कई इलाकों में पानी भर गया, जिससे लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ा।

मंगलवार दोपहर करीब दो बजे शुरू हुई बारिश करीब तीन बजे बजे तक लगातार जारी रही। इस एक घंटे में करीब इलाके पानी में डूब गई। अचानक हुई इस बारिश से ऑफिस से घर लौट रहे कर्मचारियों और स्कूल से आते बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। सिविल लाइन, सदर बाजार इलाके की सडकों पर एक से डेढ़ फुट तक पानी भर गया। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। कई जगह बाइक सवार फिसलकर गिरे। बारिश में वाहन बंद हो गए।

### सड़कों पर पंप लेकर पहुंची टीमें

हर बार की तरह इस बार भी जलभराव के बाद प्रशासन और नगर निगम की टीमें सडकों पर पंप लेकर पहुंचीं। बारिश रुकने के दो घंटे बाद तक भी कई जगहों से पानी नहीं निकला था। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान अनावश्यक घर से न निकलें और जलभराव वाले इलाकों से बचें।

# जीएमसीबीएल बोर्ड ने नई सीएनजी बसों की खरीद को दी मंजूरी

- इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार को मिली रफ्तार
- नई बसें पुरानी खराब बसों का स्थान लेंगी, 36 सीटर अत्याधुनिक बीएस-6 होंगी ये सीएनजी बसें
- जीएमसीबीएल को मिली पहली इलेक्ट्रिक बस, चरणबद्ध तरीके से बेड़े में शामिल होंगी 100 ई-बसें

हरियाणा मेल ब्यूरो

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड (जीएमसीबीएल) के निदेशक मंडल की 40वीं बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में शहर की सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा बस बेड़े को बेहतर बनाने और यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एचएसआईआईडीसी) के प्रबंध निदेशक सुशील सरवान, नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया, उपायुक्त गुरुग्राम उत्तम सिंह, जीएमसीबीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वजीत चौधरी, पुलिस उपायुक्त (यातायात) प्रतीक गहलोत, जीएमसीबीएल के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र कुमार, एसडीएम मानेसर दर्शन यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।ये बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित की गई थी। बैठक में जीएमसीबीएल के बेड़े में 25 नई मानक फर्श (स्टैंडर्ड फ्लोर) वाली बीएस-6 सीएनजी बसों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। 12 मीटर लंबी इन बसों में 36 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी। ये बसें वर्तमान में संचालित उन 25 बसों का स्थान लेंगी, जिनकी उपयोगी परिचालन अवधि लगभग पूरी हो गई है। नई बसों के शामिल होने से सार्वजनिक परिवहन सेवा और अच्छी होगी और यात्रियों को बेहतर एवं आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी।

# बरसाती पानी जमा होने से नागरिक अस्पताल का परिसर बना तालाब



हरियाणा मेल ब्यूरो

**सोहना।** मंगलवार को अब तक की सबसे तेज और भारी बारिश के पानी से नागरिक अस्पताल का परिसर तालाब बन गया। अस्पताल के आपाताकाल वार्ड और ओपीडी में जाने के लिए रोगियों को पानी में से निकलकर जाना पड़ा। अस्पताल का पार्क में दो से ढाई फुट पानी जमा होने से बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।

मंगलवार की दोपहर पहले इस साल की अब तक की सबसे तेज व भारी बारिश हुई। करीब 40 मिनट तक बादल बरसते रहे। शहर के सभी रास्ते, सड़क व नाले बरसाती पानी से लबालब हो गए। फव्वारा चैक से अनाज मंडी की तरफ जाने वाला बरसाती पानी नागरिक अस्पताल के परिसर में जमा हो गया। जिसका कारण नगर परिषद प्रशासन ने जलभराव के इरादे से मार्ग पर जमा होने वाले पानी को अस्पताल में खोल दिया। जिससे भारी बारिश के चलते अस्पताल का परिसर पानी-पानी हो गया।

> नगर परिषद प्रशासन को मंगलवार पत्र लिखते हुए अस्पताल परिसर में आने वाले सड़क के पानी को तुरन्त प्रभाव से रोकने को कहा है। बरसाती पानी अस्पताल परिसर में जमा होने से यहा अपने वाले रोगियों को काफी परेशानी होने की शिकायत भी की है।
>
> -नीरु यादव, एसएमओ नागरिक अस्पताल सोहना

### पार्क बना तालाब

आपातकाल वार्ड के सामने पार्क बरसाती पानी से लबालब हो गया। पर्ची काउंटर से लेकर आपातकाल वार्ड या ओपीडी में जाने के लिए रोगियों को पानी में से ही निकलना पड़ा। वही पार्क में दो से ढाई फुट उंचाई में बरसाती पानी जमा हो गया। जिससे अस्पताल परिसर में मक्खी-मच्छरों का आतंक फैलने का खतरा बढ़ गया है।

## खबरें फटाफट

### आशियाना सोसाइटी की 12वीं मंजिल से गिरने से 12 वर्षीय किशोर की मौत

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र के अंतरगत आने वाली आशियाना सोसाइटी की 12वीं मंजिल से 12 वर्षीय किशोर की गिरने से मौत हो गई। भोंडसी थाना पुलिस ने मृतक किशोर के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव धुनेला में स्थित आशियाना सोसाइटी के 12वीं मंजिल की बॉलकनी से कक्षा छह में पढ़ने वाले छात्र की जमीन पर गिरने से मौत हो गई। मृतक छात्र की उम्र 12 वर्ष बताई जा रही है। जिसकी पहचान रुद्र पुत्र राहुल शर्मा आशियाना सोसाइटी की 12 मंजिल के मकान नंबर 1217 में निवासी के रुप में हुई। रुद्र को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में लाया गया। जहा डॉक्टरों ने 12 वर्षीय रुद्र को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मृत रुद्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह कक्ष में देर रात रखवा दिया था। कक्षा 6 में पढ़ने वाला छात्र बॉलकनी से कैसे गिरा। उसके गिरने का कारण क्या रहा। इस बात का खुलाशा न तो पीडित परिजन कर रहे है। न ही भोंडसी थाना पुलिस इसकी जानकारी दे रही है। जोकि 12 वर्षीय रुद्र की मौत का कारण रहस्य बना हुआ है।

### मेयर राजरानी मल्होत्रा की अध्यक्षता में वित्त एवं संविदा समिति की 9वीं बैठक सम्पन्न

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा की अध्यक्षता में नगर निगम गुरुग्राम की वित्त एवं संविदा समिति (एफएंडसीसी) की 9वीं बैठक निगम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से 171 करोड़ रुपए की लागत के 26 विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सड़कों के निर्माण एवं पुनर्निर्माण, पेयजल एवं सीवरेज नेटवर्क के विस्तार, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, सदर बाजार में सीसीटीवी लगाने तथा आधुनिक तकनीक आधारित जल प्रबंधन से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें मंजूरी दी गई। बैठक में निगमायुक्त प्रदीप दहिया, एफएंडसीसी सदस्य अनूप सिंह व सुंदर सिंह, चीफ इंजीनियर विजय ढाका, डीटीपी डॉ सिद्धार्थ खंडेलवाल, कार्यकारी अभियंता संदीप धुंधवाल, सचिन यादव व तुषार यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में वर्षों से लंबित आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए पेयजल आपूर्ति, सीवर लाइन, वर्षा जल निकासी, सड़कों के पुनर्निर्माण तथा इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने से संबंधित परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा एमसीजी के बूस्टिंग स्टेशनों पर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फ्लो मीटर, स्काडा सिस्टम एवं आरटीयू पैनल स्थापित करने, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए रिजर्व स्टोर की स्थापना, विभिन्न क्षेत्रों में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने तथा सदर बाजार में 235 सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

### प्लॉट नहीं दिए, जुर्माना भी नहीं भरा तो बिल्डरों की संपत्तियां होंगी नीलाम

**गुरुग्राम।** हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) ने अपने आदेशों का पालन नहीं करने वाले बिल्डरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनकी संपत्तियों की कुर्की और नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। अथॉरिटी ने स्पष्ट किया है कि जिन बिल्डरों ने खरीदारों को समय पर प्लॉट या फ्लैट का कब्जा नहीं दिया, मुआवजा अथवा जुर्माना नहीं चुकाया और बार-बार के आदेशों के बावजूद भुगतान से बचते रहे, उनके विरुद्ध अब कठोर प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। हरेरा के समक्ष ऐसे अनेक मामले लंबित हैं, जिनमें बिल्डरों को खरीदारों को धनवापसी, ब्याज, मुआवजा या कब्जा देने के आदेश दिए गए थे, लेकिन आदेशों का पालन नहीं किया गया। ऐसे मामलों में अथॉरिटी ने पहले बैंक खातों को अटैच करने, फिर चल-अचल संपत्तियों की कुर्की तथा आवश्यकता पड़ने पर उनकी नीलामी के माध्यम से बकाया राशि की वसूली का रास्ता अपनाने के निर्देश दिए हैं। रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के तहत हरेरा को अपने आदेशों की अवहेलना करने वाले प्रमोटरों पर आर्थिक दंड लगाने तथा आदेशों के अनुपालन के लिए प्रवर्तन कार्रवाई करने का अधिकार प्राप्त है। लगातार अवज्ञा की स्थिति में आगे कानूनी कार्रवाई और न्यायालय की शरण भी ली जा सकती है। हाल के महीनों में हरेरा ने कई मामलों में बिल्डरों को खरीदारों को करोड़ों रुपये की धनवापसी, ब्याज और अतिरिक्त मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। कुछ मामलों में वर्षों तक प्लॉट या फ्लैट का कब्जा नहीं मिलने पर खरीदारों के पक्ष में निर्णय सुनाए गए, लेकिन आदेशों का पालन न होने पर अब वसूली की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

# जलभराव की समस्या से निपटने में नप प्रशासन हुआ फेल



- हल्की बारिश में भी जलभराव को कम होने में लग रहा घंटों का समय

हरियाणा मेल ब्यूरो

**सोहना।** नगर परिषद प्रशासन के शहर को जलभराव की समस्या से मुक्त करने के दावे फेल हो रहे है। हल्की बूंदाबांदी से शहर के आम रास्ते व सड़कों पर जलभराव को कम होने के घंटो का समय लग जाता है। जलभराव के दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

शहर में जलभराव की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। हल्की बूंदाबांदी से ही शहर के आम रास्ते व सड़कों पर जलभराव हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी वार्ड 19 के माता मंदिर रास्ते में होती है। जहा पर हर दिन बिना बरसात के जलभराव हो रहा है। जिसका कारण यहा के बरसाती नाले पानी रास्ते में जमा रहता है। नाले की पानी की निकासी सही न होने से घरेलू पानी भी रास्ते में भर जाता है। परिषद के अधिकारी जलभराव का औचक निरीक्षण करने के बाद कोई समाधान नहीं कर रहे है।स्थानीय लोगों को मात्र जलभराव का समधान करने का झूठा आश्वासन देकर चले जाते है। माता मंदिर रास्ते के साथ लगते घरों में मंगलवार को बारिश का पानी भर गया।

### बच्चों से लेकर बड़े तक परेशान

माता मंदिर रास्ते में जलभराव होने से स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर मंदिर जाने के लिए भी लोगों को गंदे पानी में से निकलना पड़ता है। घरों के आगे जमा गंदे पानी के कारण यहा के निवासी जरुरी काम के लिए बाहर निकलते है। इस रास्ते से पुराने शहर की अलग-अलग कॉलोनियों में रहने वाले लोगों का आना जाना लगता रहता है।

### दावे हुए फेल

मंगलवार को हुई भारी बारिश ने नगर परिषद प्रशासन के दावों को फेल कर दिया। शहर के बालूदा मार्ग से लेकर माता मंदिर मार्ग, नागरिक अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, अग्रसैन मार्ग, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, शहीद भगत सिंह फव्वारा चैक, शहर थाना के सामने, अंबेडकर बाईपास चैक आदि स्थानों पर हुआ जलभराव से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

> अधिक जलभराव वाले स्थानों पर जनरेटर लगाकर समाधान किया जाएगा। जिसको लेकर पूरी तैयारी कर ली है।
>
> -सुनील कुमार रंगा कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद सोहना

# मानसून के दौरान आमजन की सुरक्षा और सुगम आवागमन जिला प्रशासन की प्राथमिकता

- डीसी के निर्देश पर एसडीएम ने जलभराव संभावित स्थलों का किया निरीक्षण, संबंधित विभागों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश
- बारिश के मौसम में सभी विभाग समन्वय के साथ कार्यरत, नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जलभराव संभावित स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग

हरियाणा मेल ब्यूरो



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिले में मानसून के दौरान आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, नगर निगम गुरुग्राम तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जलभराव संभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को पूरी तरह अलर्ट रखा गया है, ताकि वर्षा के दौरान यातायात और जनजीवन सामान्य बना रहे।

इसी क्रम में मंगलवार को डीसी उत्तम सिंह के निर्देश पर बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला ने सेक्टर-47 तथा बख्तावर चौक का दौरा कर मौके पर वर्षा के दौरान उत्पन्न स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जल निकासी व्यवस्था, पंपिंग सिस्टम तथा संवेदनशील स्थलों पर तैनात टीमों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी जलभराव की स्थिति बनने की संभावना हो, वहां बिना किसी देरी के त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा यातायात बाधित न होने पाए। वहीं गुरुग्राम के एसडीएम हितेंद्र कुमार ने अतुल कटारिया चौक, सिग्नेचर टावर चौक तथा दिल्ली-गुरुग्राम राष्ट्रीय राजमार्ग (एक्सप्रेसवे) का निरीक्षण कर मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# मानसून में बिजली सुरक्षा को लेकर डीएचबीवीएन अलर्ट, सभी फील्ड टीमों को सतर्क रहने के निर्देश

- बारिश के दौरान विद्युत खतरे की सूचना व्हाट्सएप नंबर 9050960500 पर दें, होगी तत्काल कार्रवाई : विक्रम सिंह

हरियाणा मेल ब्यूरो

**गुरुग्राम।** मानसून के दौरान लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने बिजली सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा के मौसम में विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए संभावित खतरों की समय रहते पहचान कर उनका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी टूटा हुआ बिजली का खंभा, झुकी या लटकती विद्युत लाइन, खुला बिजली का तार, क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, करंट युक्त मीटर बॉक्स, अर्थ वायर, सपोर्ट वायर अथवा किसी भी प्रकार का विद्युत खतरा दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत निगम को दें, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को समय रहते रोका जा सके। प्रबंध निदेशक ने बताया कि डीएचबीवीएन में कार्यकारी अभियंता को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोई भी नागरिक संभावित विद्युत खतरे का फोटो, वीडियो, गूगल लोकेशन अथवा निकटतम लैंडमार्क सहित विवरण कार्यकारी अभियंता (सुरक्षा) के व्हाट्सएप नंबर 9050960500 पर भेज सकता है। सूचना प्राप्त होते ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान उपमंडल स्तर पर एसडीओ, कनिष्ठ अभियंता, फोरमैन, लाइनमैन तथा सहायक लाइन स्टाफ अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित सुरक्षा निरीक्षण करेंगे। प्रत्येक फीडर, ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत परिसंपत्तियों का समय-समय पर निरीक्षण कर संभावित कमियों को दूर किया जाएगा।

# वाराणसी से हरियाणा पहुंचेगा गुरु रविदास जन्मस्थली का पावन कलश

हरियाणा मेल ब्यूरो



**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के निर्देशानुसार संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा हरियाणा का सामाजिक समरसता प्रतिनिधिमंडल गुरु रविदास जी की जन्मस्थली की पावन मिट्टी का कलश प्राप्त करने के लिए वाराणसी पहुंच गया है।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता कर रहे हैं। दल में विधायक कपूर बाल्मीकि, पूर्व मंत्री अनूप धनक, पूर्व मंत्री जगदीश नायर, यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी, बलदेव ग्रोहा, बंतो कटारिया, कप्तान योगेश बैरागी, पूर्व विधायक सरिता नारायणा, अशोक कटारिया, रेखा, सुंदरलाल यादव, घुमन सिंह, सुरेश कौशिक तथा परवीन जैन सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हैं। 29 जुलाई को प्रतिनिधिमंडल वाराणसी में आयोजित विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों तथा पूजन-अर्चना में भाग लेगा।इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में संत गुरु रविदास जी की जन्मस्थली की पावन मिट्टी से सुशोभित कलश हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल को विधिवत सौंपा जाएगा। 30 जुलाई की सायं यह प्रतिनिधिमंडल पावन कलश लेकर गुरुग्राम के सिरहौल बॉर्डर पहुंचेगा, जहां हरियाणा सरकार के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

### चरित्र पर संदेह में पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**गुरुग्राम।** चरित्र पर संदेह के चलते पत्नी की हत्या करने के आरोप में थाना भौंडसी पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि आरोपी ने पुलिस और परिजनों को गुमराह करने के लिए पहले पेट दर्द से मौत होने की कहानी बनाई थी। जानकारी के 27 जुलाई 2026 को थाना भौंडसी पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि शालू (21 वर्ष) नामक महिला को उसका पति मृत अवस्था में अस्पताल लेकर आया है। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुंची। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दी। मृतका के पिता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उनकी बेटी शालू की शादी वर्ष 2025 में हेमंत निवासी जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश से हुई थी। दोनों बेहलपा ग्रीन फार्म हाउस के नजदीक एक खेत पर मजदूरी करते थे और वहीं रहते थे।

# एसआईआर के तहत दावे एवं आपत्तियों की प्रक्रिया को लेकर निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित




- 31 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची होगी प्रकाशित, 30 अगस्त तक किए जा सकेंगे दावे एवं आपत्तियां

हरियाणा मेल ब्यूरो

**गुरुग्राम।** हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची के दावे एवं आपत्तियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को गुरुग्राम, सोहना, पटौदी तथा बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पटौदी के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी दिनेश लुहाच तथा बादशाहपुर के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी संजीव सिंगला भी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों को एसआईआर के आगामी चरण, दावा एवं आपत्ति प्रक्रिया, नोटिस जारी करने, दस्तावेजों के सत्यापन तथा मतदाता सूची के अद्यतन से संबंधित सभी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम दिनेश लुहाच ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, जिसमें बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रह किया गया। अब आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके साथ ही 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जिसके दौरान पात्र नागरिक नए मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज कराने, मतदाता सूची में संशोधन करवाने अथवा हटवाने(यदि कहीं और शिफ्ट हो गए है) के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से स्वीकार किए जाएंगे। एसडीएम संजीव सिंगला ने बताया कि 31 जुलाई से 28 सितंबर तक नोटिस अवधि रहेगी।

### बीएलओ और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भूमिका भी अहम

इलेक्शन तहसीलदार ने बताया कि दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहेंगे। विशेष अभियान के अंतर्गत अगस्त माह में निर्धारित विशेष तिथियों पर बीएलओ मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त करेंगे तथा आवश्यक जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची को अधिक शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करेंगे।

# स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन

हरियाणा मेल ब्यूरो



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने शहर में स्वच्छता एवं सीवरेज सेवाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वच्छता विंग के कार्यों को सुव्यवस्थित करने तथा स्वच्छता सेवाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया द्वारा आदेश जारी कर समिति को तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। समिति की अध्यक्षता अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त-1 करेंगे। समिति में अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त (मुख्यालय), संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) तथा मुख्य अभियंता एवं मुख्य लेखा अधिकारी को शामिल किया गया है। यह समिति स्वच्छता एवं सीवरेज सेवाओं से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक, तकनीकी एवं मानव संसाधन संबंधी पहलुओं का गहन अध्ययन करेगी। कार्यालय आदेश के अनुसार समिति राज्य सरकार एवं शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सफाई कर्मियों एवं सीवरमैन के अनुपात में स्वच्छता/सीवरेज सुपरवाइजरों की आवश्यकता का आकलन करेगी। स्वच्छता एवं सीवरेज सुपरवाइजर के पदों पर नियुक्ति के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, अनुभव एवं अन्य पात्रता शर्तों का परीक्षण तथा नगर निगम गुरुग्राम में स्वीकृत, भरे हुए एवं रिक्त स्वच्छता/सीवरेज सुपरवाइजर पदों की समीक्षा करते हुए वास्तविक आवश्यकता का मूल्यांकन करेगी।

# जिले की दो तहसीलों में लागू है अलग-अलग नियम

## बावल तहसील में हो रही है स्वामित्व प्रमाण पत्र के अंदर आबादी की रजिस्ट्री, रेवाड़ी में नहीं

सुरेन्द्र इंदौरा, हरियाणा मेल




**रेवाड़ी।** एक ही जिले की दो तहसीलों में जमीन- मकान की रजिस्ट्री के मामले में अलग-अलग नियम लागू है। बात अजीब जरूर है, लेकिन सच है। यही अलग-अलग नियम आमजन की परेशानी का कारण भी है। बड़ी बात यह है कि बेशक जनता कितनी भी परेशान हो, लेकिन इस मामले में तहसील अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

बता दें कि जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री के मामले में जिले की बावल व रेवाड़ी में अलग-अलग नियम चल रहे हैं। लाल डोरे अर्थात अंदर आबादी की प्रोपर्टी की रजिस्ट्री को लेकर बात की जाए तो बता दें कि बावल तहसील कार्यालय में ऐसी रजिस्ट्री लंबे समय से की जा रही है। रजिस्ट्री करने वाले अधिकारी प्रोपर्टी आईडी के अलावा स्वामित्व प्रमाण पत्र की मांग करते हैं, जो नगर पालिका से जारी होता है, जबकि रेवाड़ी तहसील में इस प्रकार की जमीन जायदाद की रजिस्ट्री नहीं की जा रही है, जिससे लोग खासे परेशान है। बता दें कि नगर परिषद स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी कर रही है, लेकिन अधिकारी ऐसी रजिस्ट्री करने से तौबा कर रहे हैं। अधिकारी ऐसा क्यों कर रहे हैं, इस बारे में वे कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। शहर निवासी रामसिंह ने बताया कि अंदर आबादी में उनका बहुत पुराना मकान है। वे लंबे समय से नगर परिषद में हाउस टैक्स भी जमा करा रहे हैं। प्रोपर्टी आईडी भी बनी हुई है। स्वामित्व प्रमाण पत्र भी बनवाने में उन्हें परेशानी नहीं है, बावजूद इसके तहसील कार्यालय में उनकी रजिस्ट्री करने से मना कर दिया गया है। इसी प्रकार कई अन्य लोगों ने भी इसी प्रकार की शिकायत की है। यहां यह भी बता दें अंदर आबादी में ऐसी बहुत सी प्रोपर्टी है, जो उन्हें उनके पूर्वजों से मिली है।

अब उक्त प्रोपर्टी के हिस्से होने हैं, लेकिन रजिस्ट्री नहीं होने के कारण उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। अब देखना यह है कि जनहित को ध्यान में रखने वाली यह सरकार इस दिशा में क्या कदम उठाती है।

- रजिस्ट्री नहीं होने से रेवाड़ी के लोग है परेशान
- तहसील अधिकारी नहीं है कुछ भी बोलने को तैयार

## सड़क हादसे में पूर्व सैनिक की मौत, तीन बेटियां बेसहारा

हरियाणा मेल, एजेंसी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी जिले में सैनिक स्कूल के पास सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक पूर्व सैनिक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक हरियाणा पुलिस में ग्रुप-डी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था और ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहा था। हादसे की सूचना मिलने पर खोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव मामड़िया आसमपुर निवासी 46 वर्षीय मुकेश कुमार भारतीय सेना से वर्ष 2018 में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें हरियाणा पुलिस में ग्रुप-डी कर्मचारी के रूप में नियुक्ति मिली थी। करीब आठ माह पहले उन्होंने भौड़सी पुलिस लाइन में अपनी सेवाएं शुरू की थीं।

सोमवार देर रात मुकेश कुमार ड्यूटी खत्म कर रेवाड़ी-नारनौल हाईवे के रास्ते अपने गांव लौट रहे थे। गोठड़ा गांव के पास सैनिक स्कूल के नजदीक बने रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) से वह पैदल गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह आरओबी से नीचे सर्विस रोड पर जा गिरे।

गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और गंभीर रूप से घायल मुकेश को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुकेश कुमार अपने पीछे पत्नी और तीन बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# रेवाड़ी में एसडीएम तबादले की मांग पर वकीलों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## बार प्रधान बोले- मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन होगा प्रदेशव्यापी

हरियाणा मेल, एजेंसी



**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर वकीलों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर से सचिवालय तक पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया और उपायुक्त अभिषेक मीणा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।

गौरतलब है कि अधिवक्ता 20 जुलाई से एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। न्यायिक परिसर में लगातार धरना दिया जा रहा है, जिसके चलते न्यायिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में वकील धरना स्थल से कोर्ट परिसर के पिछले गेट से रवाना हुए। प्रदर्शनकारी बावल रोड और राजीव चौक से होते हुए सचिवालय पहुंचे।

सचिवालय के मुख्य गेट पर पहुंचने के बाद अधिवक्ताओं ने परिसर के अंदर प्रवेश कर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। स्थिति को देखते हुए उपायुक्त अभिषेक मीणा स्वयं सचिवालय के गेट पर पहुंचे और अधिवक्ताओं से ज्ञापन प्राप्त किया। उन्होंने ज्ञापन संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र ने कहा कि जब तक एसडीएम का तबादला नहीं किया जाएगा, तब तक वकीलों की हड़ताल और धरना जारी रहेगा। यदि सरकार ने जल्द उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को पूरे हरियाणा में विस्तार दिया जाएगा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ज्ञापन सौंपने के बाद अधिवक्ता वापस न्यायिक परिसर लौट आए और धरना जारी रखने की घोषणा की।

## खबरें फटाफट

### नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, तीन आरोपियों के मकान ढहाए



**कैथल।** कैथल में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सिरटा रोड स्थित तीन आरोपियों के मकानों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। पुलिस का दावा है कि ये मकान नशा तस्करी से अर्जित धन से बनाए गए थे और अवैध कब्जे वाली जमीन पर निर्मित थे। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, जबकि मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी जुट गए थे। पुलिस के अनुसार कार्रवाई सिरटा रोड निवासी बलराज, सुखदेव और काला के मकानों पर की गई। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले से कई मामले दर्ज हैं। संभावित विरोध को देखते हुए पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। डीएसपी बीरभान, शहर थाना प्रभारी गीता और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। डीएसपी बीरभान ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपियों ने नशा तस्करी से कमाए गए धन से मकानों का निर्माण कराया था। साथ ही संबंधित निर्माण अवैध भूमि पर भी पाए गए। इसके बाद प्रशासन के सहयोग से कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार विजेंद्र हुड्डा ने बताया कि मकान मालिकों को पहले नोटिस जारी किए गए थे और अपना पक्ष रखने का अवसर भी दिया गया था। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार मकानों को गिराया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध जताया। उनका कहना था कि संबंधित लोग नशे का सेवन करते थे, लेकिन तस्करी नहीं करते थे। वहीं पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के कई मामले दर्ज हैं और नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# शराब ठेका लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

हरियाणा मेल, एजेंसी



**सोनीपत।** सोनीपत के मुरथल थाना क्षेत्र में शराब के ठेके पर लूट और सेल्समैन पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान हसनपुर निवासी आशीष के रूप में हुई है। उसके कब्जे से लूटी गई राशि में से तीन हजार 900 रुपये बरामद किए गए हैं। वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की बाइक भी पुलिस ने बरामद कर ली है।

मुरथल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने मंगलवार को बताया कि रविवार को आरोपी शराब के ठेके पर पहुंचा और नकदी लूटने का प्रयास किया। सेल्समैन ने विरोध किया तो आरोपी ने शराब की बोतल से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी करीब 15 हजार रुपये लूटकर फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सेल्समैन के बयान पर मामला दर्ज किया। इसके बाद घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान होने के बाद पुलिस टीम ने उसके घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के लिए 20 जुलाई को मुरथल थाना क्षेत्र से चोरी की गई बाइक का इस्तेमाल किया था। लूट के बाद वह बाइक घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने बाइक को भी अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से दिल्ली और हरियाणा में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## बावल में 2 एकड़ में विकसित की जा रही कॉलोनी पर चला बुलडोजर

हरियाणा मेल ब्यूरो

**रेवाड़ी।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने बावल के शहरी - नियंत्रित क्षेत्र में अवैध कालोनी पर कार्रवाई की। विभाग ने राजस्व संपदा नांगल शहबाजपुर में 2 एकड़ में विकसित की जा रही 3 डीपीसी व एक कच्चा नेटवर्क रोड़ को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में पुलिस की मौजूदगी में कार्यवाही होने के चलते इस दौरान विरोध स्वर बुलंद नहीं हो पाए।

जिला नगर योजनाकार नरेंद्र नैन ने आम जन से कहा कि वे शहरी- नियंत्रित क्षेत्र में प्लाट नहीं खरीदें। प्लाट खरीदने से पहले उक्त जमीन की वैधता की विभाग से जांच कर लें।

उन्होंने कहा कि कालोनी काटने वाले लोगों को भ्रमित सब्जबाग दिखाकर प्लाट बेच देते हैं। प्लाट खरीदने वालों को उस समय झटका लगता है, जब उनके द्वारा उक्त प्लाट पर किए गए निर्माण पर विभाग की कार्रवाई होती है। डीटीपी नैन ने आमजन से आग्रह किया कि वे ऐसे कालोनाइजरों के चक्कर में नहीं आएं। प्लाट खरीदने से पहले उक्त जमीन की वैधता की जांच जरूर करें।

# किशोर की हत्या के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नूंह।** नूंह जिले में स्थित पोक्सो एक्ट मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट) ने वर्ष 2019 में एक 17 वर्षीय किशोर के साथ अप्राकृतिक यौन शोषण और उसकी हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा कुल 45 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट, पोक्सो डॉ. आशु संजीव टिंजन की अदालत द्वारा सुनाया गया।

पुलिस प्रवक्ता द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार 31 अक्टूबर 2019 की रात गांव दिहाना निवासी 17 वर्षीय किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में अपने घर से लापता हो गया था। अगले दिन सुबह उसका शव गांव में एक भूसे के घर में फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक के पिता इस्लाम ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने पहले उसके पुत्र के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए और बाद में उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। शिकायत और जांच के आधार पर थाना सदर नूंह में 11 नवंबर 2019 को एफआईआर दर्ज की। नूंह पुलिस द्वारा जांच के दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वैज्ञानिक साक्ष्य तथा अन्य महत्वपूर्ण सबूत एकत्र किए गए।

# विधायक ने किया स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

हरियाणा मेल, एजेंसी




**सोनीपत।** गन्नौर के आहुलाना गांव में स्वास्थ्य सेवाओं को बड़ी मजबूती मिली है। गांव के श्याम बाबा मंदिर के पास करीब 3.51 करोड़रुपये की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का लोकार्पण विधायक देवेंद्र कादियान ने फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से आहुलाना सहित आसपास के करीब 30 हजार ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उनके क्षेत्र में ही मिल सकेंगी।

समारोह में विधायक देवेंद्र कादियान का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने स्वागत किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है।

सरकार का उद्देश्य गांव-गांव बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को उपचार के लिए दूर शहरों का रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नए भवन से मरीजों को बेहतर उपचार, सुविधाजनक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

स्वास्थ्य केंद्र के सुचारु संचालन के लिए चिकित्सकों के दो आवासीय क्वार्टर तथा अन्य चिकित्सा कर्मियों के लिए चार आवासीय क्वार्टर भी तैयार किए गए हैं। भवन का कुल निर्मित क्षेत्र लगभग नौ हजार एक सौ पचहत्तर वर्ग फुट है।

इस स्वास्थ्य केंद्र का लाभ आहुलाना के साथ गढ़ी झंझारा, बली कुतुबपुर, सरढ़ाना, मनक माजरी, खेड़ी गुर्जर, बिलंदपुर, भौर और जफरपुर सहित आसपास के गांवों के लोगों को मिलेगा। ग्रामीणों ने कहा कि पहले इलाज और जांच के लिए दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं गांव के नजदीक उपलब्ध होंगी। एसएमओ पुरखास डॉ. वीरेंद्र ढांडा, डॉ. वीरेंद्र नैन, पीएचसी प्रभारी डॉ. आकाश, डॉ. प्रवीन छिक्कारा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अपहरण मामले के दोषियों को उम्रकैद

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नूंह।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. सुशील कुमार गर्ग की अदालत ने वर्ष 2017 में महाराष्ट्र के एक व्यापारी को कारोबार का झांसा देकर हरियाणा बुलाने, उसका अपहरण करने और उससे आठ लाख से अधिक की फिरौती वसूलने के मामलें में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले में दोषी पाए गए मुबारिक निवासी गांव चाहल्का तथा रतिराम निवासी गांव पलड़ी, जिला नूंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है ।

पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के सांगमनेर निवासी व्यवसायी संजय भगचंद असावा ने अगस्त 2017 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें एक कथित कारोबारी द्वारा सस्ते दामों पर जंबो बैग उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया गया था। बातचीत ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म इंडियामार्ट और व्हाट्सएप के माध्यम से हुई। आरोपी पक्ष ने उन्हें माल देखने के लिए हरियाणा बुलाया। शिकायतकर्ता 9 अगस्त 2017 को हरियाणा पहुंचे, जहां उन्हें एक कार में बैठाकर गांव पल्ला स्थित एक फार्म हाउस में ले जाया गया।

वहां चार लोगों ने उन्हें बंधक बना लिया, उनकी तलाशी लेकर नकदी, मोबाइल फोन और सोने की अंगूठी छीन ली तथा रिहाई के बदले भारी रकम की मांग की। आरोपियों ने पहले 20 लाख की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। भय और दबाव के माहौल में लंबे समय तक बंधक बनाए रखने के बाद आरोपियों ने 8 लाख रुपये की फिरौती पर सहमति जताई। अगले दिन शिकायतकर्ता ने अपने पुत्र को फोन कर रकम की व्यवस्था करने के लिए कहा । फिरौती की राशि मिलने के बाद आरोपियों ने उन्हें छोड़ दिया और राष्ट्रीय राजमार्ग पर उतार दिया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

शिकायत के आधार पर नूंह पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज किया और जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और अन्य प्रमाणों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। मामलें की सुनवाई लगभग नौ वर्षों तक अदालत में चली, जिसके दौरान पुलिस ने विभिन्न साक्ष्य और गवाह पेश किए। सुनवाई पूरी होने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. सुशील कुमार गर्ग ने एक दिन पहले ही दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया, जिन्हें मंगलवार को सजा सुनाई गई।

## जल जीवन मिशन 2.0 के तहत ओ एंड एम नीति-2026 की बैठक में बोले डीसी

# ग्रामीण जलापूर्ति को किया जा रहा अधिक सुदृढ़

हरियाणा मेल ब्यूरो



**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत ग्रामीण जलापूर्ति प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव (ओ एंड एम) के लिए नीति-2026 लागू की गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव में ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाना है। डीसी ने नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि ओ एंड एम नीति-2026 ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के दीर्घकालिक एवं प्रभावी संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण हल है। इस नीति के माध्यम से ग्राम पंचायतों को अधिक सशक्त बनाते हुए सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नीति के तहत जल बिलिंग, उपभोक्ता शुल्क संग्रहण, शिकायत निवारण तथा अन्य संचालन संबंधी गतिविधियों में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठकों की कार्यवाही तथा अन्य आवश्यक सूचनाएं भारत सरकार के आईएमआईएस-जेजेएम पोर्टल पर नियमित एवं समयबद्ध रूप से अपलोड करने के निर्देश भी दिए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चयनित सभी ग्राम पंचायतों में पैरेंट-चाइल्ड बैंक अकाउंट प्रणाली को शीघ्र क्रियाशील बनाया जाए, ताकि योजना के अंतर्गत वित्तीय लेन-देन निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एकल ग्राम जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव के लिए ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मध्य एमओयू से संबंधित सभी औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं।

डीसी ने कहा कि नीति का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करें तथा योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा में सभी लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में अधिकारियों ने डीसी को अवगत कराया कि सिंगल विलेज मेंटेनेंस स्कीम के अंतर्गत जिले के लोहाना, जुड़ी, बोड़िया कमालपुर, अहरोद, नांगल जामालपुर, कोलाना, नांधा, बासदूधा, गुमीना तथा डवाना गांवों का चयन किया गया है। इनमें से छह चयनित ग्राम पंचायतों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं और बैंक खाते खोले जा चुके हैं, जबकि अहरोद ग्राम पंचायत का बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

# जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरियाणा मेल ब्यूरो



**रेवाड़ी।** अधिवक्ता नितेश अग्रवाल ने अपने जन्मदिन को समाज और पर्यावरण के प्रति समर्पित करते हुए जिला न्यायालय परिसर के बाहर पार्किंग क्षेत्र में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सहयोग से पौधारोपण किया। पौधे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसके चारों ओर ट्री गार्ड भी लगाया गया, ताकि पशुओं से पौधे की रक्षा हो सके और वह सुरक्षित रूप से विकसित हो सके। इस अवसर पर नितेश अग्रवाल ने कहा कि जन्मदिन केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का भी दिन होना चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक आवश्यक उसकी सुरक्षा और नियमित देखभाल है। इसी उद्देश्य से पौधे के साथ ट्री गार्ड भी लगाया गया, ताकि वह लंबे समय तक सुरक्षित रह सके। पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संयोजक डॉ आर बी यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और अधिक से अधिक लोगों से अपने विशेष अवसरों को सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की अपील की। इस अवसर पर सभी ने हरित, स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही अधिवक्ताओं के साथ मिलकर प्लांटेशन का कार्य शुरू करेंगे।

# सघन जांच से लगेगी अवैध खनन पर रोक

## फरीदाबाद में अवैध खनन नियंत्रण को लेकर एडीसी ने की समीक्षा बैठक

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) अंजलि श्रोत्रिया की अध्यक्षता में जिला खनन निगरानी तथा अवैध खनन नियंत्रण से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन विभाग, खनन विभाग, जिला प्रशासन, परिवहन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में स्वीकृत खनन क्षेत्रों की स्थिति, जिला खनिज फाउंडेशन (DMF) फंड के उपयोग, पर्यावरणीय अनुपालन तथा अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध की जा रही प्रवर्तन कार्रवाई की समीक्षा की गई।

एडीसी अंजलि श्रोत्रिया ने जिले में संचालित स्वीकृत खनन क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, उनकी वैधता अवधि तथा पिछले दो महीनों में हुई गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से खनन पट्टों की अवधि, पर्यावरणीय स्वीकृतियों तथा एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि एनजीटी के प्रावधानों के अनुसार नए और उच्च मूल्य वाले खनन मामलों में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति एवं अन्य निर्धारित शुल्क अलग-अलग श्रेणियों के अनुसार लागू होते हैं, जबकि खनन सामग्री की मात्रा के आधार पर अतिरिक्त शुल्क भी निर्धारित किया जाता है।

एडीसी अंजलि श्रोत्रिया ने जिला खनिज फाउंडेशन फंड के संबंध में जानकारी लेते हुए पूछा कि स्वीकृत खनन क्षेत्रों से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि स्वीकृत खनन परियोजनाओं से निर्धारित प्रतिशत राशि डीएमएफ में जमा कराई जाती है। इस पर एडीसी अंजलि श्रोत्रिया ने निर्देश दिए कि डीएमएफ फंड का उपयोग जिले में सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यों, पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक सुविधाओं तथा सामुदायिक विकास से जुड़े प्रभावी कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा इसके लिए उपयोगी परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए जाएं।

बैठक में खनन एवं परिवहन से जुड़े वाहनों की वैधता, फिटनेस, परमिट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहनों की ऑनलाइन सत्यापन प्रणाली के माध्यम से दस्तावेजों की जांच की जाती है तथा आवश्यकतानुसार फिटनेस और अन्य अनुमतियों का सत्यापन भी किया जाता है। एडीसी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग संयुक्त रूप से यह सुनिश्चित करें कि बिना वैध दस्तावेजों, फिटनेस प्रमाणपत्र या आवश्यक अनुमति के कोई भी वाहन सड़क पर संचालित न हो।

अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि हाल के महीनों में बड़ी संख्या में वाहनों की जांच की गई है तथा कई वाहनों को सीज भी किया गया है। एडीसी अंजलि श्रोत्रिया ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि प्रवर्तन अभियान नियमित, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से जारी रहने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि क्या कार्रवाई खुफिया सूचना, स्थानीय इनपुट या नियमित निरीक्षण के आधार पर की जाती है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन में संलिप्त लोग अक्सर वाहनों को छिपाने और स्थान बदलने का प्रयास करते हैं, इसलिए कई बार अचानक निरीक्षण और सघन जांच अभियान चलाकर कार्रवाई करनी पड़ती है। एडीसी ने निर्देश दिए कि अवैध खनन, ओवरलोड परिवहन तथा पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन से संबंधित सभी मामलों का रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से रखा जाए और विभागों के बीच सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग, खनन विभाग, पुलिस और परिवहन विभाग आपसी समन्वय के साथ संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाएं, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

बैठक में आरटीए सचिव मुनीश सहगल सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## एक करोड़ 24 लाख की साइबर ठगी के आरोप में दिल्ली का बार संचालक गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**




**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस के साइबर थाना एनआईटी ने एक अहम आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नवीन पालीवाल (42), निवासी जगतपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपी दिल्ली के कडक़डड़ूमा क्षेत्र में एक बार का संचालक है और उसने साइबर ठगों को एक कंपनी का बैंक खाता उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, जहां उससे गिरोह के अन्य सदस्यों, बैंक खातों और ठगी की रकम के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एनआईटी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 अप्रैल 2026 को उसके व्हाट्सएप पर शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के जरिए अधिक मुनाफा कमाने का संदेश आया। इसके बाद उसे विभिन्न निवेश योजनाओं का झांसा दिया गया और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से उससे कुल छह लाख 61 लाख निवेश करा लिए गए। जब शिकायतकर्ता ने अपनी रकम और मुनाफा वापस मांगना चाहा तो आरोपियों ने संपर्क तोड़ दिया। खुद के साथ ठगी होने का एहसास होने पर पीडि़त ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी, जिसके आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान साइबर थाना एनआईटी की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, बैंकिंग रिकॉर्ड के आधार पर दिल्ली में दबिश देकर आरोपी नवीन पालीवाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने फर्म तैयार कराने के लिए दोनों को पांच लाख दिए थे और बाद में फर्म का संयुक्त बैंक खाता खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध करा दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि इसी बैंक खाते में मामले से संबंधित 2.20 लाख की ठगी की राशि ट्रांसफर हुई थी। इतना ही नहीं, जांच में यह भी पता चला कि उक्त खाते में अब तक करीब एक करोड़ 24 करोड़ का लेन-देन हो चुका है। इस खाते के संबंध में दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र सहित चार राज्यों में सात अन्य साइबर ठगी की शिकायतें भी दर्ज हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि पियूष और रोहित, नवीन पालीवाल के कडक़डड़ूमा स्थित बार के पास संचालित एक अन्य बार में काम करते थे। आरोपित ने लालच देकर उनके नाम से फर्म बनवाई और फर्म का बैंक खाता साइबर ठगों के नेटवर्क को उपलब्ध कराया।

## खबरें फटाफट

### झगड़ा व हत्या मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार



**हथीन।** एवीटी स्टाफ हथीन की टीम ने कार्यवाही करते हुए थाना उटावड क्षेत्र के गांव मलाई में हुए झगड़े और हत्या के मुकदमे में संलिप्त नामजद आरोपी मुस्तकीम उर्फ मुस्ती निवासी गांव मलाई, थाना उटावड को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। एवीटी स्टाफ हथीन प्रभारी पीएसआई तेजपाल सिंह ने बताया कि दिनांक 13 जून 2026 को शिकायतकर्ता अब्दुल हन्नान निवासी गांव मलाई ने थाना उटावड में शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 जून 2026 की शाम उनकी पुत्रवधू के साथ आरोपियों ने गाली-गलौज की। जब परिवार के लोग शिकायत करने गए, तो आरोपियों ने रंजिश रखते हुए उनके घर पर हमला कर दिया। आरोपी लाठी, डंडा, फरसा, सरिया और कुल्हाड़ी जैसे तेजधार हथियारों से लैस होकर आए और जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नोमान सहित 6 को गंभीर चोटें आईं। घायलों में से नोमान की इलाज के दौरान 18 जून 2026 को मृत्यु हो गई। नोमान की मृत्यु के बाद मुकदमे में धारा 103(1) बीएनएस (हत्या की धारा) जोड़ी गई। इस मामले में पूर्व में आरोपी ताहिर और हब्डू को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनसे वारदात में इस्तेमाल लोहा सरिया और लाठी बरामद की जा चुकी है। मामले में एवीटी स्टाफ हथीन के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद यासिर ने तफ्तीश के दौरान पुलिस टीम ने ठोस साक्ष्य जुटाते हुए 27 जुलाई 2026 को नामजद आरोपी मुस्तकीम उर्फ मुस्ती को नियमानुसार गिरफ्तार किया जिसे झगड़े के दौरान प्रयुक्त कुल्हाड़ी को बरामद करने के लिए अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत रिमांड पर लेने की प्रक्रिया की जा रही है। मामले के अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

### एटीएम मशीन काट लाखों रुपए चुराकर ले गए चोर



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर-3 में एक एटीएम मशीन काटकर चोर लाखों रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए। इस घटना ने शहर की कानून व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगा दिए है। मामला सेक्टर-58 थाना क्षेत्र का है, जहां जेसीबी कंपनी के सामने स्थित कॉलोनी में लगे हिटाची के एटीएम को बदमाशों ने सोमवार देर रात गैस कटर से काट दिया। चोर एटीएम के अंदर रखी करीब साढ़े 5 लाख की नगदी निकालकर मौके से फरार हो गए। सुबह जब स्थानीय लोगों ने एटीएम को क्षतिग्रस्त देखा, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। एक अन्य मामले में बदमाशों ने एक दुकान का ताला तोडक़र अंदर रखा सामान और 25 हजार की नगदी चोरी कर ली। सुबह दुकान मालिक जब अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। दुकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि दोनों मामलों की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोनों चोरी की वारदातों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रियंका मनोज अग्रवाल बनीं प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल की धर्मपत्नी, बल्लभगढ़ पीसीसी डेलीगेट एवं पूर्व महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रियंका मनोज अग्रवाल को हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

अपनी नियुक्ति पर प्रियंका अग्रवाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, एआईसीसी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, एआईसीसी राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह तथा हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा पर्ल चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा से खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करते हुए कांग्रेस संगठन को और मजबूत करने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेगी। प्रियंका मनोज अग्रवाल ने बल्लभगढ़ की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज बल्लभगढ़ विकास के अभाव में दर्द से कराह रहा है। मौजूदा भाजपा सरकार बल्लभगढ़ की जनता के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर रही है, जिसके कारण यहाँ का नागरिक बुनियादी सुविधाओं, बदहाल सडक़ों, जलभराव और अव्यवस्थाओं से त्रस्त है। विकास के झूठे दावे करने वाली इस सरकार ने बल्लभगढ़ के विकास को पूरी तरह से ठप्प करके उपेक्षित छोड़ दिया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की नायब सैनी सरकार पूरी तरह महिला विरोधी है और राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

## वाहन चोरों पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार, बाइक बरामद


**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** पुलिस की अपराध शाखा ऊंचा गांव तथा एवीटीएस (AVTS) सिकरौना की टीम ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि श्याम कॉलोनी बल्लभगढ़ की रहने वाली एक महिला की शिकायत पर 26 जुलाई को थाना शहर बल्लभगढ़ में मोटरसाइकिल चोरी का एक मामला दर्ज कर जांच आरंभ की गई थी। जिसमें कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने संदीप, निवासी जाजरू, सेक्टर-58, फरीदाबाद को बाईपास रोड सेक्टर-3 के पास से चोरी की मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया। जिसको माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

वहीं एक अन्य मामले में प्रियंका गिरी, निवासी जवाहर कॉलोनी ने अपनी शिकायत में बताया कि 24 नवंबर 2025 को सेक्टर-24, फरीदाबाद से कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। जिस संबंध में थाना मुजेसर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## बारिश में भी यातायात व्यवस्था संभाल रही है ट्रैफिक पुलिस



**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** लगातार बदलते मौसम, बारिश एवं उमस भरी गर्मी के बावजूद फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। सोमवार को बारिश के दौरान जिले के सभी प्रमुख चौराहों, राष्ट्रीय राजमार्गों एवं व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहे तथा शहर में कहीं भी लंबे समय तक जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 जुलाई को बल्लभगढ़ स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ब्रेज़ा कार तेज गति से आ रही थी, जो अचानक ब्रेक लगाने के कारण चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई। इस दौरान कार की चपेट में एक मोटरसाइकिल आ गई, जिससे बाइक सवार को चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही जोनल अधिकारी ASI नरेंद्र एवं कॉन्स्टेबल बबली अपने स्टाफ के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

## पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध की सूचना देना हर नागरिक का कानूनी दायित्व

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा चेयरमैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद संदीप कुमार गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-7/8, फरीदाबाद में बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सीजेएम जितेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के उद्देश्य, प्रमुख प्रावधानों, अपराधों की रिपोर्ट करने की प्रक्रिया तथा कानून द्वारा बच्चों को प्रदान की गई सुरक्षा के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति कानून की दृष्टि में बच्चा है तथा किसी भी प्रकार के यौन अपराध की सूचना बिना किसी भय के पुलिस, अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को तुरंत देनी चाहिए।

## फरीदाबाद में भारी बारिश, ओल्ड अंडरपास पानी के चलते हुआ बंद

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद शहर में मंगलवार सुबह से लगातार हो रही बारिश ने एक बार फिर जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। तेज बारिश के कारण ओल्ड अंडरपास पूरी तरह पानी से भर गया, जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस ने एहतियात के तौर पर अंडरपास को दोनों तरफ से बंद कर दिया। पुलिस ने दोनों ओर लगे गेटों पर ताले लगा दिए हैं और मौके पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है, ताकि कोई वाहन या राहगीर पानी भरे अंडरपास में प्रवेश न कर सके। सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण शहर के कई सेक्टरों और कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति बन गई। कई सडक़ों पर पानी भरने से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दी, वहीं जलभराव ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश के कारण एनआईटी-86, संजय कॉलोनी, 33 फीट रोड पर जलभराव हो गया। लगातार बारिश के चलते ओल्ड अंडरपास में पानी तेजी से भरता चला गया। पानी निकालने के लिए पंप लगाए गए, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण जलभराव कम नहीं हो सका और पूरा अंडरपास पानी में डूब गया। इसके बाद पुलिस ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दोनों ओर के गेट बंद कर दिए, ताकि कोई वाहन पानी में फंसकर हादसे का शिकार न हो।

## शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर 23 में सजंय कालोनी 22 फुट रोड पर कॉस्मेटिक एवं ब्यूटी पार्लर की दुकान में मंगलवार को आग लग गई। जिसमें लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। मालमे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी मौके पर पहुंच गई जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस की जांच में अभी आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह सूचना मिली कि संजय कालोनी में कॉस्मेटिक एवं ब्यूटी पार्लर की दुकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस उनकी टीम मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। परिवार के सदस्य रौनक ने बताया कि उसके माता-पिता हरिद्वार गए हुए थे । घर में वह अपने दादी के साथ अकेले थे। उनकी दादी ने पानी भरने के लिए मोटर चलाई थी। इसी दौरान शार्ट-सर्किट हो गया।

कुछ दी देर में कॉस्मेटिक एवं ब्यूटी पार्लर की दुकान से धुंआ निकलने लगा। जिसके बाद उन्होंने काल करके पुलिस को सूचना दी। रौनक ने बताया कि घर में ऊपर की मंजिल पर वह परिवार के साथ रहते है जबकि नीचे कॉस्मेटिक एवं ब्यूटी पार्लर की दुकान है। संजय कालोनी चौकी इंचार्ज ने जानकारी देते हुए बताया कि, इसमें किसी प्रकार की कोई जन हानि नही हुई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घटना के समय परिवार के मुखिया अपनी पत्नी के साथ हरिद्वार गए हुए थे। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। एक अन्य मामले में एसजीएम नगर थाना क्षेत्र में शमशान घाट के पास स्थित एक खाली प्लॉट में सोमवार देर रात अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्लॉट में जूता-चप्पल बनाने के बाद निकलने वाला वेस्ट और कबाड़ बड़ी मात्रा में रखा हुआ था। आग लगते ही वहां से घना काला धुआं उठने लगा, जिसे दूर-दूर तक देखा गया। आग की लपटें करीब एक किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थीं। स्थानीय लोगों ने जब प्लॉट से तेज धुआं निकलते देखा, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस और फायर विभाग को दी। सूचना मिलते ही फायर विभाग की एक गाड़ी टीम के साथ मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

## दयालु-2 योजना के तहत चार केसों को वित्तीय स्वीकृति

### उपायुक्त की अध्यक्षता में योजना के तहत जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

**उदय चंद माथुर, हरियाणा मेल**



**हथीन।** जिला प्रशासन की ओर से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-2) के अंतर्गत पात्र परिवारों को अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने संबंधी मामलों की समीक्षा के लिए मंगलवार को उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के समक्ष प्राप्त आवेदनों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा प्रत्येक मामले की पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों और संबंधित विभागों की रिपोर्ट के आधार पर जांच की गई तथा चार केसों को वित्तीय सहायता के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने बताया कि बैठक में इस बार चार नए मामलों को स्वीकृति के लिए प्रस्तावित किया गया। ये सभी मामले कुत्ते के काटने से हुई चोट से संबंधित हैं। प्रस्तावित लाभार्थियों में हथीन निवासी इमरान, हथीन निवासी राहुल, होडल निवासी नकुल तथा पलवल निवासी निरंजन शामिल हैं। संबंधित विभाग द्वारा होडल निवासी नकुल मामले में 20000 रुपए की तथा अन्य तीन मामलों में 10000-10000 रुपए आर्थिक सहायता स्वीकृत किए जाने की अनुशंसा की गई। बैठक में एक मामले को होल्ड पर रखा गया है तथा 2 केस अंडर प्रोसेस हैं।

उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ दिलाएं। साथ ही संबंधित विभागों को आवेदन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और पात्र परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दयालु-2 योजना के तहत प्राप्त होने वाले सभी मामलों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि दयालु-2 योजना का उद्देश्य परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु अथवा अन्य निर्धारित परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। इसलिए किसी भी पात्र परिवार को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाए। साथ ही अपात्र मामलों को नियमों के अनुसार ही निस्तारित किया जाए।

## डकैती मामले में 5 हजार के इनामी बदमाश पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हथीन।** हथीन थाना पुलिस और एसटीएफ गुरुग्राम की संयुक्त टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने खरिया मोहल्ला हथीन में बंधक बनाकर की गई डकैती व लूट के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के अंतरराज्यीय इनामी मुख्य आरोपी अरविन्द निवासी नीमराना, राजस्थान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

मामले के संबंध में जानकारी देते हुए हथीन थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि दिनांक 23 अप्रैल 2026 को वार्ड नंबर 10, खरिया मोहल्ला, हथीन निवासी सन्नी के घर में रात के समय 8-10 हथियारबंद बदमाशों ने जबरन घुसकर पूरे परिवार को बंधक बना लिया था और सोने-चांदी के जेवरात व नकदी लूटकर फरार हो गए थे। इस वारदात के संदर्भ में थाना हथीन में मुकदमा नंबर 122/26 बीएनएस व आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई थी।

इस मामले में थाना अंतर्गत चौकी शहर हथीन प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार की पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही कर पूर्व में ही इस वारदात में शामिल 3 मुख्य क्रिमिनलों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुभाष निवासी संग्रामपुर रोड कस्बा, थाना खैर, जनपद अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश), नरेश निवासी रायपुर बांगर, नौझील (उत्तर प्रदेश) हाल असावटी, थाना गदपुरी, जिला पलवल तथा एक लाख 5 हजार रुपए का इनामी शंकर पहलवान पुत्र बसन्त, निवासी मैना, थाना लम्बी, तहसील मलोट, जिला श्री मुक्तसर साहिब, पंजाब के रूप में हुई थी। जिनसे वारदात में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल, डंडा व लूटी गई रकम में से हिस्सा बरामद किया जा चुका है। इसी कड़ी में आगे बढ़ाते हुए संयुक्त टीम ने अब गिरोह के मुख्य आरोपी अरविन्द उपरोक्त को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



## संपादकीय

# सड़क पर मरता धैर्य, समाज में मरती संवेदना

सभ्यताओं का पतन हमेशा किसी बड़े युद्ध, भीषण अकाल या महाविनाश से ही नहीं होता। कई बार वह धीरे-धीरे मनुष्य के भीतर से आरंभ होता है। जब धैर्य क्षीण होने लगता है, संवाद का स्थान आक्रोश ले लेता है और संवेदना की जगह प्रदर्शन बैठ जाता है, तब समाज बाहर से जितना आधुनिक दिखाई देता है, भीतर से उतना ही खोखला होता जाता है।

आज हमारी सड़कें केवल वाहनों की भीड़ से नहीं भरी हैं, वे अधैर्य से भी भरी हुई हैं। कुछ क्षण का इंतजार असह्य हो गया है। एक हॉर्न, एक ओवरटेक, एक इशारा, एक साइड या कुछ सेकंड की देरी अब केवल यातायात का प्रश्न नहीं रह गए हैं। वे अहंकार की परीक्षा बन चुके हैं। ऐसा लगता है मानो हर वाहन अपने साथ एक घायल आत्मसम्मान लेकर चल रहा हो, जिसे मामूली-सी बात भी युद्ध का निमंत्रण प्रतीत होती है। परिणाम यह होता है कि जहां ब्रेक लगना चाहिए, वहां क्रोध दौड़ पड़ता है; जहां शब्द पर्याप्त होते, वहां हथियार निकल आते हैं।

इससे भी अधिक भयावह वह दृश्य है, जो अब लगभग सामान्य हो चुका है। सड़क पर कोई घायल पड़ा होता है, कोई जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा होता है, और उसके चारों ओर खड़े लोग सहायता के लिए हाथ नहीं बढ़ाते, बल्कि मोबाइल कैमरे उठा लेते हैं। किसी की अंतिम सांसें भी अब कई लोगों के लिए सोशल मीडिया की सामग्री बन जाती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि हमने मनुष्य को देखने से अधिक उसकी रिकॉर्डिंग करना सीख लिया है। संवेदना धीरे-धीरे स्क्रीन के पीछे छूटती जा रही है।

विडंबना यह है कि तकनीक ने हमें जोड़ने का वादा किया था, किंतु उसने अनेक अवसरों पर हमें दर्शक बना दिया। हम घटना में सहभागी कम, दर्शक अधिक हो गए हैं। सहायता करने से पहले कैमरा चालू करना और एंबुलेंस बुलाने से पहले वीडियो साझा करना हमारी नई सामाजिक आदत बनती जा रही है। यह केवल व्यवहार का परिवर्तन नहीं, बल्कि चेतना के क्षरण का संकेत है।

सड़क पर होने वाली हिंसा का संबंध केवल यातायात से नहीं है। वह हमारे घरों, कार्यालयों, सामाजिक जीवन और सार्वजनिक संवाद में बढ़ते असंतोष का भी प्रतिबिंब है। जिस समाज में संवाद की संस्कृति कमजोर पड़ती है, वहां क्रोध भाषा बन जाता है। जहां संयम को कमजोरी और आक्रामकता को साहस समझा जाने लगे, वहां हिंसा केवल समय का प्रश्न रह जाती है। ऐसी घटनाएं अचानक नहीं होतीं; वे लंबे समय से भीतर पल रहे असंतुलन का विस्फोट होती हैं।

हम यह भी भूलते जा रहे हैं कि सड़क पर हमारे सामने चल रहा व्यक्ति कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं, किसी परिवार की आशा है। वह किसी का पिता, पुत्र, भाई, बहन या जीवनसाथी है। एक क्षण का आवेश केवल एक व्यक्ति का जीवन नहीं छीनता, बल्कि पूरे परिवार का भविष्य बदल देता है। क्रोध का समय कुछ सेकंड का होता है, किंतु उसके परिणाम पीढ़ियों तक चलते हैं।

समाज का चरित्र इस बात से नहीं मापा जाता कि उसके शहर कितने ऊंचे हो गए हैं, बल्कि इससे मापा जाता है कि संकट की घड़ी में वहां कितने हाथ सहायता के लिए आगे बढ़ते हैं। यदि दुर्घटना के समय लोग कैमरे से पहले कंधा देने लगें, यदि विवाद के समय लोग हथियार के बजाय संवाद चुनें और यदि जीतने से पहले इंसान बने रहने की चिंता करें, तभी सभ्यता की यात्रा सार्थक होगी।

कानून हत्यारों को दंड दे सकता है, यातायात नियम बना सकता है और पुलिस व्यवस्था कायम रख सकती है, किंतु धैर्य का संस्कार कोई कानून नहीं दे सकता। वह परिवार देता है, शिक्षा देती है, समाज देता है और आत्मानुशासन देता है। इसलिए सड़क पर बढ़ती हिंसा का समाधान केवल कठोर दंड नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों का पुनर्जागरण भी है।



याद रखिए, किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी प्रगति उसके फ्लाईओवरों की ऊंचाई नहीं होती; वह उसके नागरिकों के धैर्य की ऊंचाई होती है। जिस दिन सड़क पर धैर्य लौट आएगा, उसी दिन समाज में संवेदना भी लौटने लगेगी। और जिस समाज में धैर्य और संवेदना दोनों जीवित हों, वहां सड़कें केवल मंजिल तक नहीं पहुंचातीं, वे मनुष्यता तक भी पहुंचाती हैं।

-ऋषि नारायण आचार्य

# सारनाथ अब यूनेस्को की विश्व धरोहर : यूपी की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान

**वाराणसी के पास स्थित ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कर लिया गया है, जो भारत के लिए एक बड़ी सांस्कृतिक उपलब्धि है। करीब 28 वर्षों के लंबे इंतजार और सतत प्रयासों के बाद मिली इस मान्यता ने न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश की ऐतिहासिक पहचान को वैश्विक स्तर पर और मजबूत किया है। भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश स्थल के रूप में प्रसिद्ध सारनाथ अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक प्रमुखता से उभरेगा, जिससे क्षेत्र के विकास, रोजगार और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को नई दिशा मिलेगी।**



● कुमार कृष्णन

उत्तर प्रदेश के इतिहास और सांस्कृतिक सफर में एक बड़ा ऐतिहासिक मोड़ आया है। वाराणसी के पास स्थित सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में औपचारिक रूप से शामिल कर लिया गया है। यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है बल्कि इसके पीछे 28 सालों का एक लंबा इंतजार और भारतीय पुरातत्वविदों की मेहनत छिपी हुई है।

साल 1998 में सारनाथ को यूनेस्को की संभावित सूची में जगह मिली थी, और तब से लेकर अब तक इसके पुरातात्विक अवशेषों को संभालने, उनका रिकॉर्ड तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने की निरंतर कोशिशें चल रही थीं। सारनाथ भारत की पहचान और इतिहास का एक बेहद मजबूत स्तंभ है।

यह वही पवित्र जगह है जहाँ बोधगया में ज्ञान प्राप्त करने के बाद भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था और बौद्ध संघ की नींव रखी थी। बौद्ध धर्म के साथ-साथ यह स्थान जैन धर्म के लिए भी उतना ही पवित्र है, क्योंकि इसे 11वें जैन तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ की जन्मभूमि और तपस्या की धरती माना जाता है। इतना ही नहीं स्वतंत्र भारत का जो राष्ट्रीय प्रतीक-चार सिंहों वाला अशोक स्तंभ, हम आज देखते हैं, उसका मूल स्वरूप भी सारनाथ की इसी पावन मिट्टी से निकला है। अब तक उत्तर प्रदेश में केवल तीन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल थे और वे तीनों के तीनों आगरा जिले में स्थित थे- ताजमहल, आगरा का किला और फतेहपुर सीकरी।

सारनाथ के इस सूची में जुड़ते ही उत्तर प्रदेश में विश्व धरोहरों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। खास बात यह है कि सारनाथ पूरे पूर्वांचल क्षेत्र का पहला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल बना है, जिससे इस पूरे इलाके के पर्यटन, अर्थव्यवस्था और पहचान को एक नया आयाम मिलेगा।

जानकारों के अनुसार सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने का प्रयास कोई एक या दो दिन की बात नहीं है। इसकी औपचारिक शुरूआत वर्ष 1998 में हुई थी जब भारत सरकार ने इसे यूनेस्को की संभावित सूची में नामांकित किया था। इसके बाद लगभग ढाई दशकों से भी ज्यादा समय तक नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने मिलकर इस पूरे परिसर के संरक्षण और दस्तावेजीकरण पर काम किया। दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित विश्व धरोहर समिति के 48वें सत्र के दौरान 2025-26 चक्र की दावेदारी में सारनाथ के प्राचीन बौद्ध स्थल को यह ऐतिहासिक मान्यता दी गई। इस प्रक्रिया के तहत सितंबर 2025 में आईकोमॉस का तकनीकी मूल्यांकन मिशन भी सारनाथ की वैज्ञानिक सुरक्षा जाँच करने भारत आया था।

सारनाथ को यह दर्जा मिलते ही यह भारत का 45वाँ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल बन गया है। इसके साथ ही भारत अब सबसे ज्यादा विश्व धरोहर स्थलों के मामले में पूरी दुनिया में छठवें और एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में दूसरे स्थान पर आ गया है। यूनेस्को ने सारनाथ के उस अद्वितीय विश्वव्यापी महत्व को स्वीकार किया, जिसने सदियों से दुनिया को प्रभावित किया है। भारत की ओर से 69 अन्य पुरातात्विक स्थल फिलहाल यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल हैं। इस फैसले के बाद सारनाथ के अवशेषों के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ, तकनीकी संसाधन और विशेष सुरक्षा मानकों का लाभ लगातार मिलता रहेगा।

सारनाथ का आध्यात्मिक इतिहास भगवान बुद्ध के जीवन की एक सबसे महत्वपूर्ण घटना से जुड़ा हुआ है। खुद भगवान बुद्ध ने सारनाथ को बौद्ध तीर्थयात्रा के चार सबसे मुख्य तीर्थ स्थलों में से एक बताया था। जब सिद्धार्थ गौतम को बोधगया में पीपल के पेड़ के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई, तो उन्होंने अपने इस ज्ञान से पूरी दुनिया के दुखों को दूर करने का फैसला किया। ज्ञान मिलने के बाद भगवान बुद्ध सबसे पहले सारनाथ आए, जिसे उस जमाने में ऋषिपत्तन या मृगदाव यानी हिरणों का अभयारण्य कहा जाता था। सारनाथ के इस शांत वातावरण में हीं बुद्ध ने आषाढ़ पूर्णिमा के दिन अपने प्रथम पाँच शिष्यों को अपना पहला उपदेश दिया, जिसे बौद्ध साहित्य में धम्मचक्कप्पवत्तन यानी धर्मचक्र प्रवर्तन कहा जाता है।

जानकारी के अनुसार सारनाथ के विश्व धरोहर घोषित होने के साथ ही बुद्ध द्वारा बताए गए चार सबसे प्रमुख तीर्थ स्थलों में से तीन अब यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हो चुके हैं। इनमें नेपाल का लुंबिनी, बिहार का महाबोधि मंदिर (बोधगया) और अब उत्तर प्रदेश का सारनाथ शामिल है। बुद्ध ने अपने पहले उपदेश में संसार के दुखों और उनसे मुक्ति के अष्टांगिक मार्ग के बारे में बताया था और यहीं पहले बौद्ध संघ की स्थापना की थी। बौद्ध धर्म के अलावा सारनाथ जैन धर्म के लिए भी बेहद पावन है, क्योंकि यह 11वें जैन तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ की जन्मभूमि और तपस्या की धरती मानी जाती है। कालान्तर में इस क्षेत्र का नाम यहाँ स्थित सारंगनाथ (शिव) मंदिर के नाम से प्रभावित होकर सारनाथ पड़ा।

सारनाथ के इतिहास में ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी का दौर सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, जब मौर्य वंश के महान सम्राट अशोक का शासन था। कलिंग के भीषण युद्ध और उसमें हुए भारी खून-खराबे के बाद सम्राट अशोक ने हिंसा का रास्ता पूरी तरह त्यागकर बौद्ध धर्म अपना लिया था। इसके बाद उन्होंने सारनाथ को बौद्ध धर्म का एक बहुत बड़ा केंद्र बनाने का निर्णय लिया और यहाँ कई स्तूपों, विहारों और पत्थर के खंभों का निर्माण कराया। इन्हीं निमार्णों में सबसे प्रसिद्ध है सारनाथ का अशोक स्तंभ, जो प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला और पाषाण शिल्प की एक बेजोड़ मिसाल है।

इसी स्तंभ के ऊपर चार पीठ से पीठ सटाकर बैठे सिंहों की मूर्ति लगी थी, जो मौर्य कला का सबसे बेहतरीन नमूना है। आजादी के बाद भारत सरकार ने इसी सिंह शीर्ष को अपने राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाया और इसके निचले हिस्से में बने 24 तीलियों वाले धर्मचक्र को हमारे राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगे के बीच में जगह दी।

सारनाथ का पुरातात्विक परिसर काफी बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है, जहाँ प्राचीन भारत की सुंदर इमारतें और उनके अवशेष आज भी बिखरे पड़े हैं। यहाँ का सबसे विशाल और मुख्य आकर्षण धम्मेख स्तूप है। यह विशाल स्तूप ठीक उसी जगह पर बनाया गया है जहाँ खड़े होकर भगवान बुद्ध ने अपने पाँच शिष्यों को पहला उपदेश दिया था।

मध्यकाल के बाद देश में हुई राजनीतिक उथल-पुथल और विदेशी आक्रमणों की वजह से सारनाथ का यह भव्य बौद्ध केंद्र धीरे-धीरे उजाड़ हो गया। समय बीतने के साथ-साथ यहाँ की प्राचीन इमारतें ढह गईं और यह पूरा का पूरा ऐतिहासिक इलाका मिट्टी, झाड़ियों और मलबे के नीचे दबकर गुमनाम हो गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) पिछले 150 से भी ज्यादा सालों से सारनाथ में प्राचीन बौद्ध स्थलों की खुदाई और संरक्षण का काम लगातार करता आ रहा है। इसी निरंतर प्रयास की वजह से सारनाथ की असली पहचान दुनिया के सामने आ सकी।

साल 1798 में मिस्टर डंकन और कर्नल मैकंजी द्वारा शुरूआती ध्यान आकर्षित करने के बाद, 1835-36 में सर अलेक्जेंडर कनिंघम ने यहाँ पहली व्यवस्थित खुदाई कराई। इसके बाद मेजर किट्टो, एफओ ऑरटेल, सर जॉन मार्शल और दयाराम साहनी जैसे पुराविदों ने यहाँ बड़े पैमाने पर काम किया। खुदाई में मिले ऐतिहासिक अशोक स्तंभ के मूल सिंह शीर्ष और गुप्त काल की अति दुर्लभ धर्मचक्रप्रवर्तन बुद्ध प्रतिमा को सहेजने के लिए साल 1904 में ही कदम उठाए गए थे। बाद में 1910 में इसे पूरी तरह स्थापित किया गया, जिसे आज भारत का सबसे पुराना साइट म्यूजियम (स्थल संग्रहालय) माना जाता है। आज भी इस संग्रहालय में खुदाई से निकली सैकड़ों प्राचीन मूर्तियाँ और ऐतिहासिक साक्ष्य रखे हुए हैं।

जानकारों के अनुसार सारनाथ का नाम यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज होने के बाद अब उत्तर प्रदेश में कुल चार यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हो चुके हैं। सारनाथ से पहले राज्य के बाकी तीनों स्थल आगरा जिले में स्थित हैं। इनमें पहला है ताजमहल, जो अपनी सुंदरता के लिए दुनिया के सात अजूबों में गिना जाता है। दूसरा है आगरा का किला और तीसरा स्थल फतेहपुर सीकरी है, जिसे सम्राट अकबर ने अपनी नई राजधानी के रूप में बसाया था और जहाँ बुलंद दरवाजा स्थित है। सारनाथ उत्तर प्रदेश का चौथा और पूरे पूर्वांचल क्षेत्र का पहला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल बन गया है। इस अंतरराष्ट्रीय पहचान से भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को बहुत बड़ी ताकत मिलेगी।

वहीं जापान, थाईलैंड, म्यांमार, कंबोडिया और वियतनाम जैसे बौद्ध बहुल देशों के साथ भारत के रिश्ते और मजबूत होंगे। पूर्वांचल क्षेत्र में विदेशी तीर्थयात्रियों की आवाजाही बढ़ने से वाराणसी और आसपास के इलाकों में होटल, गाइड, लोकल ट्रांसपोर्ट और बनारसी साड़ी व हस्तशिल्प उद्योग से जुड़े लाखों लोगों को सीधा फायदा होगा और रोजगार के भी विभिन्न अवसर खुलेंगे।

# साधन पथ प्रदर्शक हैं गुरु, किन्तु साध्य नहीं

● डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा

सद्गुरु पूजनीय, वंदनीय और पथ प्रदर्शक हैं, वह शिष्य के अज्ञान अंधकार को दूर कर ज्ञान रुपी दीपक जलाने वाला और परमात्म प्राप्ति हेतु साधन का दिग्दर्शन कराने वाला महापुरुष है। वह केवल गुरु ही है, जो अपने शिष्य में पिंड से लेकर ब्रह्मांड तक दर्शन की क्षमता विकसित करता है, गुरु ही अपने शिष्य को कर्म ज्ञान और भक्ति का यथार्थ दर्शन कराता है, जिसके सहारे शिष्य अध्यात्म के उस शिखर पर पहुंच सकता है, जहां जाने के बाद सांसारिक सुख-समृद्धि और वैभव तुच्छ दिखाई देने लगते हैं किंतु वह साध्य नहीं है और न ही ध्येय हो सकता है। ध्येय है, सर्वव्यापी, निर्विकार, निराकार और नियंता, परब्रह्म परमात्मा।

गुरु का महत्व समझाते हुए अक्सर इन पंक्तियों को भी उद्धृत किया जाता है। संत कबीरदास का यह प्रसिद्ध दोहा गुरु की महिमा का बखान करता है-

**"गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पायँ।**
**बलिहारी गुरु आपनो, गोविंद दियो बतायँ।।"**

(गुरु और ईश्वर दोनों एक साथ खड़े हों तो पहले किसे प्रणाम करना चाहिए? ऐसे में गुरु के चरण पहले छूने चाहिए क्योंकि गुरु ने ही हमें ईश्वर तक पहुँचने का सही मार्ग और ज्ञान दिया है।)

यह सद्गुरु की महिमा है किंतु इस उक्ति का अभिप्राय ऐसा नहीं लिया जाना चाहिए कि गुरू ने गोविंद का पथ बतलाया है इसलिए उन्हें ही पकड़ कर बस वहीं ठहर जाना चाहिए बल्कि इसको इस रूप में लिया जाना चाहिए कि हम उस गुरु को पहले वंदन करें जो गोविन्द को बताकर परे हट गए कि देख यह सीधा सरल रास्ता गोविन्द की ओर ही जा रहा है, तू इसे पकड़ ले. तो हम उस गुरु को प्रथम प्रणिपात करें, जिन्होंने गोविन्द को पा लेने का मार्ग बताया ओर अलग हट गए, कि देख गोविन्द तुझे ऐसे मिलेंगे। सद्गुरु कहता है कि अब मेरी आवश्यकता रह ही नहीं जाती है। मेरे द्वारा जो पथ बताया गया है, उस पथ पर ही चलते चलते चले जाना है। सद्गुरू कहता है कि अब तू चलता चला जा उस पथ पर, जो मैंने तुझे बताया है। वास्तविकताओं में भी पथ का दिग्दर्शन कराने के बाद पथ प्रदर्शक की भूमिका आखिर क्या रह जाती है? सद्गुरु ने हमें जो रास्ता बता दिया उसके अनुसार हम अपनी यात्रा शुरू कर दें, यही उचित है। किंतु यदि हम चले नहीं और उस पथ प्रदर्शक या गुरु के पास रुके रह जाएं तो क्या हम अपनी मंज़िल पर पहुंच सकेंगे? उत्तर होगा नहीं।

इन पंक्तियों का सार तत्व यही है कि हमें अपने गुरु ने जो रास्ता बताया है, उस पर चलना शुरू कर दें तो परमात्मा रूपी मंजिल मिलेगी। यही है गुरू पूजा और दक्षिणा भी यही है कि उनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए गुरु आज्ञानुसार परमात्मतत्व कीर्तन, जप, ध्यान ओर स्मरणरत हों। पथ प्रदर्शक सत्गुरु के बताए अनुसार साधन के माध्यम से ही साध्य परमात्मा को पाने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। सारभूत तत्व यही है कि उस गुरु का बड़ा आभार जो कि गोविन्द का पथ बताकर रास्ते से परे हट गए।

गुरू मनुष्य की अंधकार से प्रकाश की आध्यात्मिक यात्रा का प्रेरक तत्व है। गुरु एक सीढ़ी है, जिसके सहारे ऊपर जाया जा सकता है, किंतु वह मंजिल नहीं है जहां जाकर सब यात्राएं विराम पा लेती है। गुरु तैरना सिखा देता है ताकि दरिया को पार किया जा सके, किंतु यदि कोई व्यक्ति जरूरत के वक्त भी गुरु के उस ज्ञान को अंगीकार नहीं करे तो वह डूबने से आखिर कैसे बचेगा? वस्तुतः गुरु एक सीढ़ी है, सीढ़ी के सहारे ऊपर तो चढ़ा जा सकता है किन्तु उसे ही थामे रखकर वास्तविक उद्देश्य की प्राप्ति नहीं की जा सकती। आचार्य रजनीश कहते हैं, "गुरु एक सीढ़ी या निसेनी है, जिसपर चढ़कर ऊपर पहुंच जाओ और उसे गिरा दो किंतु यदि तुम उस निसेनी को थाम कर ही बैठे रह गए तो जिस उद्देश्य के लिए निसेनी पर चढ़ कर ऊपर पहुंचे हो तो उसे कभी पूरा नहीं कर पाओगे।"

यह प्रश्न भी किया जा सकता है कि निसेनी यदि गिरा दोगे तो फिर नीचे कैसे आओगे? कहा जाना चाहिए कि उस अनंत की यात्रा उच्च सोपान की यात्रा है, उस परम पुरुष तक पहुंचने की यात्रा जो कि अध्यात्म का चरम लक्ष्य है, हमारे ऋषियों-महर्षियों ने वैदादिकों में इसका गुणगान किया है और महात्मा पुरूषों ने इसकी बहुभांति विवेचना भी की है।

गुरू एक माध्यम है, जिसके द्वारा गोविन्द का ज्ञान होता है इसलिए गुरु ने गोविन्द की प्राप्ति के लिए जो साधन बताए हैं, हम वह साधन करें तो उस परमात्म तत्व की प्राप्ति की ओर बढ़ा जा सकता है। किंतु यदि हम गुरु द्वारा बताए गए साधन नहीं करें और गुरु के नाम का ही जाप करते रहें तो हमें क्या प्राप्त होगा? इसलिए निसेनी गिरा देने का अर्थ इतना ही है कि गुरू को नहीं पकड़ते हुए गुरू ने जो उपदेश दिया है उस पर अमल कर आत्मसात करें। साथ ही उन्होंने जो कुछ कहा है अथवा उनके द्वारा जो साधन बताया गया है, उसे पूरी श्रद्धा से अंगीकार करें।

शास्त्र कहते हैं कि शिक्षा गुरु तो अनेक हो सकते हैं किंतु दीक्षा गुरु केवल एक होना चाहिए, किंतु प्रश्न पैदा होता है कि वह कैसा हो? हमारे शास्त्रों में उल्लेख किया गया है कि वह अपने शिष्यों के लिए निरपेक्ष भाव से भावित और ब्रह साक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त करने वाला हो, न कि गुरु दक्षिणा के नाम पर धन की अपेक्षा रखने वाला हो। आज देखा जाता है कि ज्यादातर महात्मा अपने अनुयायियों को अपने पंथ से जोड़े रखने ओर स्वयं के प्रति पूज्यता के भाव को बनाए रखने के लिए गुरु की महत्ता को अतिशयोक्तिपूर्ण ढंग से बखान करते हुए शिष्यों को बांधे रखते है, ऐसा व्यक्ति संत कहला सकता है किंतु वह सद्गुरु नहीं हो सकता। सद्गुरु तो पथ प्रदर्शक है, शिष्य के अज्ञान अंधकार को दूर कर ज्ञान रुपी दीपक जलाने वाला। ऐसा वह गुरु वंदनीय और प्रथम प्रणाम करने योग्य है, वह ब्रह्म स्वरूप है।

# आधुनिक तकनीकों से मिली 'बाघ संरक्षण'अभियानों को ऊर्जा ?

● डॉ. रमेश ठाकुर

'अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस' मनाने का मुख्य मकसद विश्वभर में तेजी से घटती बाघों की आबादी को रोकने एवं उनके संरक्षण के प्रति समूची दुनिया को जागरूक करना है। यह दिन जंगल की शान कहे जाने वाले बाघों के लिए समर्पित है। सालाना ये दिन 29 जुलाई को पूरे संसार में मनाया जाता है। शुरूआत रूस स्थित सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर संरक्षण शिखर सम्मेलन के दौरान वर्ष 2010 में की गई थी।

विश्व स्तर पर बाघों की संख्या में पिछले कई दशकों में भारी गिरावट देखने को मिली है। एक समय ऐसा था जब बाघों की आबादी में लगभग 78 प्रतिशत तक कमी आ गई थी, जो वन्यजीव संरक्षण के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई। हालांकि, हाल के वर्षों में वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर किए गए प्रयासों के कारण स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। वर्तमान में विश्वभर में बाघों की संख्या लगभग 5,500 के आसपास आंकी जाती है, जिनमें से करीब 72 प्रतिशत बाघ अकेले भारत में पाए जाते हैं। वर्ष 2022 की बाघ गणना के अनुसार भारत में 3,682 जंगली बाघ दर्ज किए गए थे और इसके बाद भी इनकी संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है।

भारत बाघ संरक्षण के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश माना जाता है। यहां बाघों की गणना हर पांच साल में की जाती है और अगली गणना वर्ष 2027 में प्रस्तावित है। आधुनिक तकनीकों जैसे कैमरा ट्रैप, ड्रोन और डिजिटल ट्रैकिंग के माध्यम से बाघों की निगरानी को अधिक सटीक और प्रभावी बनाया गया है। हाल ही में मध्य प्रदेश के शिवपुरी क्षेत्र में बाघों की उपस्थिति को देखते हुए माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश का 58वां टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है, जो राज्य का नौवां टाइगर रिजर्व है।

यदि इतिहास पर नजर डालें तो लगभग 100 वर्ष पहले भारत में बाघों की संख्या एक लाख से भी अधिक हुआ करती थी, लेकिन समय के साथ यह घटकर कुछ हजार तक सीमित रह गई। वर्तमान में मध्य प्रदेश, कर्नाटक और उत्तराखंड जैसे राज्यों में बाघों की संख्या सबसे अधिक है। जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान आज भी बाघों का प्रमुख आवास स्थल बना हुआ है, जहां इनकी अच्छी-खासी संख्या पाई जाती है।

बाघों की घटती संख्या के पीछे कई गंभीर कारण जिम्मेदार हैं। इनमें प्राकृतिक आवासों की कमी, जंगलों का विखंडन, अवैध शिकार और मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रमुख हैं। तेजी से हो रहे शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण बाघों के रहने के क्षेत्र लगातार कम होते जा रहे हैं। एशिया के कुछ देशों जैसे कंबोडिया, लाओस और वियतनाम में बाघ पूरी तरह विलुप्त हो चुके हैं, जबकि अन्य देशों में उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

अवैध शिकार बाघों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बाघों के अंगों की भारी मांग के चलते शिकारियों के संगठित गिरोह सक्रिय रहते हैं। भारत में भी कई मामलों में बाघों के शिकार और उनके अंगों की तस्करी का खुलासा हुआ है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत दोषियों के लिए 3 से 7 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसे और कठोर बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि इस तरह के अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रजाति हैं। वे खाद्य श्रृंखला के शीर्ष पर होते हैं और जंगलों में अन्य जीवों की संख्या को संतुलित बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। भारत सरकार ने बाघों के संरक्षण के लिए वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरूआत की थी, जो आज भी सफलतापूर्वक जारी है। इस पहल के चलते देशभर में 19 राज्यों में 58 टाइगर रिजर्व स्थापित किए जा चुके हैं।

पिछले कुछ वर्षों में संरक्षण के क्षेत्र में कई सकारात्मक कदम उठाए गए हैं, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। शिकारियों की बढ़ती गतिविधियां, वन क्षेत्रों में अतिक्रमण और कभी-कभी आंतरिक मिलीभगत जैसी समस्याएं बाघों के लिए खतरा बनी हुई हैं। कुछ मामलों में वन्य कर्मियों की संलिप्तता भी सामने आई है, जो स्थिति को और गंभीर बना देती है।

यदि इन चुनौतियों पर समय रहते सख्ती से नियंत्रण नहीं किया गया, तो भारत अपनी वैश्विक अग्रणी स्थिति खो सकता है। इसलिए जरूरी है कि कानूनों को और कठोर बनाया जाए, निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए और आम जनता में जागरूकता बढ़ाई जाए। बाघों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से ही संभव है। निरंतर प्रयासों और ठोस नीतियों के माध्यम से ही इस अद्भुत वन्यजीव को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है।




**मेष:** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए।

**वृषभ:** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**मिथुन:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

**कर्क:** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

**सिंह:** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कन्या:** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें।

**तुला:** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे।

**वृश्चिक:** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**धनु:** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मकर:** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**कुंभ:** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

हिसार में बिजली निगम मुख्यालय पर

# किसानों ने किया प्रदेशस्तरीय धरना

## हाईटेंशन लाइनों के मुआवजे की 'लॉटरी व्यवस्था' वापस लेने की मांग

**अशोक कुमार, हरियाणा मेल**

**हिसार।** बिजली की हाईटेंशन लाइनों के मुआवजे की मार्केट वैल्यू तय करने के लिए लागू की गई कथित 'लॉटरी व्यवस्था' के विरोध में मंगलवार को प्रदेशभर से पहुंचे किसानों ने हिसार स्थित विद्युत सदन पर प्रदेशस्तरीय धरना दिया। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हाईटेंशन लाइनों के मुआवजे, लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन, कृषि क्षेत्र में पर्याप्त बिजली आपूर्ति समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और मांगपत्र सौंपा।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि इससे पहले हांसी, पानीपत सहित कई जिलों में भी प्रदर्शन किए जा चुके हैं। अब हिसार में प्रदेशस्तरीय धरना देकर सरकार से किसानों की मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की गई है।

किसान नेता हर्षदीप गिल ने कहा कि 30 जनवरी 2026 को हरियाणा सरकार ने हाईटेंशन बिजली लाइनों के नीचे और आसपास की भूमि का मुआवजा मार्केट वैल्यू के आधार पर 30, 45 और 60 प्रतिशत तक देने संबंधी व्यवस्था लागू करने की घोषणा की थी। इससे किसानों को उम्मीद थी कि खंभों के नीचे आने वाली भूमि का 200 प्रतिशत तक तथा तारों से प्रभावित क्षेत्र का उचित मुआवजा मिलेगा। लेकिन 29 अप्रैल 2026 को सरकार ने नया नोटिफिकेशन जारी कर मार्केट वैल्यू तय करने की प्रक्रिया में बदलाव कर दिया।



- हाईटेंशन लाइनों के मुआवजे, ट्यूबवेल कनेक्शन और 10 घंटे बिजली आपूर्ति को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी

किसानों का आरोप है कि नई लॉटरी प्रणाली पारदर्शी नहीं है और इससे किसानों के वैल्यूएटर द्वारा निर्धारित भूमि मूल्य का महत्व समाप्त हो जाएगा।

किसानों ने मांग की कि 29 अप्रैल 2026 का नोटिफिकेशन वापस लिया जाए तथा मार्केट वैल्यू तय करने की प्रक्रिया में किसानों के अधिकृत वैल्यूएटर की रिपोर्ट को भी शामिल किया जाए। उनका कहना है कि वर्ष 2021 में सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार की ओर से जारी सामान्य दिशा-निर्देशों में भी सभी संबंधित पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई थी।

धरने में किसानों ने शहर की सीमा से 15 किलोमीटर तक के गांवों को शहरी क्षेत्र मानते हुए हाईटेंशन तारों के नीचे और आसपास की भूमि का 60 प्रतिशत मुआवजा देने की भी मांग उठाई। इसके अलावा लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन तत्काल जारी करने, बोर खराब होने पर खेत में ट्यूबवेल शिफ्टिंग के नाम पर होने वाली कथित अवैध वसूली बंद करने, खरीफ सीजन के दौरान किसानों को दिन में 10 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने तथा गांवों में पर्याप्त बिजली कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग की गई।

किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात का समय देने की भी मांग की गई, ताकि किसान अपने पक्ष को तथ्यों और तर्कों के साथ सरकार के सामने रख सकें।

# एचएयू में तत्कालीन कुलपति की पत्नी की नियुक्ति पर विवाद

## तीन सरकारी अभिलेखों के आधार पर स्वतंत्र जांच की मांग

**महेंद्र गोयल, हरियाणा मेल**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सी.सी.एस. एच.ए.यू.), हिसार में निदेशक, कैंपस स्कूल की नियुक्ति का मामला एक बार फिर चर्चा में है। रोहित दलाल, अध्यक्ष, एन.एस.यू.आई., हिसार ने हितों के टकराव, जी.पी.एफ. हस्तांतरण, पेंशन एवं अन्य सेवा लाभ, भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं, ऑडिट आपत्तियों तथा कर्मचारी आचरण नियमों के संभावित उल्लंघन के संबंध में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है।

रोहित दलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार में कार्यरत श्रीमती संतोष कुमारी की सेवानिवृत्ति 31 अगस्त 2026 को निर्धारित थी, जबकि सी.सी.एस. एच.ए.यू. में सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष होने के कारण उन्हें अतिरिक्त सेवा अवधि तथा उससे जुड़े सेवा लाभ मिलने की संभावना बनी। उन्होंने यह भी कहा कि 9 फरवरी 2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट/कार्मिक समिति की बैठक में श्रीमती संतोष कुमारी से संबंधित प्रस्ताव पर तत्कालीन कुलपति डॉ. बी.आर. कम्बोज ने स्वयं अध्यक्षता की, जबकि लाभार्थी उनकी पत्नी थीं। इसी आधार पर हितों के टकराव तथा सी.सी.एस. एच.ए.यू. कर्मचारी आचरण नियमों के नियम 4(1) एवं 4(3) के संभावित उल्लंघन की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है।

### तीन सरकारी अभिलेखों के आधार पर जांच की मांग

रोहित दलाल ने दावा किया कि यह मामला केवल आरोपों पर आधारित नहीं है, बल्कि तीन स्वतंत्र सरकारी अभिलेखों—मंडल आयुक्त, हिसार की जांच रिपोर्ट, प्रधान महालेखाकार (ऑडिट), हरियाणा की टिप्पणियों तथा हरियाणा स्कूल शिक्षा निदेशालय, पंचकूला के आधिकारिक पत्र—में दर्ज तथ्यों पर आधारित है। उन्होंने इन अभिलेखों के आधार पर हरियाणा सरकार एवं अन्य सक्षम प्राधिकारियों से पूरे मामले की उच्चस्तरीय, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

### मंडल आयुक्त की जांच रिपोर्ट

रोहित दलाल ने कहा कि मंडल आयुक्त, हिसार की जांच रिपोर्ट के अनुसार निदेशक, कैंपस स्कूल पद के लिए कोई सार्वजनिक विज्ञापन जारी नहीं किया गया तथा नियुक्ति नवसृजित/पुनर्नामित पद पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की गई। रिपोर्ट में सी.सी.एस. एच.ए.यू. कर्मचारी आचरण नियमों के अध्याय-25 के नियम 4(1) का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि कोई भी विश्वविद्यालय कर्मचारी अपने पद अथवा प्रभाव का उपयोग अपने परिवार के सदस्य को विश्वविद्यालय में नियुक्त कराने के लिए नहीं कर सकता।

## खबरें फटाफट

### 10 .55 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी भी जब्त

**हिसार।** पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने नशा तस्करों के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पीरांवाली क्षेत्र से एक आरोपी को 10 ग्राम 550 मिलीग्राम हेरोइन (चिट्टा) और स्कूटी सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पीरांवाली निवासी अनिल उर्फ बब्बू के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक सेल की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी श्मशान घाट के पास स्कूटी पर नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 10.55 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में थाना सदर हिसार में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर हेरोइन के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ करेगी। एसपी सिद्धान्त जैन ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### डोडा पोस्त सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए मिलगेट टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 12 किलो 28 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तलवंडी बादशाहपुर निवासी गजानन्द के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि पंचमुखी चौक के पास एक व्यक्ति डोडा पोस्त बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को काबू कर लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी के पास मौजूद दो सफेद कट्टों की तलाशी ली गई, जिसमें कुल 12 किलो 28 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना आजाद नगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी, ताकि डोडा पोस्त के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इस मामले से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा सके।

### मानसून में बिजली सुरक्षा के प्रति डीएचबीवीएन अलर्ट, फील्ड टीमों को सतर्क रहने के निर्देश



**हिसार।** मानसून के दौरान लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने बिजली सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा के मौसम में विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए संभावित खतरों की समय रहते पहचान कर उनका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने मंगलवार को कहा कि यदि कहीं भी टूटा हुआ बिजली का खंभा, झुकी या लटकती विद्युत लाइन, खुला बिजली का तार, क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, करंट युक्त मीटर बॉक्स, अर्थ वायर, सपोर्ट वायर अथवा किसी भी प्रकार का विद्युत खतरा दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत निगम को दें, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को समय रहते रोका जा सके। प्रबंध निदेशक ने बताया कि डीएचबीवीएन में कार्यकारी अभियंता को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोई भी नागरिक संभावित विद्युत खतरे का फोटो, वीडियो, गूगल लोकेशन अथवा निकटतम लैंडमार्क सहित विवरण कार्यकारी अभियंता (सुरक्षा) के व्हाट्सएप नंबर 9050960500 पर भेज सकता है। सूचना प्राप्त होते ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान उपमंडल स्तर पर एसडीओ, कनिष्ठ अभियंता, फोरमैन, लाइनमैन तथा सहायक लाइन स्टाफ अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित सुरक्षा निरीक्षण करेंगे।

# रिश्वतखोर एसआई रंगे हाथ गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फतेहाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने मंगलवार दोपहर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए देश के शीर्ष-3 थानों में शुमार भट्टू कलां थाने में तैनात सब-इंस्पेक्टर रामपाल को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सब-इंस्पेक्टर कोर्ट परिसर के बाहर एक ठेले पर बिरयानी खाते हुए रिश्वत की रकम ले रहा था, तभी इंस्पेक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी सब-इंस्पेक्टर रामपाल ने एक दर्ज मामले में शिकायतकर्ता के पक्ष में गवाही देने के एवज में 30 हजार रुपये की मांग की थी। बाद में बातचीत के दौरान 20 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। शिकायतकर्ता रिश्वत देने के पक्ष में नहीं था, इसलिए उसने तुरंत इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो फतेहाबाद को दी। शिकायत



मिलते ही एसीबी ने मामले का गुप्त सत्यापन कराया, जो सही पाया गया। इसके बाद इंस्पेक्टर मनमोहन सिंह की अगुवाई में एक ट्रैप टीम का गठन किया गया।

योजनाबद्ध तरीके से मंगलवार को शिकायतकर्ता को फतेहाबाद कोर्ट परिसर के पास भेजा गया। सब-इंस्पेक्टर रामपाल वहां एक ठेले पर बिरयानी खा रहा था और उसने शिकायतकर्ता के लिए भी बिरयानी ऑर्डर की। जैसे ही शिकायतकर्ता ने 20 हजार रुपये की राशि एसआई के हाथ में थमाई, आसपास पहले

- आरोपी सब-इंस्पेक्टर कोर्ट परिसर के बाहर एक ठेले पर बिरयानी खाते हुए ले रहा था रिश्वत की रकम

से तैनात एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथ काबू कर लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम आरोपी सब-इंस्पेक्टर को पूछताछ और आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए तुरंत एसीबी कार्यालय ले गई।

आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि गृह मंत्रालय द्वारा भट्टू कलां पुलिस स्टेशन को देश के शीर्ष तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में चुना जा चुका है। ऐसे में इसी थाने के अधिकारी का इस तरह सरेआम रिश्वत लेते पकड़े जाना पूरे पुलिस महकमे के लिए एक बड़ा झटका और फजीहत का कारण माना जा रहा है।

## आर्डिनरी लेफ्टिनेंट बनवाने का झांसा देकर तीन लाख ठगे

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने छुट्टी आए फौजी से साइबर ठगों द्वारा आर्डिनरी लेफ्टिनेंट बनवाने का झांसा देकर तीन लाख रुपये ठगने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खटकड़ निवासी वजीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आर्मी में डयूटीरत है। फिलहाल वह छुट्टी आया हुआ है। गत 22 जुलाई को उसके पास जानकार सुबेदार हेमराज की मोबाइल पर कॉल आई। जिसने बताया कि उसकी सुबेदार मनजीत से बातचीत हुई है। जिसने तीन लाख रुपये में आर्डिनरी लेफ्टिनेंट बनवाने की बात कही है। उसने भी तीन लाख रुपये मनजीत को दिए हैं। उसने सुबेदार मनजीत को आपका नंबर दिया है। कुछ देर के बाद मनजीत सुबेदार के अलग-अलग नंबरों से काल आई। बातचीत होने पर उसने आर्डिनरी लेफ्टिनेंट बनवाने के बारे में कहा और साथ ही उसने अपना बैंक खाता भी भेज दिया। जिसके बाद उसने दिए गए खाते में 22 तथा 23 जुलाई को तीन लाख रुपये एनएफटी के माध्यम से डलवा दिए। गत 24 जुलाई को उसके फोन पर मनजीत की फिर से व्हाटसअप कॉल आई।

# अतिक्रमण पर निगम का एक्शन कई बाजारों से हटाया कब्जा



**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। मेयर प्रवीण पोपली के निर्देश और अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के मार्गदर्शन में मंगलवार को निगम की टीम ने शहर के विभिन्न बाजारों और प्रमुख सड़कों पर कार्रवाई की। अभियान की शुरुआत मलिक चौक से परिजात चौक तक हुई।

इसके बाद रेलवे रोड, पोस्ट ऑफिस के सामने, नागौरी गेट से गुलाब सिंह चौक, गांधी चौक, आर्य बाजार, बालाजी मार्केट, राजगुरु मार्केट और बिश्नोई मंदिर मार्केट सहित कई क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया। गांधी चौक पर दुकान की सीमा से बाहर रखा 2-3 दुकानदारों का सामान भी निगम ने जब्त किया। इसके अलावा तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला, सिरसा चुंगी और आईटीआई चौक के आसपास भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने दुकानदारों और नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं करने तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

## माली से लूटपाट मामले में 4 दोषी, 3-3 साल की सजा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**हिसार।** हांसी के नारनौंद क्षेत्र में सरकारी स्कूल के एक माली से मारपीट कर बाइक, मोबाइल और पर्स लूटने के करीब सात साल पुराने मामले में हिसार की सेशन कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। सेशन जज अलका मलिक ने दोषी अभिनाश, संजीव, अरुण और अजय उर्फ सोनू पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव गुराना निवासी महाबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह सरकारी स्कूल डाटा में माली के पद पर कार्यरत है। 23 जून 2019 की रात करीब 9:30 बजे वह अपने ननिहाल से बाइक पर गांव लौट रहा था।

जब वह किन्नर बस स्टैंड से करीब चार-पांच किलोमीटर आगे जींद-बरवाला रोड पर मिर्चपुर की तरफ पहुंचा तो सड़क किनारे खड़ी एक सफेद कार से चार युवक बाहर निकले। आरोप है कि चारों ने उसकी बाइक रुकवाकर उसके साथ मारपीट की और बाइक, आईटेल कंपनी का मोबाइल फोन तथा पर्स लूट लिया। पर्स में 40 रुपये नकद, बाइक की आरसी, आधार कार्ड और पैन कार्ड रखे हुए थे।

# चौपटा क्षेत्र में 2 बाइकों की भिड़ंत, एक युवक की मौत

**महेंद्र सिंह, हरियाणा मेल**

**चौपटा।** क्षेत्र खण्ड के गांव नहराणा के पास चौपटा-भट्टू रोड़ पर 2 मोटरसाइकिलों की जोरदार भिडंत हो गई जिसमें गांव बरासरी के एक युवक की मौत हो गई और पिली मंदोरी निवासी युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गांव बरासरी निवासी करीब 29 वर्षिय संजय पुत्र रोहतास भट्टू से अपने गांव बरासरी मोटरसाइकिल से आ रहा था। इसी दौरान पिली मंदोरी निवासी करीब 25 वर्षिय विनोद कुमार पंजाब हेड़ से बाइक पर अपने गांव पिली मंदोरी आ रहा था। गांव नहराणा के चौपटा भट्टू रोड़ पर सोमवार रात को दोनों बाइकों की भिडंत हो गई। संजय पुत्र रोहताश निवासी बरासरी की गंभिर हालत को देखते हुए एंबुलेस से सिरसा ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विनोद कुमार को नाथूसरी चौपटा के सामुहिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथ्मिक उपचार के बाद सिरसा रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर नाथूसरी चौपटा थाना के हवलदार जगदीश चन्द्र घटना स्थल पर पहुचे और मुआयना किया। नाथूसरी चौपटा थाना में परिजनों के आधार पर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।



संजय कुमार का शव सिरसा के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को शौंप दिया और घायल विनोद कुमार का इलाज जारी है। मृतक संजय के भाई पवन कुमार चाचा महावीर ने बताया कि संजय भट्टू कंला में दुकान चलाता था और विवाहित है एक लड़का व लड़की दो बच्चे है।

'श्री गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान' के तहत

# भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**हिसार।** भारतीय जनता पार्टी के 'श्री गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान' के तहत जिला कार्यालय में विशेष जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला का उद्देश्य संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के समरसता, समानता और सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक समावेशिता के संकल्प को मजबूत करना रहा।



कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नलवा विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व मेयर प्रवीण पोपली ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि संत श्री गुरु रविदास जी ने समाज को जाति-पांति और भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने तथा सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा की सामाजिक समरसता के संकल्प को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में जिले के सभी पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से संत गुरु रविदास जी के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि समाज में समानता, सद्भाव और सामाजिक समावेशिता की भावना और अधिक मजबूत हो सके। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यशाला में जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकुमार इंदौरा, सह संयोजक बहादुर सिंह नंगथला, सियाराम सरपंच सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में छह माह में 182 सड़क हादसे, 95 की मौत

## एडीसी ने ब्लैक स्पॉट सुधारने और मॉडल रोड विकसित करने के दिए निर्देश

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हिसार।** जिले में बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने संबंधित विभागों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में जनवरी से जून 2026 तक जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई और दुर्घटना संभावित स्थानों (ब्लैक स्पॉट) पर सुधारात्मक कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 के पहले छह माह में जिले में कुल 182 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें 82 घातक और 100 गैर-घातक हादसे शामिल हैं। इन दुर्घटनाओं में 95 लोगों की मौत हुई, जबकि 480 लोग प्रभावित हुए। अकेले जून माह में 14



लोगों की जान गई। एडीसी शालिनी चेतल ने अधिकारियों को दुर्घटनाओं के कारणों का गहन विश्लेषण कर रोकथाम के लिए ठोस और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की भी समीक्षा की गई। जून माह में हिसार पुलिस ने विभिन्न उल्लंघनों पर 16,229 चालान किए, जबकि आरटीए ने 342 चालान कर 1,00,46,800 रुपये का जुर्माना लगाया। पुलिस द्वारा बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, ओवरस्पीड, गलत पार्किंग, गलत दिशा में वाहन चलाने, नशे में ड्राइविंग और लेन उल्लंघन जैसे मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

एडीसी ने नागरिकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक भागीदारी से ही दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, एचएसवीपी, एचएसआईआईडीसी और हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड को एक-एक मॉडल रोड चिन्हित कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विभागों को अपने अधीन आने वाली सड़कों का सेफ्टी ऑडिट कराने और ऑडिट में सामने आई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के आदेश दिए गए। जिन सड़कों की डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि अगले छह माह में समाप्त होने वाली है, उनका विशेष रूप से निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए गए।

# जिले से आठ नशा तस्कर गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान जितेंद्र सिंह, लखविंद्र सिंह, विजय सिंह, जगदीश, रवि कुमार, राजेंद्र, सहीराम व सुनील कुमार के रूप में हुई है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान गुरु तेग बहादुर नगर सिरसा क्षेत्र मे मौजूद थी। इसी दौरान सामने से बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए जो कि पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक को वापस मोडक़र खिसकने का प्रयास करने लगे।

पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें रोका और तलाशी ली तो उनके कब्जे से छह ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा डबवाली पुलिस ने गांव कालुआना क्षेत्र से बाइक सवार रवि कुमार व राजेंद्र को सात ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने गांव गोरीवाला क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार दो आरोपियों विजय सिंह व जगदीश को को छह ग्राम हेरोइन सहित दबोचा है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से दो बाइक भी जब्त की हैं।

सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने चूरापोस्त तस्करी मामले में वांछित दो आरोपियों राजस्थान के बीकानेर जिला निवासी सहीराम व सुनील को 11 साल बाद ऐलनाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार। पुलिस के अनुसार वर्ष 2015 में शहर थाना क्षेत्र में चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के समीप बिना नंबर प्लेट लावारिस खड़ी एक पिकअप गाड़ी से 140 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया था। इस मामले में अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान आरोपियों की पहचान राजस्थान के बीकानेर जिला निवासी सहीराम व सुनील कुमार के रूप में हुई थी। दोनों वारदात के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित पुलिस थानों में मामला दर्ज कर नशा तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

# विकास कार्यों के लिए खर्च किया जाएगा 46 लाख का बजट: सुधा

**हरिदास, हरियाणा मेल**



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से शहर के विकास के लिए 46 लाख का बजट खर्च किया जाएगा। इतना ही नहीं शहर के विकास में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बजट की कोई कमी नहीं रख रहे। आए दिन शहर में एक के बाद एक विकास कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के किसी भी प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास ले जाने के देरी हैं, वहां से परियोजना को मंजूरी साथ के साथ मिल रही है।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को सेक्टर 5 में 46 लाख की लागत के विकास कार्यों का उदघाटन करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बजट से सेक्टर 5 में ग्रीन बेल्ट की चार दीवारी, ग्रीन बेल्ट में ग्रिल, नागरिकों के बैठने के लिए बैंच इत्यादि का विकास कार्य किया जाएगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से ही थानेसर हल्का का चहुंमुखी विकास कार्य 3 गुणा गति के साथ किया जा रहा है। इस सरकार ने गांव और शहरों के हर वार्ड का सामान रूप से विकास कार्य करवाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से थानेसर हल्का के विकास का सैंकडों करोड का बजट खर्च किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सबका साथ सबका विकास की नीति को आधार मानकर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने का काम किया है।

इस सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का फायदा मिले। इस अवसर पर मलकीत ढांडा, मोहिन्द्र मेहत्ता, अनिल शर्मा, शीश पाल शर्मा, महेन्द्र सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हिंदी को मिले राजकीय कामकाज में गरिमापूर्ण स्थान

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की नवगठित हिंदी सलाहकार समिति की पहली बैठक नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से नामित सदस्यों ने भाग लिया और राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भारतीय भाषाओं के संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

बैठक में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहे हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य तथा हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने यहां बताया कि उन्होंने बैठक में हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार, राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भारतीय भाषाओं के समन्वित विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हिंदी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि भारत की विविध भाषायी और सांस्कृतिक परंपराओं को जोड़ने वाला एक सशक्त सेतु है। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय यदि राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन का आदर्श स्थापित करता है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे प्रशासनिक तंत्र पर पड़ेगा।

उन्होंने सुझाव दिया कि हिंदी सलाहकार समिति की नियमावली के अनुरूप प्रत्येक वर्ष कम-से-कम दो बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएँ।

### महापौर ने फिर किया जनसंवाद

## समस्या समाधान को दी प्राथमिकता

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**करनाल।** आमजन की समस्याओं के समाधान और जनता से निरंतर संवाद की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को नगर निगम स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, सुझाव और क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषय महापौर के समक्ष रखे।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सभी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि

- शहरवासियों से सीधा संवाद, बेहतर सुविधाओं और सुचारु व्यवस्था पर दिया जोर

लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जनसुनवाई के दौरान सड़क निर्माण एवं मरम्मत, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज व्यवस्था, पार्कों के रखरखाव सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों पर नागरिकों ने अपनी बात रखी। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना नगर निगम की जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

इस दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायतें सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। नागरिकों की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करना ही सुशासन की वास्तविक भावना है। उन्होंने कहा कि करनाल शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

## खबरें फटाफट

### गौरव गोयल बने भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य



**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी की करनाल जिला कार्यकारिणी में गौरव गोयल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही उन्हें शक्ति केंद्र पालक अर्बन मंडल की जिम्मेवारी भी मिली है। अपनी नियुक्ति पर गौरव गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता और जिला प्रधान प्रवीण लाठर का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें मिली है उसे वह ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में चहुंमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश का कोई जिला और कोई वर्ग विकास से अछूता नहीं रहा है। सीएम की सोच है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक यह गर्व करे कि वह हरियाणा का निवासी है। भाजपा सरकार के शासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। युवाओं को रोजगार मिला है।

### दुकान से चांदी की मूर्तियां व सामान चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने दुकान से चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना झांसा की पुलिस टीम ने दुकान से चोरी करने के आरोपी अंकित कुमार वासी झांसा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने चोरीशुदा मूर्तियाँ खरीदने के आरोपी जतिन उर्फ़ शैंकी वासी झांसा जिला कुरुक्षेत्र को भी किया गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 15 जुलाई 26 को थाना झांसा में दी अपनी शिकायत मे गौरव वर्मा वासी झांसा ने बताया कि वह बाजार मे सुनार का काम करता है। 10 दिन पहले उसने दुकान शिफ्ट की थी और पुरानी दुकान पर अंकित कुमार वासी झांसा को काम पर रखा था। अंकित ने पुरानी दुकान से बीते सोमवार को चांदी की मूर्तियां और अन्य चांदी के जेवरात लगभग 2 किलोग्राम चांदी का सामान चोरी कर लिया। आरोपी उसी दिन से फरार है। जिसकी शिकायत पर थाना झांसा में मामला दर्ज करके जांच मुख्य सिपाही सुभाष चंद को सौंपी गई। दिनांक 27 जुलाई 26 को थाना झांसा प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्गनिर्देश में मुख्य सिपाही सुभाष चंद,उप निरीक्षक पवन कुमार, सिपाही परस व होम गार्ड प्रमोद की टीम ने दुकान से चोरी करने के आरोपी अंकित कुमार वासी झांसा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

### एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के आरोपी संदीप वासी मसुदपुर जिला हांसी हाल वासी जगदीश कालोनी हांसी व राजेश उर्फ राजी वासी पाना बुचैन जिला रोहतक हाल वासी जगदीश कालोनी हांसी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 20 फ़रवरी 25 को बलबीर सिंह वासी धनौरा जट्टान जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि दिनांक 20 फ़रवरी 25 को समय 2-40 बजे दोपहर को वह लडवा बस स्टैंड के सामने एटीएम से पैसे निकालने के लिये गया था1 जब उसने पैसे निकलवाने के लिये अपना एटीएम कार्ड लगाया और रकम डाली तो पैसे नहीं निकले। उसी समय दो नामपता नामालूम व्यक्ति एटीएम के अन्दर आए और उसका एटीएम कार्ड उससे लेकर पहले 3 हजार व दूसरी बार 2 रूपये की ट्राजैक्सन कराई। इसी दौरान उन्होने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया जो मुझे पता नही लगा। कुछ देर बाद उसके पास दस हजार कटने का का मैसज आया तो वो उसी समय लाडवा बैंक मे गया। उसने स्टेटमैन्ट निकलवाई तब तक उसके से 35 हजार रूपए कट चुके थे। उसने बैंक में एटीएम कार्ड चैक करवाया तो पाया कि उसका एटीएम कार्ड बदला गया है।

# बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने की मीटिंग



**आशुतोष गौतम, हरियाणा मेल**

**करनाल।** हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा हरियाणा के आह्वान सर्कल करनाल की संयुक्त मीटिंग एच वी पी एन रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। इस मीटिंग की अध्यक्षता हरियाणा पावर इंजीनियर एसोसिएशन के जिला प्रधान सुभाष पानू ने व संचालन एचएसईबी के सर्कल सचिव गुरमीत सिंह ने किया।

मीटिंग में सभी संगठनों के पदाधिकारी ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि 29 जुलाई को सर्कल स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में सभी बिजली कर्मचारी और इंजीनियर प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से भागीदारी करेंगे। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर के नीचे सर्कल ऑफिस से प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय में पहुंचकर उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। सरकार संयुक्त मोर्चे के साथियों से बात करके कर्मचारी और इंजीनियर एसोसिएशन की मांगों का समाधान करें और अलग एग्री डिस्कॉम बनाना बंद करें । गुड़गांव व नूह में पैरेलल लाइसेंस पर रोक लगे। स्मार्ट मीटर योजना बंद हो। अन्यथा आने वाली 11 से 13 अगस्त तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हड़ताल की जाएगी। अगर सरकार फिर भी नहीं मानती है तो इस हड़ताल को अनिश्चित कालीन में बदल दिया जाएगा। इस मीटिंग में सभी संगठनों के पदाधिकारी ने भाग लिया। इस अवसर पर युवराज सिंह, गौरव शर्मा, देवेंद्र शर्मा, महावीर सिंह, नवीन कुमार, राजेंद्र राणा, सतीश मान, रमेश कुमार ,रविंद्र मान व विशाल बनवाला ने भाग लिया।

## स्वास्थ्य जांच के साथ नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का दिया संदेश




**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला के सभी उप नागरिक अस्पतालों, सभी सीएचसी में एक दिवसीय चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में नागरिकों के स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, वहीं हेपेटाइटिस बीमारी से बचाव, स्वच्छता और पौधारोपण के प्रति जागरूक भी किया गया। चिकित्सकों ने उपस्थित जनसमूह को हेपेटाइटिस के लक्षण, कारण, बचाव व उपचार के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही नागरिकों को प्रेरित किया गया कि वे अपने आसपास साफ-सफाई रखें और अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

## भेलूपुर में युवक की चाकू मार कर हत्या, दोस्त हिरासत में

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जनपद के भेलूपुर थाना क्षेत्र के बजरडीहा स्थित वीडीए कॉलोनी में मंगलवार तड़के एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। युवक का रक्तरंजित शव उसके कमरे से मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर भेलूपुर एसीपी, थाना प्रभारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृतक के साथ रहने वाले उसके दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान दीपांशु राय के रूप में हुई है। वह अपने मित्र खुश पांडेय के साथ बजरडीहा स्थित वीडीए कॉलोनी के एक कमरे में रहता था। मंगलवार तड़के करीब तीन बजे पुलिस कंट्रोल रूम (112) पर सूचना मिली कि दीपांशु अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो दीपांशु का शव खून से लथपथ हालत में कमरे में मिला। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि देर रात किसी धारदार हथियार, संभवतः चाकू, से हमला कर उसकी हत्या की गई। इस संबंध में एसीपी भेलूपुर ने मीडिया कर्मियों को बताया कि बजरडीहा स्थित वीडीए कॉलोनी में दीपांशु राय और खुश पांडेय दोनों दोस्त एक कमरे में रहते थे।

रात 3 बजे 112 नंबर पर पुलिस को सूचना मिली थी कि दीपांशु राय अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ा है। मौक पर दीपांशु राय खून से लथपथ मृत अवस्था में कमरे में पड़ा था।

## 10 माह पहले लापता बच्चों को परिजनों से मिलाया

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** बाल कल्याण समिति के चेयरपर्सन राजीव कुमार ने कहा कि बाल कल्याण समिति ने राजस्थान के अलवर से 10 माह पहले लापता बच्चे के परिजनों को ढूंढकर उनको बच्चा सौंप दिया है। लावारिस बच्चा मूक बधिर है। बच्चे के मिलने के बाद परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने बाल कल्याण समिति का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि 30 सितंबर 2025 को थाना इस्माईलाबाद के द्वारा एक मूक बधिर बालक काल्पनिक नाम राजा आयु लगभग 10 वर्ष को पेश किया गया। बच्चे का दाखिला स्थाई तौर पर बाल आश्रम लाडवा, कुरुक्षेत्र में करवा दिया गया था। जिसकी जांच पडताल बाल कल्याण समिति, कुरुक्षेत्र के द्वारा राज्य अपराध शाखा, पंचकूला एसआई राजेश कुमार के द्वारा की गई। जांच में पाया गया कि बच्चा जिला अलवर, राजस्थान का है। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट वहां के थाने में दर्ज है।

उन्होंने कहा कि बच्चे परिजन कार्यालय में उपस्थित हुए और सभी तरह की जांच पड़ताल के पश्चात बच्चे को उसके परिजनों को बाल कल्याण समिति के द्वारा सौंप दिया गया।

## एक्सपोर्ट प्रोफाइल व एक्सपोर्ट एक्शन प्लान जल्द करें तैयार

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** एडीसी डॉ. राहुल रईया ने कहा कि जिला को निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के लिए स्थानीय उत्पादों, उद्योगों तथा उद्यमियों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इसके लिए सभी विभाग एवं संस्थान आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्यात को बढ़ावा देने वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

एडीसी डॉ. राहुल रईया मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला को एक्सपोर्ट हब बनाने के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समन्वय को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की विस्तृत एक्सपोर्ट प्रोफाइल तैयार की जाए तथा जिले के सभी निर्यातकों




(एक्सपोर्टर्स) की सूची तैयार की जाए, ताकि जिला को एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्यातकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र उद्यमी तक पहुंचाया जाए तथा जिले की निर्यात क्षमता का व्यापक आकलन करते हुए नए उत्पादों और नए बाजारों की पहचान की जाए। एडीसी ने कहा कि निर्यात बढ़ाने में आने वाली चुनौतियों को चिन्हित कर उनका समयबद्ध समाधान किया जाए, जिससे जिले के व्यापार को नई गति मिल सके।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में जल्द लहराएगा 108 फुट ऊंचा तिरंगा

### विवि प्रशासन और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम ने ध्वज स्थल का किया निरीक्षण

**सोनिका वधवा, हरियाणा मेल**

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में धरोहर के पास जल्द ही 108 फुट ऊंचा विशाल राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराएगा। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा फ्लैग पोल और उससे संबंधित आवश्यक सामग्री विश्वविद्यालय पहुंचा दी गई है। तकनीकी ड्राइंग के अनुरूप फ्लैग पोल के फाउंडेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। मंगलवार को विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र पाल तथा फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम ने ध्वज स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान फ्लैग पोल की तकनीकी संरचना, सुरक्षा मानकों



और स्थापना प्रक्रिया पर चर्चा की गई। अब शीघ्र ही फ्लैग पोल स्थापित कर विश्वविद्यालय परिसर में विशाल तिरंगा फहराया जाएगा।

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा कि यह विशाल तिरंगा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इससे युवाओं में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय मूल्यों और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना और अधिक मजबूत होगी तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिलेगी।

फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी मेजर जनरल असीम कोहली (सेवानिवृत्त) ने कहा कि संस्था देशभर में 230 से अधिक विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कर चुकी है, जिन्होंने राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सशक्त किया है।

सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह (पूर्व आईएएस) ने कहा कि फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि राष्ट्रीय ध्वज भारत की अस्मिता, गौरव और संवैधानिक मूल्यों का प्रतीक है। विशाल तिरंगा प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है।

# सम्पूर्णानंद विवि के दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास

### दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन में एक नए अध्याय के प्रारम्भ का प्रतीक : कुलपति

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 44वें दीक्षांत समारोह के पूर्वसंध्या पर मंगलवार को समारोह के लिए भूमिपूजन के बाद दीक्षांत स्थल मुख्य भवन में इसका पूर्वाभ्यास भी किया गया। इसकी शुरूआत शैक्षणिक शिष्टयात्रा के पूर्वाभ्यास से हुई। शिष्टमंडल के सदस्यों ने शोभायात्रा के साथ दीक्षांत मण्डप में प्रवेश किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन में एक नए अध्याय की प्रारम्भ का प्रतीक है, जिसमें वे अपने ज्ञान और कौशल का व्यावहारिक प्रयोग करने का संकल्प लेते हैं। दीक्षांत से अभिप्राय है, छात्राओं ने जो उपाधि प्राप्त की है,



उनके जीवन का सैद्धांतिक पक्ष था। अब उन्हें अपने ज्ञान और कौशल का व्यावहारिक प्रयोग करने का समय आ गया है। कुलपति ने विद्यार्थियों को विनय, योग्यता और धन के सही उपयोग की प्रेरणा दी।

#### पूर्वाभ्यास में इनकी रही उपस्थिति

दीक्षांत पूर्वाभ्यास के शोभायात्रा में कुलपति के साथ न्यायमूर्ति अनिरुद्ध सिंह, प्रो. जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी,अविनाश चन्द्र पांडेय,कुलसचिव राकेश कुमार,प्रो. रामपूजन पांडेय, प्रो. जितेन्द्र कुमार, प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल, प्रो. सुधाकर मिश्र, प्रो. हीरक कांत चक्रवर्ती, प्रो. महेन्द्र पाण्डेय, प्रो. विधु द्विवेदी, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो शैलेश कुमार मिश्र आदि भी शामिल रहे।

#### विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद ने उपाधियों पर लगाया मुहर

मंगलवार को कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में क्रमशः विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद में यहां के सभी क्रमशः मध्यमा, पूर्वध्यमा सहित शास्त्री,आचार्य एवं विद्यावारिधि, विद्यावाचस्पति में 11958 उपाधियों एवं 51 मेडल/पदक पर मुहर लगा। जिसको बुधवार को पूर्वाह्न 9:00 बजे उत्तर प्रदेश की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल वितरित करेंगी। समारोह में वैज्ञानिक तथा आईआईटी के आचार्य पद्मश्री प्रो. आशुतोष शर्मा बतौर मुख्य अतिथि दीक्षांत भाषण देंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के उच्चशिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय तथा सारस्वत अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी होंगी।

# डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-13 के छात्र हर्ष का शानदार प्रदर्शन

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** डीएवी सीएमसी द्वारा आयोजित डीएवी स्पोर्ट्स इंटर स्कूल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-13 के कक्षा पाँचवीं के छात्र हर्ष ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कैथल जोन में आयोजित प्रतियोगिता की अंडर-14 श्रेणी में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक (सिल्वर मेडल) अपने नाम किया।

हर्ष की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका एवं समस्त अध्यापिकाओं ने हर्ष को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता हर्ष की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और खेल के प्रति उसके जुनून का परिणाम है।

मुख्य अध्यापिका ने विश्वास व्यक्त किया कि हर्ष भविष्य में भी इसी लगन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास के बल पर नई ऊँचाइयों को छुएगा तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अपने परिवार और देश का नाम गौरवान्वित करेगा।



विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी निर्माण करते हैं।

## 200 किलो मिलावटी घी जब्त, मिड-डे मील किचन से भी नमूने लिए

हरियाणा मेल, एजेंसी

**बागपत।** बागपत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और बड़ौत पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 200 किलो मिलावटी घी जब्त किया। जब्त घी की कीमत करीब 1.30 लाख रुपये आंकी गई है। टीम ने मिड-डे मील सप्लायर की सेंट्रल किचन से भी तीन नमूने संग्रहीत किए हैं। कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ और जिलाधिकारी बागपत के निर्देश पर की गई। टीम ने छपरौली चुंगी, बड़ौत के पास हरियाणा नंबर की इको कार को रोककर जांच की। वाहन में सवार तीन लोग मुजफ्फरनगर के शाहपुर से सोनीपत के लिए घी ले जा रहे थे। जांच के दौरान पांच ड्रम में भरा 200 किलो घी संदिग्ध पाया गया, जिस पर मिलावट की आशंका में विधिक नमूना लेकर पूरा माल जब्त कर लिया गया।

इसके अलावा अग्रवाल मंडी टटीरी स्थित ग्रामीण विकास सेवा संस्थान की सेंट्रल किचन से आटा, दाल और चावल के नमूने लिए गए। यह किचन विभिन्न स्कूलों के लिए मिड-डे मील तैयार करता है। सहायक आयुक्त (खाद्य) डीपी सिंह का कहना है कि सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

# नई ऊर्जा से भरपूर युवाओं के नए विचार हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण: भजनलाल



हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा से लेकर खेल, रोजगार से लेकर स्वरोजगार तक युवाओं के हर सपने को पूरा करने में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार पेपरलीक पर प्रभावी रोक, रिकॉर्ड सरकारी भर्तियों, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन तथा कौशल विकास के माध्यम से युवाओं का उज्ज्वल भविष्य बनाने में सहयोगी बन रही है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सपनों की उड़ान कार्यक्रम में युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि विचारशील, अनुशासित एवं संस्कारवान युवा विकसित भारत-विकसित राजस्थान के आधार हैं। युवा नए विचार और नई ऊर्जा से भरपूर होते हैं। हमारी सरकार युवाओं से संवाद कर बजट में उनके बहुमूल्य सुझावों को शामिल करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को और बेहतर बनाने के लिए युवाओं के साथ इस तरह के संवाद बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार युवाओं के सुझावों पर विचार कर आगामी योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि माता-पिता बच्चों के सबसे पहले गुरु होते हैं, युवा उनसे सीख लेकर लगन, मेहनत, अनुशासन, संस्कारों को आत्मसात करें और आत्मविश्वास के साथ उनके सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि युवाओं का सामर्थ्य असीमित है। हमारा प्रयास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप हमारे प्रदेश का युवा विकास में अपना योगदान दे। हर युवा को सम्मान मिले और उसे अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत ढाई वर्षों में 1 लाख 78 हजार से अधिक युवाओं के सरकारी नौकरी के सपने को साकार किया है। करीब 51 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं तथा 80 हजार से अधिक पदों की भर्ती कलैण्डर में शामिल है। साथ ही, 70 हजार नए पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है। वहीं, निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख रोजगार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पेपरलीक के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की है, कानून को और सख्त बनाया गया है और भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया जा रहा है।

### नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बने युवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान का युवा केवल नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बने, इसके लिए सरकार द्वारा उद्यमिता एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राजस्थान स्टार्टअप कार्यक्रम के तहत अब तक 4 हजार 623 स्टार्टअप्स पंजीकृत हुए हैं तथा 1 हजार 62 स्टार्टअप्स को आई-स्टार्ट फंड से 34 करोड़ रुपये की फंडिग प्रदान की गई। 9 स्टार्टअप प्रोग्राम पूर्ण किए गए हैं, जिसमें कुल 988 स्टार्टअप्स ने भाग लिया। साथ ही, राज्य कौशल नीति-2025 और युवा नीति भी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि अपने प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के दम पर राजस्थान अब खेलों में नई पहचान बना रहा है। राज्य सरकार खेल संरचना का विस्तार, अकादमियों की स्थापना, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजस्थान टारगेट ऑलम्पिक पोडियम योजना लागू की गई, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स आयोजित किए गए। 17 नवीन खेलो इंडिया केंद्र प्रारंभ किए जा रहे हैं।

## डीआरएम निरीक्षण: यात्री सुविधाओं, माल राजस्व वृद्धि एवं संरक्षित रेल संचालन पर दिया विशेष जोर



हरियाणा मेल, एजेंसी

**बीकानेर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने बीकानेर मंडल के सादुलशहर, बनवाली एवं श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर विभिन्न विकास एवं परिचालन कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने सबसे पहले सादुलशहर स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, टिकट बुकिंग कार्यालय, पैनल कक्ष सहित विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण कर स्टेशन पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने बनवाली स्टेशन का निरीक्षण किया तथा गुड्स शेड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को व्यापारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर माल ढुलाई बढ़ाने एवं माल राजस्व में वृद्धि के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए।

अपने दौरे के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के पुनर्विकास का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। लगभग 20.60 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन भवन का आधुनिकीकरण, प्रवेश एवं निकास मार्गों का पृथक्करण, बाउंड्री वॉल, सकुर्लेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों के लिए पृथक पार्किंग, बुकिंग कार्यालय, रिटायरिंग रूम, नए शौचालय ब्लॉक तथा अन्य यात्री सुविधाओं का उन्नयन किया गया है।उन्होंने बताया कि स्टेशन पर एलईडी लाइटिंग, आकर्षक आर्टवर्क, दिव्यांगजन अनुकूल साइनेज, आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन एवं सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बड़े एलईडी स्क्रीन तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक भी स्थापित किए गए हैं।

### ट्रेनों की समयपालनता में उत्तर पश्चिम रेलवे देशभर में प्रथम स्थान पर

**जयपुर।** महाप्रबंधक पंकज शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे ने रेल परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करते हुए इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालनता 94.46 प्रतिशत से भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान पर चल रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे इस वित्तीय वर्ष में अब तक 94.46 प्रतिशत समयपालनता में भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान पर चल रहा है। उल्लेखनीय की विगत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में उत्तर पश्चिम रेलवे की मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालनता में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वितीय स्थान पर था।

## खबरें फटाफट

### इंटरनेशनल कॉलिंग कर मंडी व्यापारी से साइबर फ्रॉड, 1.45 लाख की ठगी

**जोधपुर।** शहर के मंडी व्यापारी को शातिर ने साइबर ठगी का शिकार बनाया। उसे इंटरनेशनल कॉल कर सोना चांदी की लाने की बात कहकर वाटसअप कॉल पर बात की। बाद में मुंबई पहुंचने और कस्टम विभाग द्वारा पकड़े जाने पर अधिकारियों से बात कराई। व्यापारी ने शातिर की बातों में आकर उनके बताए खातों में पांच छह बार में एक लाख 45 हजार रुपए डाल दिए। बाद में ठगी का अहसास होने पर साइबर पोर्टल पर इसकी शिकायत दी। अब माता का थान पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है। माता का थान पुलिस थाने के एएसआई रामलाल ने बताया कि मूलत : ओसियां के डाबड़ी हाल अमर नगर माता का थान निवासी विशनाराम पुत्र बाबूलाल विश्नोई की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि उसके पास में 25- 26 जुलाई को किसी शातिर ने इंटरनेशनल कॉल किया था। फिर बातों में लेकर विदेश से सोना चांदी लाने की बात की। इस पर मंडी किराणा व्यापारी उसकी बातों में आ गया और वाटसअप कॉल से बात की। शातिर ने 26 जुलाई को खुद को मुंबई पहुंचने की जानकारी और कहा कि उसे कस्टम वालों ने पकड़ लिया है।

### सांगानेर क्षेत्र में 73 घरेलू गैस सिलेंडर, दो वाहन और एक मोटरसाइकिल जब्त

**जयपुर।** घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, कालाबाजारी एवं अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला कलक्टर संदेश नायक के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी, जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में गठित सतर्कता दल ने सांगानेर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई कर अवैध गैस रिफिलिंग के मामले का खुलासा किया। सतर्कता दल ने मनोरियावाला साहीपुरा , सांगानेर क्षेत्र में दबिश देकर मौके पर अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग करते हुए 73 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। कार्रवाई के दौरान पिकअप वाहन , कार तथा मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। मौके पर एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा उसके खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि अवैध गैस रिफिलिंग और घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग गंभीर हादसों का कारण बन सकता है। रिहायशी क्षेत्रों में इस प्रकार की गतिविधियां आमजन के जीवन एवं संपत्ति के लिए बड़ा खतरा हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में अवैध गैस रिफिलिंग, भंडारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा संचालित ऑपरेशन प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है। आमजन से भी अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध गैस रिफिलिंग, भंडारण अथवा कालाबाजारी की गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि समय पर कार्रवाई कर जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### लखनऊ में विधायक निवास की सातवीं मंजिल से गिरकर पूर्व राज्यमंत्री की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के हजरतगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को पूर्व राज्यमंत्री नानकदीन भुर्जी विधायक निवास की सातवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है।

हजरतगंज के दारूलशफा नए विधायक निवास के व्यवस्था अधिकारी ने पुलिस को सूचित किया कि विधायक निवास की सातवीं मंजिल से पूर्व राज्यमंत्री और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री नानक चंद्र भुर्जी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये है। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल के इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उनकी पहले ही मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि वह काफी दिनों से डिप्रेशन में चल रह थे। आशंका है कि इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। फिलहाल घटना की जानकारी परिवार को देकर पुलिस सभी बिनदुओं जांच शुरू कर दी है।

### आज मुख्यमंत्री विद्यार्थियों से करेंगे ऑनलाइन संवाद

**बीकानेर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश के विद्यार्थियों से ऑनलाइन संवाद करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से पढ़ो राजस्थान मिशन का शुभारंभ किया जाएगा। स्कूल शिक्षा की संयुक्त निदेशक डॉ. सुनीता चावला ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम भरतपुर जिले के बालिका सैनिक स्कूल, खेड़ली गुर्जर, बयाना रोड में आयोजित होगा। बीकानेर संभाग का ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम रवीन्द्र रंगमंच पर आयोजित किया जाएगा। जहां मुख्यमंत्री विद्यार्थियों से वर्चुअल संवाद करेंगे।

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा निवेश, युवाओं एवं महिला उद्यमियों का बढ़ा रुझान : केशव प्रसाद मौर्य

- उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत 15.08 करोड़ के 8 नए निवेश प्रस्तावों को अप्रेजल समिति की संस्तुति
- कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार से किसानों की आय, रोजगार और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति



हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने, कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने, किसानों की आय में वृद्धि तथा व्यापक रोजगार सृजन के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि नीति के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगे हैं। निवेश प्रस्तावों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण से प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रति निवेशकों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत उत्साहजनक है कि प्रदेश के नवयुवकों का रुझान पारम्परिक एवं पुश्तैनी व्यवसायों से आगे बढ़कर आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की ओर बढ़ रहा है। साथ ही महिला उद्यमी भी इस क्षेत्र में बढ़-चढ़कर निवेश कर रही हैं, जो प्रदेश में उद्यमिता एवं महिला सशक्तिकरण के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए सुरक्षित, अनुकूल एवं आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में तेजी से उभर रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी. एल. मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को गोमतीनगर स्थित रेशम निदेशालय में उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत गठित अप्रेजल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त 15.08 करोड़ रुपये की कुल प्रस्तावित निवेश राशि वाले 8 नवीन निवेश प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। तकनीकी एवं वित्तीय परीक्षण के उपरांत सभी प्रस्तावों को आवश्यक शर्तों के साथ राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की संस्तुति की गई।

### प्लेननुमा संदिग्ध ड्रोन मिलने से सनसनी फैली, जांच में जुटी पुलिस

हरियाणा मेल, एजेंसी

**बीकानेर।** जिले के महाजन पुलिस थाना क्षेत्र में रामबाग माइनर स्थित चक 3 आरबीएम के एक खेत में मंगलवार को प्लेननुमा संदिग्ध ड्रोन मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही महाजन पुलिस मौके पर पहुंची और ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। सामरिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में ड्रोन मिलने की घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत में पड़ा ड्रोन आकार में छोटे विमान जैसा दिखाई दे रहा था। खेत में काम कर रहे किसानों की नजर उस पर पड़ते ही उन्होंने तत्काल महाजन पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ड्रोन को अपने कब्जे में लेकर आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। ड्रोन मिलने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों और किसानों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों में इस बात को लेकर उत्सुकता रही कि आखिर यह ड्रोन कहां से आया और खेत तक कैसे पहुंचा। गौरतलब है कि घटना स्थल के निकट महाजन फील्ड फायरिंग रेंज स्थित है, जिसे सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है।

हर घर तिरंगा अभियान-2026

## स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तैयार करेंगी दो करोड़ तिरंगे

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत प्रदेश के 75 जनपदों को कुल 2 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महा अभियान में मिशन से जुड़े 50,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तिरंगों का निर्माण करेंगी। इससे ग्रामीण महिलाओं को अतिरिक्त आजीविका एवं आय का अवसर प्राप्त होगा, वहीं प्रदेश के प्रत्येक घर तक राष्ट्रध्वज पहुंचाने के राष्ट्रीय अभियान को भी नई गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह अभियान केवल राष्ट्रीय ध्वज निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिला सशक्तीकरण, स्थानीय रोजगार सृजन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की



दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। तिरंगा निर्माण के माध्यम से हजारों ग्रामीण महिलाओं को सम्मानजनक आय का अवसर मिलेगा तथा वे राष्ट्र निर्माण के इस महा अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। उप मुख्यमंत्री के निदेशों के क्रम में सभी जनपदों को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाया जा सके और प्रदेश के प्रत्येक घर तक राष्ट्रध्वज सम्मानपूर्वक पहुंचाया जा सके।

### प्रदेश में गुरू पूर्णिमा पर 516 संतों का सम्मान व अभिनंदन

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** देवस्थान विभाग द्वारा इस वर्ष गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को (आज) सम्पूर्ण प्रदेश में संतों और महंतों का सम्मान किया जाएगा।

देवस्थान आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी के अनुसार गुरू पूर्णिमा पर प्रदेश के समस्त जिलों में गुरू वंदन संदेश के तहत 516 संतों - महंतों का उनके आश्रम, मठ अथवा मंदिर पर जाकर सम्मान एवं अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विशेष गुरू वंदन संदेश भेंट किया जाएगा। देवस्थान विभाग द्वारा इस कार्यक्रम के लिए जिलेवार अधिकारियों को नियुक्त किया गया है जो संबंधित क्षेत्रों में चिह्नित मठ - मंदिरों पर जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन की उपस्थिति में संत - महंतों का सम्मान व अभिनन्दन करेंगे। अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान गितेश श्री मालवीया ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार गुरू पूर्णिमा पर संतों - महंतों के सम्मान कार्यक्रम को पूर्ण श्रद्धाभाव व गरिमा के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

इस अवसर पर संत एवं महंत को सम्मान स्वरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से प्रेषित गुरू वंदन संदेश, श्रीफल, शॉल, दुपट्टा, मिठाई, 2100 रुपए नकद भेंट कर अभिनंदन किया जाएगा।

## रायबरेली में जमीन धंसने से मिली रहस्यमय सुरंग, एएसआई ने शुरू किया सर्वेक्षण

हरियाणा मेल, एजेंसी

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में जमीन धंसने से बनी रहस्यमय सुरंग का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण(एएसआई) की टीम ने मंगलवार को सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन के अनुरोध पर पहुंची टीम सर्वे को लेकर आशान्वित दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि जिले के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के ओई गांव में विगत दिनों में बारिश के कारण रामदेई के खेत की मिट्टी धंस गई थी,जिससे करीब तीन फीट का चौड़ाई का गड्ढा हो गया था। ग्रामीणों ने जब नजदीक से इसे देखा तो अंदर से ईंट की दीवार और बड़ी सुरंग नजर आई। दावा किया गया कि सुरंग के अंदर से मिट्टी की सुराही और आरती दान मिले हैं जो कि प्राचीन काल के प्रतीत होते हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। महराजगंज तहसील की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पूरी रिपोर्ट जिला



प्रशासन को दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी सरनीत कौर ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण(एएसआई) से जांच करने का अनुरोध किया था। मंगलवार को लखनऊ से आई एएसआई की टीम ने जांच शुरू कर दी है। आधुनिक उपकरणों की सहायता से जांच की जा रही है। सर्वेक्षण से सुरंग की वास्तविक आयु व ऐतिहासिक महत्व का पता चलेगा। महराजगंज के एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम के अनुसार एएसआई की टीम सर्वेक्षण कर रही है, जिनकी रिपोर्ट आने पर ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

## उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के लिए 7 संग्रहालय निर्माणाधीन: जयवीर सिंह

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निर्माणाधीन संग्रहालय परियोजना के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नए संग्रहालयों की स्थापना की जा रही है। यह पहल प्रदेश की समृद्ध विरासत को संरक्षित की जाएगी। साथ ही पर्यटकों व शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। संस्कृति विभाग, उ.प्र. ने 07 प्रमुख संग्रहालय निर्माणाधीन हैं। इनमें गोरखपुर, बाराबंकी, वाराणसी, कौशांबी एवं सुल्तानपुर, अयोध्या, लखनऊ तथा बिजनौर के संग्रहालय शामिल हैं। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।



उन्होंने मंगलवार को बताया कि गोरखपुर में गोरखा संग्रहालय, गोरखा रेजीमेंट के शौर्य बलिदान एवं सैन्य इतिहास पर केंद्रित ऐतिहासिक दस्तावजे, सैन्य उपकरण और गोरखा योद्धाओं की वीर गाथाएं संग्रहीत की जाएगी। इसी प्रकार पद्म श्री बाबू केडी सिंह की स्मृति में बाराबंकी में संग्रहालय का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा संत रविदास संग्रहालय एवं सांस्कृतिक केन्द्र वाराणसी में निर्माणाधीन है, जिसमें संत रविदास के जीवन, उपदेशों और भक्ति आंदोलन में उनके योगदान को समर्पित होगा।

उन्होंने बताया कि जिला संग्रहालय कौशांबी एवं सुल्तानपुर का भी निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें कौशांबी और सुल्तानपुर के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व पर केंद्रित प्राचीन काल से लेकर आधुनिक इतिहास से जुड़े दस्तावेज प्रदर्शित किए जाएंगे। जिला स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय, अयोध्या में निर्माणाधीन संग्रहालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनगाथा पत्राचार और दुर्लभ चित्र संग्रहीत किए जाएंगे।

इसके अलावा उ.प्र. संस्कृति संग्रहालय लखनऊ में प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, लोककला, संगीत, नृत्य और परंपराओं पर केंद्रित इंटरऐक्टिव प्रदर्शनी और मल्टीमीडिया गैलरी की व्यवस्था होगी। जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद बिजनौर में स्व. दुष्यंत कुमार संग्रहालय का निर्माण कराया जा रहा है जो गजलकार, दुष्यंत कुमार की स्मृति में उनकी रचनाओं, पाण्डुलिपियों और साहित्यिक योगदान का संग्रह किया जाएगा।

योगी सरकार बुनकरों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध

## विद्युत फ्लैट रेट योजना में सुधार पर गंभीरता से हो रहा विचार

- मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में बुनकर प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक
- 20 किलोवॉट तक योजना के विस्तार, बिजली दरों में राहत और पुराने बकाया बिलों के समाधान पर हुई चर्चा

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के बुनकरों के हितों के संरक्षण, उनकी समस्याओं के समाधान तथा हथकरघा एवं पावरलूम उद्योग को नई मजबूती प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, खादी भवन, डालीबाग, लखनऊ के सभाकक्ष में प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग,



रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में हथकरघा विभाग की अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना के संबंध में प्रदेश के बुनकर प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए बुनकर प्रतिनिधियों ने विद्युत दरों, फ्लैट रेट योजना, विद्युत बिलों में विसंगतियों, बकाया राशि, सब्सिडी, लोड वृद्धि, मीटरिंग तथा नए विद्युत कनेक्शन से संबंधित समस्याओं और सुझावों को विस्तार से रखा।

बैठक में बुनकरों के हित में संचालित अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना के दायरे को वर्तमान 0 से 5 किलोवॉट से बढ़ाकर 0 से 20 किलोवॉट तक किए जाने के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि 0 से 5 किलोवॉट श्रेणी के बुनकरों के लिए वर्तमान व्यवस्था में किसी प्रकार का प्रतिकूल परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

प्रस्तावित विस्तार से 5 से 20 किलोवॉट क्षमता वाले पावरलूम बुनकरों को भी योजना का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में लगभग 95 हजार से अधिक विद्युत कनेक्शन 0 से 5 किलोवॉट श्रेणी में हैं, जो कुल पावरलूम कनेक्शनों का लगभग 94 प्रतिशत हैं। बुनकर प्रतिनिधियों ने छोटे बुनकरों के हितों को प्राथमिकता देने, उन्हें बड़े बुनकरों से अलग श्रेणी में रखने तथा विद्युत दरों में और अधिक राहत प्रदान करने की मांग रखी। प्रतिनिधियों ने कहा कि योजना का 20 किलोवॉट तक विस्तार स्वागतयोग्य है। बैठक में विद्युत फ्लैट रेट योजना के वित्तीय पहलुओं पर भी चर्चा हुई।

## दो मासूम बच्चों के साथ टांके में कूदी महिला, तीनों की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले के पचपदरा थाना क्षेत्र के दुदवा गांव में मंगलवार अलसुबह एक महिला अपने दो मासूम बच्चों के साथ घर के पास स्थित पानी के टांके में कूद गई। घटना में महिला और दोनों बच्चों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तैराकों की मदद से तीनों के शव टांके से बाहर निकलवाकर बालोतरा के राजकीय नाहटा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए। फिलहाल महिला के आत्महत्या करने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मृतकों की पहचान मुली देवी (25) पत्नी हनुमान प्रजापत, उसके दो वर्षीय बेटे रविंद्र और दो माह के बेटे नारायण के रूप में हुई है। पचपदरा थाने के उपनिरीक्षक अमराराम ने बताया कि घटना 28 जुलाई की अलसुबह की है। महिला अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर घर से निकली और घर के समीप स्थित टांके में कूद गई। सुबह परिजन जागे तो महिला और दोनों बच्चे घर में नहीं मिले। परिजनों ने आसपास तलाश शुरू की। इस दौरान टांके के पास महिला की चप्पल दिखाई दी, जिससे अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तैराकों की मदद से टांके में तलाश कर तीनों के शव बाहर निकलवाए। पुलिस के अनुसार मुली देवी की शादी करीब चार वर्ष पहले हनुमानाराम प्रजापत के साथ हुई थी। परिवार मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करता है। दंपती के दो बच्चे थे। बड़ा बेटा रविंद्र दो वर्ष का था, जबकि छोटा बेटा नारायण महज दो माह का था। पुलिस ने घटना की सूचना मृतका के पीहर पक्ष को दे दी है।

## डिवाइडर की रिटर्निंग वॉल भरभराकर गिरी, राहगीर को लगी चोट

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नोएडा।** एनसीआर में मंगलवार दोपहर को आई तेज बारिश के चलते नोएडा शहर के सेक्टर 16 मेट्रो स्टेशन के पास बने डिवाइडर की रिटर्निंग वॉल भर- भराकर गिर गई। इस घटना में वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति के पैर में चोट आई है। मौके पर पहुंची नोएडा प्राधिकरण की टीम और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मलबे को हटाकर यातायात को सुगम किया।

थाना फेस- वन के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि मंगलवार दोपहर को सेक्टर 16 मेट्रो स्टेशन के पास बने डिवाइडर के करीब तीन फीट ऊंची और 100 फीट लम्बी रिटर्निंग वॉल तेज बारिश के चलते भर भराकर गिर गई। उन्होंने बताया कि वहां से गुजर रहे राहगीर राहुल के पैर पर दिवार गिरी। उनको चोट आ गई। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग वॉल गिरने की वजह से कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ था। नोएडा प्राधिकरण और पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क से मलवे को हटाकर यातायात को सुगम किया।

# दिल्ली में महिलाओं को रक्षाबंधन से हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये



- दिल्ली लक्ष्मी योजना पोर्टल के जरिए 1 अगस्त से कर सकेंगे आवेदन

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में मंगलवार को ऐतिहासिक कदम उठाते हुएदिल्ली लक्ष्मी योजना (डीएलवाई) को स्वीकृति दे दी। इस योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया दिल्ली लक्ष्मी योजना पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगी। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत एक अगस्त से की जाएगी, जिसके माध्यम से पात्र महिलाएं आवेदन कर सकेंगी। रक्षाबंधन 28 अगस्त को है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में योजना के दिशा-निर्देशों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक रूप से भी सशक्त करना है। इसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में इसके लिए 5,110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और इससे दिल्ली की 17 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली लक्ष्मी योजना की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बहनों के आर्थिक स्वावलंबन के लिए सरकार ने जो संकल्प लिया था, आज उसे पूरा कर दिया गया है। इस योजना के तहत सभी पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये प्रतिमाह की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह योजना लाखों महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिखेगी। दिल्ली सरकार ने अपने कार्यकाल के केवल सवा वर्ष के भीतर महिलाओं से किया गया यह महत्वपूर्ण वादा पूरा किया है। उन्होंने दिल्ली की सभी महिलाओं को इस ऐतिहासिक निर्णय पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सरकार जनता के आशीर्वाद से बनी है और सदैव जनहित एवं महिला हित में कार्य करती रहेगी।

### योजना की विशेषताएं

इस योजना का लाभ 21 वर्ष से 60 वर्ष तक की पात्र महिलाओं को मिलेगा, जिनके परिवार की कुल वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये तक है।

योजना प्रारंभिक रूप से लागू होने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए संचालित की जाएगी। उसके बाद इसमें संभावित परिवर्तन करके योजना को जारी रखा जाएगा।

योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये प्राप्त करने के लिए दो विकल्प होंगे। पहले विकल्प में 1,500 रुपये आरडी/एफडी के रूप में जमा किए जाएंगे, जबकि 1,000 रुपये सीबीडीसी डिजिटल रुपया वॉलेट में दिए जाएंगे। डिजिटल वॉलेट में मिलने वाली राशि का उपयोग सरकार द्वारा निर्धारित नेगेटिव लिस्ट के अनुसार केवल अनुमत वस्तुओं और सेवाओं पर ही किया जा सकेगा।

दूसरे विकल्प में महिला चाहे तो पूरी 2,500 रुपये की राशि आरडी/एफडी के रूप में ही प्राप्त कर सकती है। इस विकल्प का उद्देश्य महिलाओं की पूंजी निवेश के लिए सहायक बनाना है।

# डीटीसी बस में बैठकर मुख्यमंत्री ने मॉनसून और नागरिक सुविधाओं का लिया जायजा

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को डीटीसी बस में यात्रा कर क्षेत्र का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न मार्गों पर यात्रा कर मॉनसून के दौरान शहर की जमीनी स्थिति का आकलन किया और नागरिक सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने जन सेवा सदन से बस द्वारा निरीक्षण यात्रा प्रारंभ की, जो आउटर रिंग रोड, मधुबन चौक होते हुए रोहिणी स्थित सेक्टर-33 के डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तक पहुंची। यात्रा के दौरान उन्होंने मार्ग में लैंडफिल साइटों पर चल रहे कचरा निष्पादन कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राजधानी में कूड़े के पहाड़ों को समाप्त करने के लिए चल रहे अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हो। इस अवसर पर दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रवींद्र इंद्राज सिंह समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान वर्षा के कारण संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों, प्रमुख सड़कों की सफाई व्यवस्था और सड़क किनारे जमा मलबे एवं कचरे की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए और किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। उन्होंने सड़कों के चौड़ीकरण, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजधानी की सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं बल्कि दिल्ली की पहचान हैं, इसलिए उनका सुव्यवस्थित और सुरक्षित होना बेहद जरूरी है।

### सीएम ने की विस्तृत समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री ने रोहिणी स्थित डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक भी की। बैठक में सड़कों की स्थिति, पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छता, हरित क्षेत्र के विकास, जलभराव रोकथाम और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रत्येक परियोजना को गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि दिल्ली के नागरिकों को शीघ्र ही इन प्रयासों का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

## खबरें फटाफट

### विभिन्न जगहों पर एक युवती समेत चार लोगों ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में सोमवार को एक युवती समेत चार लोगों ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि इन लोगों ने मानसिक तनाव के चलते खुदकुशी की है। फिलहाल पुलिस मामलों में जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि पंचायतन गांव निवासी पंकज (35) शराब पीने के आदि थे। उन्होंने सोमवार की रात को घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी तरह बिसरख थाना क्षेत्र में रहने वाले चिपियाना बुजुर्ग निवासी आशीष (47) ने सोमवार की देर शाम को अज्ञात कारण से अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में रहने वाली रामपाल की 19 वर्षीय पुत्री सोनम ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर सोमवार की शाम को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खोड़ा कॉलोनी में रहने वाले अभिषेक सिंह (24) ने सोमवार सुबह को अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के मेट्रो अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सोमवार की रात को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। युवक वह मूल रूप से जनपद वाराणसी के रहने वाला था। मौजूदा समय में वह बेरोजगार था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर 24 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

### पंखे से फंदे के सहारे लटका मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या का लगा आरोप

**नोएडा।** नोएडा के थाना कासना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहिता का शव ससुराल में मंगलवार सुबह पंखे से फंदे के सहारे लटका मिला है। मृतक महिला के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना कासना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि घंघोला गांव में रहने वाले अमित की वर्ष 2020 में तनु (25) से शादी हुई थी। विवाहिता तनु का शव आज उनके ससुराल में पंखे से फंदे के सहारे लटका मिला है। पति की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। मामले में मृतक महिला के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शादी के समय से ही उसके ससुराल वाले दहेज की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। मायके वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी तनु की सुरीलजनों ने हत्या कर शव फंदे से लटका दिया है। इस मामले में मृतका के परिजनों की शिकायत पर पति अमित और उसकी मां आदि के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने पार किए 8 लाख रुपये, पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

**नोएडा।** नोएडा के थाना साइबर क्राइम में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 8 लाख 13 हजार रुपये निकाल लिए हैं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने मंगलवार को बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले अभिषेक सिंह ने बीती रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के उनके खाते से अनाधिकृत रूप से 8 लाख 13 हजार रुपये निकाल लिए हैं। पीड़ित के अनुसार, जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तब अपना खाता बंद करवाया। डीसीपी साइबर क्राइम ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### मुरादाबाद-हरियाणा मार्ग पर चलेंगी दो नई रोडवेज बसें

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद से हरियाणा मार्ग पर सफर करने वाले यात्रियों को जल्द ही बड़ी राहत मिलेगी। परिवहन निगम इस रूट पर दो अतिरिक्त रोडवेज बसें चलाने की तैयारी में है। वर्तमान में मुरादाबाद डिपो से हरियाणा के लिए केवल एक बस चलती है। यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण मौजूदा बस में अक्सर सीटों की कमी रहती है। इस समस्या के समाधान हेतु परिवहन निगम ने दो और बसें चलाने का प्रस्ताव बनाया है। मुरादाबाद रोडवेज परिक्षेत्र की सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजवती ने मंगलवार को बताया कि इससे यात्रियों को समय पर बस मिलेगी और भीड़ कम होगी। उत्तर प्रदेश राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय से स्वीकृति मिलते ही इन बसों का संचालन शुरू हो जाएगा।

# स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

- स्थायी समिति के आगामी कार्यकाल की प्राथमिकताओं एवं कार्ययोजना से कराया अवगत

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति की अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सत्या शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही भी उपस्थित रहे।

सत्या शर्मा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को स्थायी समिति के आगामी कार्यकाल की प्राथमिकताओं एवं कार्ययोजना से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उनका आगामी कार्यकाल पांच प्रमुख संकल्पों स्वच्छ दिल्ली, स्वस्थ दिल्ली, शिक्षित दिल्ली, सुशासन एवं सशक्त निगम पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि इन प्राथमिकताओं के माध्यम से नगर निगम की नागरिक सेवाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनोन्मुखी बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, ठोस कचरा प्रबंधन में सुधार, निगम के अस्पतालों एवं जनस्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, निगम विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। साथ ही निगम को वित्तीय एवं प्रशासनिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।

सत्या शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के सहयोग से दिल्ली नगर निगम जनहित के विकास कार्यों को और अधिक गति देगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के समन्वित प्रयासों से दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ, विकसित एवं नागरिक-अनुकूल बनाने के लक्ष्य को और मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सत्या शर्मा को स्थायी समिति के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी ढंग से कार्य करता रहेगा।

# उपराज्यपाल ने एमसीडी के आधुनिक डॉग शेल्टर की रखी आधारशिला



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को द्वारका सेक्टर-29 में आधुनिक डॉग शेल्टर की आधारशिला रखी। इसे दिल्ली नगर निगम ने बनाया है। इस मौके पर महापौर प्रवेश वाही, सांसद रामवीर बिधूड़ी, विधायक कैलाश गहलोत मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद उपराज्यपाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि लगभग 6,050 वर्ग मीटर में फैली यह सुविधा आवारा कुत्तों के लिए, सुरक्षित आश्रय, देखभाल और पुनर्वास की व्यवस्था करेगी। इसमें आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर होगा जो उनकी भलाई और सेहत का ध्यान रखेगा। उपराज्यपाल ने इसके अलावा छोटे जानवरों के लिए दिल्ली के एकमात्र श्मशान केंद्र का भी दौरा किया। साथ ही निगम को सलाह दी कि वे पशु कल्याण संगठनों, डॉग लवर्स, पशु चिकित्सकों और विषय विशेषज्ञों को सक्रिय रूप से शामिल करें, ताकि उनके अनुभव और ज्ञान से इन पहलों को टिकाऊ और संवेदनशील तरीके से आकार दिया जा सके। उपराज्यपाल ने कहा कि यह प्रोजेक्ट पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप का एक बेहतरीन उदाहरण है।

## दिल्ली में 'सराय काले खां लूप' पर जाम से मुक्ति दिलाने को एनएचएआई ने शुरू किया काम

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने दिल्ली-एनसीआर में यातायात को सुगम बनाने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से एनएच-148एनए के डीएनडी-सोहना खंड पर स्थित सराय काले खां लूप को भीड़भाड़ मुक्त करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार सराय काले खां दिल्ली के सबसे व्यस्त परिवहन केंद्रों में से एक है। यह लूप आश्रम, नोएडा और सराय काले खां से आने वाले ट्रैफिक के लिए एक प्रमुख मिलन बिंदु है। डीएनडी-सोहना राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर के चालू होने के बाद यहां वाहनों का दबाव और बढ़ने की संभावना है, जिसे देखते हुए एनएचएआई प्राथमिकता के आधार पर इसका दीर्घकालिक इंजीनियरिंग समाधान तलाशेगा। डीपीआर में जंक्शन की क्षमता बढ़ाने, सुरक्षा उपाय पुख्ता करने और यात्रा के समय में कटौती करने के लिए अवसंरचनात्मक बदलावों का मूल्यांकन किया जाएगा।

## एडिशनल डीसीपी संदीप लांबा से पुलिस जांच हटाने की मांग हाई कोर्ट ने ठुकराई

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें मांग की गई थी कि कोर्ट के आदेश पर हो रही पुलिस जांच को दिल्ली पुलिस के एडिशनल डीसीपी (उत्तर-पूर्व) संदीप लांबा की निगरानी से हटाकर किसी और को सौंप दिया जाए। संदीप लांबा तब विवादों में आ गए थे जब जंतर-मंतर पर हालिया विरोध प्रदर्शन के दौरान एक महिला को थप्पड़ मारते हुए उनका वीडियो वायरल हुआ था। जस्टिस गिरीश कथपलिया की बेंच ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर किसी अधिकारी ने गलती की है तो कानून के मुताबिक उसके खिलाफ कार्रवाई होगी लेकिन कोर्ट बिना किसी निष्पक्ष ट्रायल के उसे कैसे दोषी मान सकती है और उससे कोई काम छीन सकती है। सुनवाई के दौरान जब याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि लांबा ने एक महिला को थप्पड़ मारा, ऐसे में वो निष्पक्ष कैसे हो सकते हैं क्योंकि याचिकाकर्ता खुद पुलिस ज्यादती का शिकार है।

# नोएडा में जल भराव: काम में लापरवाही पर जेई और सुपरवाइजर बर्खास्त

- दो प्रबंधकों को प्रतिकूल प्रविष्टि

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर के ग्राम बरौला में लंबे समय से चली आ रही जल भराव की निरंतर समस्या और आज हुई बारिश के दौरान उत्पन्न हुए भारी जल भराव को लेकर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करूणेश ने कार्यवाही करते जूनियर इंजीनियर और सुपरवाइजर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है, जबकि दो वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि ड्यूटी में घोर लापरवाही और काम में शिथिलता बरतने के कारण जूनियर इंजीनियर पार्थ राठौड़ एवं सुपरवाईजर मंगिराम की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जल भराव की स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण न रख पाने के कारण प्रबंधक करण सिंह त्यागी (सिविल) एवं प्रबंधक रमेन्द्र (जल/सीवर) को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने प्राधिकरण के सभी वर्क सर्किल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिया है कि यदि भविष्य में किसी भी वर्क सर्किल के अंतर्गत जल भराव या अन्य मूलभूत समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हुआ, तो संबंधित सभी जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ इससे भी अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि कार्यदायी फर्म मैसर्स वर्म इंडिया को पाँच लाख रुपये की पेनाल्टी लगाते हुए इस आशय का कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों ना कार्य में शिथिलता व लापरवाही के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया जाए।

# केजरीवाल ने छात्रों पर फायरिंग को लेकर केंद्र पर साधा निशाना



हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिहार में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित एके-47 राइफल से फायरिंग की घटना को लेकर केंद्र सरकार और बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला।

केजरीवाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा कि आखिर सरकार को क्या हो गया है? बिहार में छात्रों पर ऐके-47 से गोलियां चलाई गईं। क्या ये छात्र आतंकवादी हैं? उन्होंने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में बिहार की धरती से नारा लगा था 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।' उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों के सवालों को जवाब देना होगा। आआपा के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने इस मामले में केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह कोई कथित घटना नहीं है, बल्कि वीडियो में छात्रों पर एके-47 राइफल से फायरिंग दिखाई दे रही है। संजय सिंह ने केंद्र और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से सवाल करते हुए कहा कि क्या ये छात्र आतंकवादी हैं कि उन पर एके-47 राइफल चलाई जाएगी?

### दिल्ली में 650 करोड़ के कथित दवा घोटाले की अहम फाइलें गायब

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार पर 650 करोड़ रुपये के कथित स्वास्थ्य घोटाले से जुड़ी महत्वपूर्ण फाइलें गायब होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दवाइयों, बेडशीट, ओआरएस, एक्स-रे मशीनों और अन्य चिकित्सा उपकरणों की खरीद से संबंधित टेंडर, सप्लाई ऑर्डर, वर्क ऑर्डर और वितरण का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। भारद्वाज ने मंगलवार को एक बयान में दावा किया कि दिल्ली सरकार के दफ्तरों में 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था रहती है। ऐसे में फाइलों का गायब होना गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से पूछा कि ये फाइलें आखिर कैसे गायब हो गईं। आआपा नेता ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य उपकरणों और सामग्री की खरीद में भारी अनियमितताएं हुईं। उन्होंने कहा कि 10-11 लाख रुपये की एक्स-रे मशीनें 30-32 लाख रुपये में खरीदी गईं, 50 लाख ओआरएस पैकेट ऊंची कीमतों पर खरीदे गए, 16 लाख से अधिक बेडशीट करीब 75 करोड़ रुपये में खरीदी गईं और 100 करोड़ रुपये की दवाइयों की खरीद 400 करोड़ रुपये में की गई।

# शिक्षकों को बीएलओ बनाया जा सकता है लेकिन उन पर अनावश्यक दबाव न हो: हाईकोर्ट

हरियाणा मेल, एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि दिल्ली में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचन आयोग स्कूलों के शिक्षकों को बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) के रुप में तैनात कर सकता है लेकिन इससे शिक्षकों के ऊपर अनावश्यक तनाव नहीं होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने मंगलवार को ये टिप्पणी की। मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान स्कूलों के शिक्षकों की तैनाती करते समय शिक्षा के अधिकार कानून के प्रावधानों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग ने अपने जवाब में कहा कि सेंट मेरिज स्कूल के मामले में उच्चतम न्यायालय ने फैसले के मुताबिक वो किसी भी शिक्षक को स्कूल के टाइम में उनकी कोई सेवा नहीं लेगा।

निर्वाचन आयोग के इस दावे का याचिकाकर्ता ने विरोध करते हुए कहा कि आयोग ने ये स्कूलर तब निकाला जब उनकी याचिका उच्च न्यायालय में दाखिल की गई। इसका मतलब है कि याचिका दायर करने के पहले निर्वाचन आयोग सेंट मेरिज स्कूल के फैसले का पालन नहीं कर रहा था। याचिकाकर्ता ने कहा कि स्कूल के शिक्षकों को विरोधाभासी निर्देश मिल रहे हैं। स्कूल के प्रिंसिपल कुछ और निर्देश देते हैं और निर्वाचन अधिकारी कुछ अलग निर्देश देते हैं। इसके पहले सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग के फैसले पर सवाल खड़ा किया था। वकील अशोक अग्रवाल और राजेश कुमार गोगना की ओर से दायर याचिका में निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद दिल्ली के सरकारी स्कूलों, दिल्ली नगर निगम के स्कूलों और वित्त पोषित स्कूलों के शिक्षकों को बड़े पैमाने पर बीएलओ के रूप में तैनात किया गया है। इससे सरकारी स्कूलों में शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है जबकि निजी स्कूलों में शिक्षण कार्य ठीक से चल रहा है। याचिका में कहा गया है कि स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित होना बच्चों के शिक्षा पाने के संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 21ए के तहत मिले अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग का ये आदेश उच्चतम न्यायालय के निर्वाचन आयोग बनाम सेंट मेरी स्कूल के फैसले के अलावा शिक्षा के अधिकार कानून का भी उल्लंघन है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील से पूछा कि क्या आप जो भी फैसला करेंगे उससे संविधान के अनुच्छेद 324 की आड़ ले लेंगे। आखिर आप किस हैसियत से शिक्षकों को विशेष गहन पुनरीक्षण के काम में लगा रहे हैं।

### जंतर-मंतर पर पुलिस निगरानी मामला: हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को नई याचिका दायर करने की दी सलाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों की लगातार पुलिस कैमरे से निगरानी को चुनौती देने वाली नई याचिका दाखिल करने की सलाह दी है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर और डाटा प्रोटेक्शन एक्ट की पड़ताल कर नयी याचिका दाखिल करनी चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 25 अगस्त को होगी। मंगलवार को जब मामले को सुनवाई के लिए पुकारा गया, तो याचिकाकर्ता की ओर से सुनवाई टालने की मांग की गई। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि इस मामले में दलीलें रखने के लिए वरिष्ठ वकील नंदिता राव किसी दूसरी कोर्ट में व्यस्त हैं।

# अलग-अलग थानाक्षेत्र में हुए सड़क हादसों में छह लोगों की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा के अलग-अलग थानाक्षेत्र में सोमवार को हुए सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई हैं। हादसों में मरने वालों की उम्र 37 से 14 साल की है। पुलिस ने सभी शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना जारचा क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में अजय सिंह (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। युवक वह मूलरूप से जनपद बदायूं के रहने वाले थे।

दादरी थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर को हुए एक सड़क हादसे में माधव (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसी तरह थाना सेक्टर 142 क्षेत्र सोमवार शाम को हुए एक सड़क हादसे में राजकुमार (37) की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस वन क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में दीपांशु (25) की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में सौरभ कुमार (31) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई। इसके अलावा थाना सेक्टर 113 क्षेत्र में सोमवार रात को हुए एक सड़क हादसे में अनमोल (14) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है।

## कुनाल दिवाकर का मैनपुरी क्रिकेट हॉस्टल के लिए चयन

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**मुरादाबाद।** नेता जी सुभाषचंद्र बोस सोनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद के उभरते क्रिकेट खिलाड़ी कुनाल दिवाकर का चयन मैनपुरी क्रिकेट हॉस्टल के लिए हुआ है। कुनाल दिवाकर क्रीड़ाधिकारी एवं क्रिकेट प्रशिक्षक सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कुनाल बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज होने के साथ मिडिल ऑर्डर के आक्रामक बल्लेबाज भी हैं। उनकी मेहनत और निरंतर प्रदर्शन के चलते ही उनका चयन संभव हो सका है। कुनाल के चयन पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय विक्रम पाठक, प्रधान सहायक राम कृपाल, एथलेटिक्स प्रशिक्षक ललिता चौहान, कुश्ती प्रशिक्षक गोविंद कुमार, फुटबाल प्रशिक्षक सचिन बिश्नोई, वॉलीबॉल प्रशिक्षक निशा और बैडमिंटन प्रशिक्षक मो. आसिफ सिद्दीकी सहित स्टेडियम के सभी क्रिकेट खिलाड़ियों ने बधाई दी।

### श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

# सारांश जैन को पहली बार मौका, रवींद्र जडेजा की वापसी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान एक बार फिर शुभमन गिल के हाथों में होगी, जबकि केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है।

इस टीम में सबसे बड़ा आकर्षण मध्य प्रदेश के अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन का पहली बार टेस्ट टीम में चयन है। 33 वर्षीय सारांश को वॉशिंगटन सुंदर के हैमस्ट्रिंग चोटिल होने के बाद मौका मिला है। घरेलू क्रिकेट और इंडिया ए के लिए




लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है। वहीं, अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की भी टीम में वापसी हुई है। उन्हें जून में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के लिए आराम दिया गया था। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाज साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया है, लेकिन दोनों का चयन बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से फिटनेस मंजूरी मिलने पर ही प्रभावी होगा। दूसरी ओर, चोट के कारण पुनर्वास कर रहे नितीश कुमार रेड्डी को टीम में जगह नहीं मिली है। भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट 23 अगस्त से एसएससी, कोलंबो में होगा। भारत ने पिछली बार 2017 में श्रीलंका का दौरा किया था, जहां उसने मेजबान टीम का 3-0 से सफाया किया था।

**श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, देवदत्त पडिक्कल और सारांश जैन।

**जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन का चयन फिटनेस मंजूरी के अधीन है।**

# डीपीएल सीजन-3: अनुज रावत बने पुरानी दिल्ली 6 के कप्तान




**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आगामी दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-3 से पहले पुरानी दिल्ली 6 फ्रेंचाइजी ने विकेटकीपर-बल्लेबाज अनुज रावत को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। 31 जुलाई से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अनुज रावत के नेतृत्व में टीम खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी।

घरेलू क्रिकेट और टी20 प्रारूप में नेतृत्व का अनुभव रखने वाले अनुज रावत अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं से सजी संतुलित टीम की कमान संभालेंगे। फ्रेंचाइजी ने उनके नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताते हुए उन्हें टीम का आदर्श कप्तान बताया है।

पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा कि अनुज रावत एक सिद्ध खिलाड़ी हैं, जिनमें धैर्य, परिपक्वता और खेल की गहरी समझ है। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर का उनका अनुभव और साथियों को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें टीम का सर्वश्रेष्ठ नेता बनाती है। फ्रेंचाइजी को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में टीम पूरे सीजन शानदार प्रदर्शन करेगी। आकाश नांगिया ने यह भी कहा कि टीम का गठन अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण के साथ किया गया है।

**पुरानी दिल्ली 6 टीम (डीपीएल सीजन-3)**

ललित यादव, उधव मोहन, रजनीश दादर, रोहन राणा, आर्यन गौर, वनम अग्रवाल, अजय अहलावत, कुश नागपाल, दिग्वेश राठी, युग गुप्ता, कबीर सचदेवा, गौरव सरोहा, देव लाकड़ा, अनुज रावत (कप्तान), समर्थ सेठ, मोहक कुमार, यश कुमार, पंकज जसवाल, हर्षवर्धन फोगाट, अर्जुन रेक्सवाल, लक्ष्य वर्मा, प्रिंस मिश्रा, अश्विनी चिल्लर, आदित्य वर्मा और आदित्य मल्होत्रा।

## एक टीम, एक जज्बा: भारतीय खिलाड़ियों की हर जीत बन रही पूरे दल की प्रेरणा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन केवल पदक तालिका तक सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे भारतीय दल के आत्मविश्वास और मनोबल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। किसी एक खिलाड़ी की सफलता दूसरे खिलाड़ी के लिए प्रेरणा बन रही है और यही भावना टीम इंडिया को एकजुट रखे हुए है।

भारतीय अभियान की शुरूआत पैरा पावर लिफ्टिंग में पदक से हुई, जिसके बाद भारोत्तोलन में शानदार प्रदर्शन, पैरा शॉटपुट में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक तथा एथलेटिक्स में रजत पदक ने टीम इंडिया के अभियान को नई गति दी। इन उपलब्धियों ने पूरे भारतीय दल के भीतर यह विश्वास मजबूत किया है



कि सामूहिक प्रयास से बड़ी सफलताएं हासिल की जा सकती हैं।

ओलंपिक चैंपियन मीराबाई चानू ने एक बार फिर भारोत्तोलन में भारत का नेतृत्व किया, जबकि ज्ञानेश्वरी देवी, बिंदिया रानी देवी और उनके साथियों ने राष्ट्रमंडल में भारत की मजबूत पहचान को और सुदृढ़ किया। इन खिलाड़ियों की सफलता ने केवल पदकों की संख्या नहीं बढ़ाई बल्कि पूरे भारतीय दल के आत्मविश्वास को भी नई ऊर्जा दी।

# आईएसएसएफ विश्व कप: सोनम उत्तम मस्कर और हिमांशु ढिल्लों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता कांस्य

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**हांगझोउ।** चीन के हांगझोउ में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन प्रतियोगिता में भारत की सोनम उत्तम मस्कर और हिमांशु ढिल्लों की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश की झोली में एक और पदक डाला। दोनों ने फाइनल में कुल 441.2 अंक (220.6-220.6) हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा में चीन की दोनों टीमों ने स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए।

भारतीय निशानेबाजों ने क्वालिफिकेशन राउंड में भी शानदार प्रदर्शन किया। सोनम (317.2) और हिमांशु (317.4) ने मिलकर 634.6



अंक जुटाए और फाइनल में जगह बनाई। वहीं एलावेनिल वलारिवन (316.8) और पार्थ राकेश माने (317.4) की दूसरी भारतीय जोड़ी ने 634.2 अंक के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल में सोनम और हिमांशु ने संयमित प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक सुनिश्चित किया, जबकि एलावेनिल और पार्थ 378.8 अंक (एलावेनिल 190.5, पार्थ 188.3) के साथ चौथे स्थान पर रहे। पदक जीतने के बाद सोनम उत्तम मस्कर ने कहा कि यह प्रतियोगिता काफी चुनौतीपूर्ण रही और यह सफलता आगामी एशियाई खेलों तथा विश्व चैंपियनशिप के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि बड़े मंच पर मिला अनुभव भविष्य की प्रतियोगिताओं में काफी मदद करेगा। अपने करियर के पहले सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में उतरने वाले हिमांशु ढिल्लों ने इसे यादगार उपलब्धि बताया।

**विश्व कप फाइनल में रजत पदक जीत चुकी है सोनम**

23 वर्षीय महाराष्ट्र की सोनम उत्तम मस्कर इससे पहले 2024 में काहिरा विश्व कप और नई दिल्ली विश्व कप फाइनल में रजत पदक जीत चुकी हैं। वहीं हरियाणा के 20 वर्षीय हिमांशु ढिल्लों का यह पहला सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप पदक है। इससे पहले वह 2025 जूनियर विश्व कप और एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इस कांस्य पदक के साथ हांगझोउ आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई है, जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं।

### इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट

## स्काईलाइन इलेवन ने एमपीएस लेपर्ड्स को तीन विकेट से हराया

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में एक दिवसीय इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को स्काईलाइन इलेवन ने एमपीएस लेपर्ड्स को तीन विकेट से हराकर जीत दर्ज की। कम स्कोर वाले इस मुकाबले में गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। स्काईलाइन इलेवन के कृष्ण को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मंगलवार को एमपीएस क्रिकेट एकेडमी के ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एमपीएस लेपर्ड्स की पूरी टीम 26.4 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से विकास कुमार ने 19 रन और दिव्यांश यादव ने 18 रन बनाए। अन्य बल्लेबाज



खास प्रदर्शन नहीं कर सके। इसके अलावा टीम को अतिरिक्त के रूप में 29 रन भी मिले। स्काईलाइन इलेवन की ओर से कृष्णा कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए छह ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट झटके और टीम की जीत की नींव रखी। उनके साथ देव पाल ने भी तीन विकेट हासिल किए, जबकि आरुष ने दो विकेट लेकर एमपीएस की पारी को समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्काईलाइन इलेवन की टीम ने 15.3 ओवर में सात विकेट खोकर 93 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

# यूपीसीए स्पीड हंट से उत्तर प्रदेश में छिपी तेज गेंदबाजी प्रतिभाओं को मिल रहा बड़ा मंच: भुवनेश्वर कुमार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेट टीम और लखनऊ फाल्कन्स के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने यूपीसीए स्पीड हंट पहल की जमकर सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के कोने-कोने से उभर रही तेज गेंदबाजी प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि पिछले तीन सत्रों में यूपीटी-20 लीग ने शानदार सफलता हासिल की है और आने वाले वर्षों में इसका प्रभाव और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि स्पीड हंट की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से कच्ची लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजी



क्षमता को सामने लाया है। उन्होंने शुभम गौतम जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए कहा कि बड़े अनुबंध हासिल करना इस बात का प्रमाण है कि अच्छा प्रदर्शन करने वालों के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि संघ युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतरीन मंच उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि मैदान पर उतरने के बाद हर अवसर का पूरा लाभ उठाना और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना उनकी जिम्मेदारी है। भुवनेश्वर ने कहा कि यूपीटी-20 लीग के माध्यम से युवा क्रिकेटरों को आर्थिक मजबूती भी मिल रही है, लेकिन इसके साथ अपेक्षाएं भी बढ़ती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को सलाह दी कि सफलता का आनंद लें, लेकिन दबाव से दूर रहकर अपने खेल पर पूरा ध्यान केंद्रित करें।

अनुभवी तेज गेंदबाज ने कहा कि यूपीटी-20 जैसी राज्य स्तरीय लीग अब युवा खिलाड़ियों के लिए आईपीएल तक पहुंचने का महत्वपूर्ण रास्ता बन चुकी हैं।

# राष्ट्रमंडल खेल 2026: आधिकारिक वेबसाइट की गलती से फैला भ्रम



**हाई जंप फाइनल से बाहर हुए तेजस्विन**

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**ग्लासगो।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में सोमवार को पुरुषों की हाई जंप स्पर्धा के फाइनल के दौरान भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर को लेकर आधिकारिक परिणाम वेबसाइट की बड़ी गलती से भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। वेबसाइट पर उन्हें डीएनएस (डिड नॉट स्टार्ट) दिखाया गया, जबकि लाइव प्रसारण में वह स्कॉट्सटाउन स्टेडियम में प्रतियोगिता के लिए मौजूद दिखाई दिए।

शुरूआत में वेबसाइट की इस त्रुटि से ऐसा लगा कि भारत की ओर से फाइनल में केवल दो खिलाड़ी ही हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि कुछ ही देर बाद तेजस्विन शंकर अपने साथी खिलाड़ियों सर्वेश कुशारे और जे. आदर्श राम के साथ मैदान पर नजर आए, जिससे स्पष्ट हो गया कि वेबसाइट पर डीएनएस दिखाया जाना तकनीकी गलती थी।

तेजस्विन ने 2.05 मीटर की शुरूआती ऊंचाई से अपने अभियान की शुरूआत की, लेकिन पहले प्रयास में बार पार नहीं कर सके। प्रयास के बाद मैट पर उतरते समय उन्हें असहजता महसूस हुई और वह चोट से परेशान नजर आए। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया और उनका हाई जंप फाइनल समय से पहले ही समाप्त हो गया। फिलहाल उनकी चोट की गंभीरता को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि इस चोट का असर राष्ट्रमंडल खेलों में उनकी आगामी डेकाथलॉन स्पर्धा में भागीदारी पर पड़ेगा या नहीं। तेजस्विन शंकर मौजूदा प्रतियोगिता में गत चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता के रूप में उतरे थे।

**अजय बाबू ने भारोत्तोलन में जीता रजत पदक**

**ग्लासगो।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत के भारोत्तोलक वल्लुरी अजय बाबू ने भारतीय समयानुसार मंगलवार तड़के पुरुषों के 79 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। बेहद रोमांचक मुकाबले में अजय बाबू लंबे समय तक स्वर्ण पदक की दौड़ में आगे रहे, लेकिन मलेशिया के मुहम्मद एरी हिदायत ने अंतिम प्रयास में खेलों का नया रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। अजय बाबू ने स्नैच स्पर्धा में 149 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। दूसरे प्रयास में वह असफल रहे थे, लेकिन तीसरे प्रयास में उसी वजन को उठाकर उन्होंने शानदार वापसी की और स्नैच के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। क्लीन एंड जर्क में भी भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीनों प्रयास सफल किए। उन्होंने क्रमशः 174 किलोग्राम, 178 किलोग्राम और 181 किलोग्राम वजन उठाया। इस तरह उनका कुल वजन 330 किलोग्राम रहा और वह स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए। हालांकि मुकाबले के अंतिम क्षणों में मलेशिया के मुहम्मद एरी हिदायत ने 184 किलोग्राम वजन उठाकर नया खेल रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही उनका कुल वजन 331 किलोग्राम हो गया और उन्होंने मात्र एक किलोग्राम के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। अजय बाबू ने छह में से पांच प्रयास सफलतापूर्वक पूरे किए और स्नैच में नया खेल रिकॉर्ड भी बनाया, लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इंग्लैंड के क्रिस मरे ने कुल 325 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। अजय बाबू के इस शानदार प्रदर्शन से भारत के पदकों की संख्या में एक और इजाफा हुआ और उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन में भारत की मजबूत परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश को एक और महत्वपूर्ण पदक दिलाया।

BUSINESS

## स्टॉक मार्केट में मेटालिक टेक्नोफोर्ज की प्रीमियम एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए पार्ट्स बनाने वाली वाली फोर्जिंग एंड मशीनिंग कंपनी मेटालिक टेक्नोफोर्ज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 77 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे।

आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 12.99 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 87 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर 90.90 रुपये तक चढ़ गया, वहीं बिकवाली का दबाव बन जाने पर ये टूट कर 82.65 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक भी आया। हालांकि बाद में खरीदारी होने से लोअर सर्किट ब्रेक हो गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद ये शेयर 83.05 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 6.05 रुपये यानी 7.86 प्रतिशत का फायदा हो गया।इस



कंपनी का 49.96 करोड़ रुपये का आईपीओ 21 से 23 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 8.47 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 4.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 17.07 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सात गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 64.88 लाख नए शेयर बेचे गए हैं। इसमें कोई भी ऑफर फॉर सेल नहीं है।

# अमृतसर से हब एंड स्पोक इंटरनेशनल फ्लाइट ऑपरेशन सुविधा का शुभारंभ

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को अमृतसर एयरपोर्ट से हब एंड स्पोक मॉडल के तहत अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं की शुरूआत की। इसके साथ ही वाराणसी के बाद अब अमृतसर इस व्यवस्था से जुड़ने वाला देश का दूसरा एयरपोर्ट बन गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि मंत्रालय ने अमृतसर से हब एंड स्पोक अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन सुविधा का शुभारंभ किया है। यह सुविधा अब तक अमृतसर से केवल सात



अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें के लिए उपलब्ध थीं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को दिल्ली एयरपोर्ट के वैश्विक नेटवर्क का लाभ अमृतसर से ही मिल सकेगा। इससे वे 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक आसानी से यात्रा कर सकेंगे। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने इस अवसर पर अपने वीडियो संदेश के माध्यम से अमृतसर हवाई अड्डे पर उपस्थित सभी हितधारकों को बधाई देते हुए कहा कि हब एंड स्पोक केवल विमानन के संचालन का मॉडल नहीं है, बल्कि यह एक शानदार अवसर है। इसके लिए दिल्ली केंद्र के तौर पर काम करेगा जबकि अमृतसर पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार भी बनेगा। उन्होंने कहा कि अमृतसर उन भारतीय शहरों में से एक है, जिन्हें प्रवासी भारतीयों से अपने मजबूत संपर्क और बड़ी क्षेत्रीय जनसंख्या को आकर्षित करने के साथ उन्हें विश्व से जोड़ने के लिए इस बदलाव से सबसे अधिक लाभ होगा। यात्री अब एक ही चेक-इन और एक ही बैगेज टैग के जरिए अपनी पूरी अंतरराष्ट्रीय यात्रा कर सकेंगे।

## स्विगी इंस्टामार्ट के सीईओ अमितेश कुमार झा का इस्तीफा, नंदिता सिन्हा लेंगी उनकी जगह

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड और क्विक कॉमर्स सेक्टर की दिग्गज कंपनी स्विगी के इंस्टामार्ट प्लेटफॉर्म के कारोबार में बड़ा बदलाव हुआ है। इंस्टामार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमितेश कुमार झा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, उनकी जगह अब मिंत्रा की पूर्व सीईओ नंदिता सिन्हा कंपनी का कार्यभार संभालेंगी।

कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि स्विगी के स्वामित्व वाले त्वरित वाणिज्य मंच इंस्टामार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमितेश कुमार झा ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी की सूचना के अनुसार नंदिता सिन्हा 03 अगस्त, 2026 से मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पद संभालेंगी। नंदिता सिन्हा इससे पहले मिंत्रा की सीईओ थीं।

कंपनी के मुताबिक, झा ने स्विगी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (समूह) श्रीहर्ष मजेटी को भेजे अपने इस्तीफे में कहा, मैं संगठन के बाहर अन्य अवसरों को अपनाने के लिए इंस्टामार्ट के सीईओ पद से इस्तीफा दे रहा हूं। वहीं, नई जिम्मेदारी के बारे में सिन्हा ने कहा, इंस्टामार्ट भारत में लोगों की रोजमर्रा की खरीदारी के केंद्र में है।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। वहीं चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में आए उछाल के कारण चेन्नई और मुंबई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 870 रुपये प्रति 10 ग्राम लेकर 980 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई और मुंबई में सोने की कीमत में 950 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है।

कीमत में हुए बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,45,870 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,46,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,33,710 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,33,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली



सर्राफा बाजार में आज भी 2,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,45,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,45,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,45,870 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,33,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

चंडीगढ़ में सहकारी फेडरेशनों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सैनी

# महिला स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा डेयरी क्षेत्र में बढ़ावा: नायब सिंह सैनी

## हरियाणा में 700 से ज्यादा वीटा बूथ खोलने की तैयारी

- साझा डेयरी योजना के तहत पंचायती जमीन पर बनेंगे पशु शैड
- महिला स्वयं सहायता समूहों को 10 रुपए प्रति लीटर प्रोत्साहन: मुख्यमंत्री
- दुग्ध उत्पादन एवं उत्पाद के लिए बजट की कोई कमी नहीं

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सहकारी समितियों के तहत पंजीकृत महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि साझा डेयरी योजना के अंतर्गत इन समूहों को पंचायती जमीन पर शेड उपलब्ध करवाए जाएंगे और पशुओं की खरीद के लिए ऋण सुविधा भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में सहकारी फेडरेशन, डेरीफेड, वीटा बूथ, हरहित स्टोर, लेबरफेड और हाउसफेड सहित विभिन्न सहकारी संस्थाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आय बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को 10 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ ही दुग्ध उत्पादन और दुग्ध उत्पादों के लिए पर्याप्त बजट सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने सर्दियों में 3 रुपये और गर्मियों में 5 रुपये प्रति लीटर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 2 रुपये बढ़ाकर क्रमशः 5 और 7 रुपये प्रति लीटर करने की घोषणा की। इसके अलावा, दुग्ध विपणन को बढ़ावा देने के लिए 3 रुपये प्रति लीटर की अतिरिक्त बढ़ोतरी भी की गई है, जिससे वीटा दूध को लाभ में लाया जा सके।

उन्होंने जानकारी दी कि राज्य की 800 सहकारी समितियों में से 710 का ऑनलाइन पंजीकरण हो चुका है और शेष को भी जल्द जोड़ा जाएगा। इस पहल से शेयर ट्रांसफर जैसी सेवाएं शुरू होंगी। मुख्यमंत्री ने सीएम पेक्स को एम पेक्स में बदलने का सुझाव दिया, जिससे सीएससी, कैटल फीड, बीज, खाद और कीटनाशक जैसी 33 प्रकार की सेवाएं शुरू की जा सकें। उनका मानना है कि सहकारी समितियों के माध्यम से हर घर को रोजगार मिल सकता है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### मुर्राह नस्ल की भैंस हरियाणा की पहचान

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि मुर्राह नस्ल की भैंस हरियाणा की पहचान है। दुग्ध उत्पादन को बढाने के लिए और ज्यादा सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए पेक्स में महिलाओं के समूहों को दूध की डेयरी शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 143 स्वयं सहायता समूहों ने दूध की बिक्री के लिए सहमति जताई है। जल्द ही सहकार से समृद्धि की ओर ले जाने के लिए इन समूहों के लिए शैड बनवाकर आधुनिक डेरी सुविधाएं सुलभ करवाकर कार्य शुरू करवाया जाएगा।

प्रदेश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए अब तक 674 वीटा बूथ खोले जा चुके हैं और जल्द ही 318 नए बूथ खोले जाएंगे, जबकि 240 बूथों की प्रक्रिया जारी है। वर्तमान में सहकारी समितियों के माध्यम से प्रतिदिन 5 लाख लीटर दूध की खरीद हो रही है। मुख्यमंत्री ने दुग्ध उत्पादों के विविधीकरण पर जोर देते हुए कहा कि जल्द ही आइसक्रीम उत्पादन भी शुरू किया जाएगा, जिससे सहकारी फेडरेशन को लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि बावल में 1.50 लाख लीटर क्षमता का दुग्ध प्लांट लगाया जा रहा है, जिसे चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 5 लाख लीटर किया जाएगा। इसके अलावा अंबाला में भी इसी क्षमता का प्लांट स्थापित किया जा रहा है। हर जिले में 5 से 10 हजार लीटर क्षमता के 21 मिल्क चिलिंग सेंटर खोलने की योजना है। साथ ही बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, पर्यटन स्थलों और अस्पतालों में वीटा बूथ स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने सहकारी चीनी मिलों के लिए पिराई का लक्ष्य 130 दिन और रिकवरी दर 10 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए ड्रिप सिंचाई को प्रोत्साहित करने की बात भी कही। इसके अलावा सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता लाने के लिए सभी लेनदेन ऑनलाइन करने और खरीदे गए संसाधनों की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए।

सरकारी योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए सख्त निर्देश

# मैनपावर की कमी के कारण सरकारी कार्यों में देरी स्वीकार्य नहीं: मुख्यमंत्री

- सभी विभागों को मानव संसाधन के बेहतर उपयोग के निर्देश
- समय पर कार्य पूरे न होने पर जिम्मेदारी तय होगी
- कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए तुरंत कार्रवाई के आदेश

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सरकारी योजनाओं, परियोजनाओं तथा अन्य विभागीय कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को उपलब्ध मानव संसाधन का सर्वोत्तम उपयोग करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में कुछ विभागों द्वारा कार्यों में देरी का कारण मैनपावर की कमी बताए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई थी। इसके बाद मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों तथा संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभाग मानव संसाधन से संबंधित समस्याओं का समय रहते समाधान सुनिश्चित करें ताकि सरकार की योजनाओं, विकास परियोजनाओं तथा अन्य सौंपे गए कार्यों के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

निर्देशों में सभी विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे अपने विभाग तथा अधीनस्थ कार्यालयों एवं संस्थानों में उपलब्ध मानव संसाधन की व्यक्तिगत स्तर पर समीक्षा करें और उसका सर्वोत्तम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें। जहां कहीं भी कर्मचारियों की कमी पाई जाए, वहां प्रचलित सरकारी नीतियों के अनुरूप उपलब्ध सभी विकल्पों का उपयोग करते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

इनमें कर्मचारियों की युक्तिसंगत पुनः तैनाती (रैशनल रिडेप्लॉयमेंट), अनुमोदित माध्यमों से आवश्यक कर्मियों की नियुक्ति तथा आवश्यकता अनुसार नियमित भर्ती की प्रक्रिया शामिल है।

मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी सरकारी कार्य, परियोजना अथवा विभागीय दायित्व के निष्पादन में देरी के लिए मैनपावर की कमी को कारण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग का दायित्व है कि वह अपनी मानव संसाधन आवश्यकताओं का समय रहते आकलन करे, उपलब्ध व्यवस्थाओं के माध्यम से पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करे तथा सभी सरकारी कार्यक्रमों और परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करे।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि मानव संसाधन संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कर्मचारियों की कमी के कारण किसी भी विकास कार्य, सरकारी योजना अथवा विभागीय जिम्मेदारी के निर्वहन में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

मुख्य सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता पर कार्रवाई करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

हरियाणा सरकार का बड़ा फैसला

# 30 लाख रुपये तक के इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद टैक्स फ्री

- ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार का बड़ा फैसला
- महंगे इलेक्ट्रिक वाहनों पर भी मिलेगी 50 प्रतिशत कर छूट

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देते हुए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में फैसला लिया गया कि राज्य में खरीदे और पंजीकृत किए गए 30 लाख रुपये तक के एक्स-शोरूम मूल्य वाले नए विशुद्ध इलेक्ट्रिक/बैटरी से चलने वाले दो पहिया, तीन पहिया (ऑटो/ई-रिक्शा) और चार पहिया वाहनों के पंजीकरण के समय मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत छूट को मंजूरी दे दी है। साथ ही 30 लाख रुपये से अधिक कीमत के इलेक्ट्रिक वाहनों पर 50 प्रतिशत की छूट को भी मंजूरी दी गई।

यह निर्णय इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए अधिक प्रोत्साहन प्रदान करने और पूरे राज्य में स्वच्छ व पर्यावरण-अनुकूल मोबिलिटी की दिशा में बदलाव को गति देने के लिए 2 मार्च, 2026 को प्रस्तुत हरियाणा बजट 2026-27 में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा को पूरा करता है। वर्तमान में, हरियाणा इलेक्ट्रिक/बैटरी चालित वाहनों और सीएनजी वाहनों के पंजीकरण पर एकमुश्त मोटर वाहन कर में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान करता है।

नवीनतम मंजूरी के साथ, पात्र इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मौजूदा छूट को बढ़ाकर 30 लाख रुपये तक के एक्स-शोरूम मूल्य वाले नए विशुद्ध इलेक्ट्रिक/बैटरी चालित दो पहिया, तीन पहिया (ऑटो/ई-रिक्शा) और चार पहिया वाहनों के नए पंजीकरण के लिए पूर्ण (100 प्रतिशत) छूट कर दिया गया है।

सीएनजी वाहनों के लिए एकमुश्त मोटर वाहन कर में मौजूदा 20 प्रतिशत की छूट बिना किसी बदलाव के जारी रहेगी। यह निर्णय हरियाणा मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत लिया गया है, जिसके तहत राज्य सरकार को हरियाणा में पंजीकृत और संचालित विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए मोटर वाहन कर की दरें निर्धारित करने का अधिकार प्राप्त है।

इस बढ़ी हुई कर छूट से इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक किफायती बनाकर राज्य में उनकी खरीद और पंजीकरण को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# हरियाणा में बनेगा लोकल ऑडिट एक्ट, 2026

- फाइनेंशियल जवाबदेही को मजबूत करने, स्वतन्त्र ऑडिट के लिए मजबूत लीगल सपोर्ट वाला एक्ट बनेगा

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई कैबिनेट मीटिंग में हरियाणा लोकल ऑडिट एक्ट, 2026 के ड्राफ्ट को मंजूरी दी गई। प्रस्तावित एक्ट का उद्देश्य राज्य में सभी लोकल अथॉरिटी और दूसरी अथॉरिटी बॉडी, इंस्टीट्यूशन और फंड के लिए एक प्रभावी और कुशल ऑडिट कानून बनाना है तथा इससे या इनसे जुड़े मामलों के लिए भी प्रावधान करना है।

कई राज्यों के लोकल ऑडिट डिपार्टमेंट (जिसे लोकल फंड डिपार्टमेंट भी कहा जाता है) के अपने अधिनियम और नियम हैं। जैसे, तमिलनाडु लोकल फंड ऑडिट एक्ट, 2014, तमिलनाडु लोकल फंड ऑडिट रूल्स, 2016, गुजरात लोकल फंड ऑडिट एक्ट, 1963, गुजरात लोकल फंड ऑडिट रूल्स, 1974, केरल लोकल फंड ऑडिट एक्ट, 1994 आदि।

भारत के दूसरे राज्यों के लोकल ऑडिट डिपार्टमेंट के एक्ट/रूल्स और लोकल फण्ड डिपार्टमेंट हरियाणा के कामकाज को देखते हुए सभी लोकल अथॉरिटी और दूसरी अथॉरिटीज, बॉडी या इंस्टीट्यूशन और उनसे जुड़े फंड और मामलों के लिए प्रभावी और कुशल ऑडिट सिस्टम बनाने के लिए विभाग को एक एक्ट तैयार करने की भी जरूरत है।

एक खास लोकल ऑडिट डिपार्टमेंट एक्ट बनाने का मुख्य उद्देश्य एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार करना है जो लोकल ऑडिट डिपार्टमेंट को लोकल बॉडी और दूसरे लोकल फंड वाली इंस्टीट्यूशन का स्वतन्त्र रूप और प्रभावी करने का अधिकार देता है।

ऑडिटर के सामने रिकॉर्ड पेश करने के लिए मजबूर करने या जवाबदेही तय करने हेतू मजबूत कानूनी शक्तियों की जरूरत है। लोकल अथॉरिटीज को यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानूनी सिस्टम बनाना है तकि ऑडिट पैरा का तय समय में जवाब दें सके।

यह अधिनियम लोकल ऑडिट के डायरेक्टर को वितिय गड़बड़ियों के लिए सीधे जिम्मेदार लोगों को सरचार्ज नोटिस जारी करने का कानूनी अधिकार देगा। यह एक्ट ऑडिट फ्रेमवर्क को लोकल पॉलिटिकल या एडमिनिस्ट्रेटिव दखल से बचाने के लिए कानूनी सपोर्ट देगा। यह राज्य विधानसभा को सालाना ऑडिट रिपोर्ट जमा करने के लिए कानूनी समय सीमा तय करता है, जिससे पारदर्शी सुनिश्चित होती है।

# हरियाणा का युवा जवाब चाहता है: सैलजा

- भर्ती में पारदर्शिता, समयबद्ध रोजगार और पेपर लीक पर जवाबदेही सुनिश्चित करे सरकार

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा का युवा आज अपने भविष्य को लेकर गहरी चिंता में है। सरकारी नौकरियों की लाखों रिक्तियां वर्षों से खाली पड़ी हैं, भर्ती प्रक्रियाएं लगातार विलंब का शिकार होती रही हैं और कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं पेपर लीक, गोपनीयता भंग या गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के कारण रद्द करनी पड़ीं। इससे लाखों युवाओं का समय, धन और भविष्य प्रभावित हुआ है। कुमारी सैलजा ने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री ने दिसंबर 2025 में हरियाणा विधानसभा में स्वीकार किया कि वर्ष 2014 से 2024-25 के बीच हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की भर्ती परीक्षाओं से जुड़े मामलों में 29 एफआईआर दर्ज हुईं। सरकार ने यह भी बताया कि असिस्टेंट लाइनमैन, ग्राम सचिव और पुरुष पुलिस कांस्टेबल जैसी प्रमुख भर्ती परीक्षाओं को रद्द कर दोबारा आयोजित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि लाखों युवाओं के टूटे हुए विश्वास की कहानी है। जब कोई परीक्षा रद्द होती है तो अभ्यर्थी को दोबारा तैयारी करनी पड़ती है, फिर से आवेदन करना पड़ता है, यात्रा और रहने का खर्च उठाना पड़ता है तथा मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। अनेक परिवार अपने बच्चों की तैयारी पर वर्षों की कमाई खर्च करते हैं। ऐसे में सरकार की पहली जिम्मेदारी पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को व्यापक रोजगार के अवसर देने और पारदर्शी भर्ती का वादा किया था, लेकिन आज भी विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में स्वीकृत पद रिक्त पड़े हैं। रिक्त पदों के कारण एक ओर सरकारी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं तो दूसरी ओर योग्य युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरना सरकार का संवैधानिक दायित्व है।

# कर्मचारियों की 2025-26 की जीपीएफ वार्षिक विवरणी ऑनलाइन जारी

- प्रधान महालेखाकार की वेबसाइट और डिजीलॉकर पर उपलब्ध हुई विवरणी

हरियाणा मेल ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के कर्मचारियों और हरियाणा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की वार्षिक विवरणी जारी कर दी गई है। प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय ने विवरणी अपनी आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ डिजीलॉकर पर भी उपलब्ध करा दी है। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार जीपीएफ अभिदाता प्रधान महालेखाकार (एंड ई) कार्यालय की वेबसाइट पर अपने सीरीज कोड, जीपीएफ खाता संख्या और कर्मचारी पिन/पासवर्ड के माध्यम से विवरणी डाउनलोड कर सकते हैं। कर्मचारियों की सुविधा के लिए यही विवरणी डिजीलॉकर पर भी उपलब्ध कराई गई है। प्रवक्ता ने बताया कि डिजीलॉकर के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 और उसके बाद की जीपीएफ वार्षिक विवरणियां भी डाउनलोड की जा सकती हैं। इससे कर्मचारियों को रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और जरूरत पड़ने पर आसानी से उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। यदि किसी कर्मचारी को विवरणी डाउनलोड करने या जीपीएफ से संबंधित किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो कार्यालयीन समय में हेल्पलाइन नंबर 0172-3503960 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कॉलेजों में पीजी के दाखिलों का नया कार्यक्रम जारी

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा में स्नातकोत्तर (पीजी) प्रथम वर्ष के दाखिलों को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने संशोधित प्रवेश कार्यक्रम जारी कर दिया है। नए शेड्यूल के तहत अब मेरिट सूची, फीस जमा करने और फिजिकल काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से अगस्त माह में पूरी होगी। विभाग ने सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों को संशोधित कार्यक्रम का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। नए कार्यक्रम का उद्देश्य दस्तावेज सत्यापन, आपत्तियों के निस्तारण और खाली सीटों पर पारदर्शी तरीके से प्रवेश सुनिश्चित करना है।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण 7 अगस्त तक और आवेदन में संशोधन 8 अगस्त तक किया जा सकेगा। कॉलेज 9 अगस्त तक दस्तावेजों का सत्यापन और आपत्तियों का निस्तारण करेंगे। इसके बाद 10 अगस्त को पहली प्रोविजनल मेरिट सूची तथा 11 अगस्त को फाइनल मेरिट सूची जारी होगी। प्रथम चरण के चयनित अभ्यर्थियों को 12 से 14 अगस्त तक फीस जमा करनी होगी। इसके बाद बची हुई सीटों के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। 15 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी ताकि रिक्त सीटों को शीघ्र भरा जा सके।

जो विद्यार्थी पहली प्रक्रिया में आवेदन नहीं कर सके, उन्हें एक और अवसर दिया गया है। 16 अगस्त को ऑनलाइन पोर्टल दोबारा खोला जाएगा, जहां 100 लेट फीस के साथ नया पंजीकरण और आवेदन में संशोधन किया जा सकेगा। इसके बाद 17 से 23 अगस्त तक बची सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग होगी। यदि इसके बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं तो 24 से 30 अगस्त तक प्रतिदिन अतिरिक्त लेट फीस के साथ प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी।

महानिदेशक उच्च शिक्षा कार्यालय, पंचकूला की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि संशोधित कार्यक्रम राज्य के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त तथा सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में समान रूप से लागू होगा, ताकि पूरे प्रदेश में प्रवेश प्रक्रिया एकरूप और समयबद्ध तरीके से पूरी हो सके।

# राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव मीना कंबोज ने संभाला पदभार

हरियाणा मेल, एजेंसी



**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की नवनियुक्त मानद महासचिव मीना कंबोज ने मंगलवार को पंचकूला स्थित परिषद के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण समारोह में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी सहित विभिन्न बोर्डों एवं संस्थाओं के चेयरमैन, जनप्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने मीना कंबोज को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान मीना कंबोज ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य किया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक बच्चों तक परिषद की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ परिषद के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगी।

# पंजाब यूनिवर्सिटी: करंट लगने से स्कॉलर युवती की मौत

- जलभराव से बचने के लिए कच्चे रास्ते से जा रही थी ज्योति, विद्युत जंक्शन बॉक्स से करंट फैलने की आशंका

हरियाणा मेल, एजेंसी



**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी के सेक्टर-25 स्थित दक्षिणी परिसर में मंगलवार सुबह भारी बारिश के बीच करंट लगने से एक स्कॉलर की मौत हो गई। वहां मौजूद लोगों ने उसे तुरंत उठाकर चंडीगढ़ के सेक्टर-16 स्थित सरकारी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतका के परिवार को दे दी गई है। ज्योति की मां और भाई रेवाड़ी से चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं।

हरियाणा के रेवाड़ी की रहने वाली 27 वर्षीय ज्योति पंजाब यूनिवर्सिटी के जैव प्रौद्योगिकी विभाग से पीएचडी कर रही थी। वह गर्ल्स हॉस्टल नंबर-10 से अपने विभाग की ओर जा रही थी। परिसर में बारिश के कारण कई स्थानों पर पानी भरा हुआ था। जलभराव से बचने के लिए उसने कच्चे रास्ते से जाने का प्रयास किया। इसी दौरान वह अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गई। पास में लगे विद्युत जंक्शन बॉक्स से करंट फैलने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, करंट किस कारण फैला और इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है, इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

भारी बारिश के बीच हुई इस घटना ने विश्वविद्यालय परिसर में बिजली और जल निकासी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जलभराव के कारण छात्र-छात्राओं को परिसर के भीतर आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में ज्योति ने पानी से बचने के लिए वैकल्पिक रास्ता चुना, लेकिन वही रास्ता उसके लिए जानलेवा साबित हुआ।

पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान विद्युत जंक्शन बॉक्स, आसपास की बिजली की तारों और बारिश के पानी में करंट फैलने के संभावित कारणों की पड़ताल की जाएगी। प्रशासन यह भी जांच करेगा कि परिसर में बिजली से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था में किसी स्तर पर लापरवाही तो नहीं बरती गई।

स्कॉलर की मौत के बाद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों में शोक का माहौल है। विद्यार्थियों ने परिसर में जल निकासी और विद्युत सुरक्षा व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो।

# तीन शहीदों के आश्रितों को ग्रुप-सी पदों पर अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में शहीद जवानों के परिवारों के हित में अहम फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल ने अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने की नीति में समय-सीमा से संबंधित प्रावधानों में विशेष छूट देने को मंजूरी दी। यह निर्णय खासतौर पर उन मामलों को ध्यान में रखते हुए लिया गया, जिनमें शहीद जवानों के बच्चे उस समय नाबालिग थे।

राज्य सरकार की 30 मई 2014 की अनुकंपा नियुक्ति नीति और उसके बाद किए गए संशोधनों के अनुसार, शहीद सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के आश्रितों को उनकी पात्रता के आधार पर ग्रुप-बी, सी या डी पदों पर नौकरी दी जाती है।

मंत्रिमंडल ने तीन ऐसे मामलों में छूट दी, जहां आश्रितों ने बालिग होने के बाद आवेदन किया, लेकिन समय-सीमा के कारण उनकी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी।

इस निर्णय से करनाल के हर्ष, भिवानी की खुशबू और योगेश को लाभ मिलेगा। तीनों अब ग्रुप-सी पदों पर नियुक्ति के पात्र माने जाएंगे। यह फैसला शहीद परिवारों के सम्मान और उनके पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह निर्णय सरकार की संवेदनशीलता और शहीद परिवारों के प्रति सम्मान को भी दर्शाता है।

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक **ऋषि नारायण आचार्य** द्वारा स्वत्वाधिकारी शिवा पब्लिकेशन के लिए मैसर्स आर डी प्रिन्टर्स एंड पब्लिशर्स प्रा. लि., बी-48, सेक्टर-8, नोएडा गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) 201301 से मुद्रित तथा सी-2589, सुशांत लोक-1, चकरपुर गुरुग्राम हरियाणा 122001 से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालय: द्वितीय तल आपका सिटी प्लाजा, सिविल लाईन रोड गुड़गांव। RNI No. HARHIN/2012/47672, फोन. 9990909797, Email: haryanamail.info@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गुरुग्राम न्यायालय होगा।